# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-07-2022

# फर्जी भूस्वामी खड़ा कर बेच दी दूसरे की भूमि

**एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने दर्ज किया केस**

चिलुआताल (एसएनबी)। थाना क्षेत्र में सक्रिय कुछ जालसाज किस्म के प्रापर्टी डीलरों द्वारा फर्जी भू स्वामी को खड़ा कर एक दूसरे व्यक्ति की भूमि वेच दी गयी है। इस वात की जानकारी भू स्वामी को होने के वाद उसने स्थानीय पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगायी। पुलिस ने जालसाज प्रापर्टी डीलरों और सहयोगियों के विरूद्ध कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने एसएसपी से मिलकर घटना की जानकारी दी। एसएसपी की फटकार के वाद पुलिस ने आरोपितों के विरूद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मकान संख्या 40/41 विकासनगर वरगदवा थाना चिलुवाताल निवासी कृष्ण प्रसाद मिश्रा पुत्र प्रयाग मिश्रा ने एसएसपी को शिकायती पत्र सौंपा कि छः माह पूर्व नागेन्द्र यादव पुत्र ओमप्रकाश यादव निवासी गोनरपुरा व एके सिंह मेरे पास आए। दोनो ने कहा कि ताल जहदा में आप के जमीन के वगल में डेढ़ एकड़ जमीन खेती योग्य व पांच डिसमिल जमीन कामर्शियल विक रही है। जव हमने जमीन के वारे में जानकारी करनी चाही तो उपरोक्त लोगो ने रामरतन, रामजतन, रामसजन के नाम का भूमि का कागज दिखाया। सौदा तय होने पर मैने 15 लाख खाताधारक के खाते में व 16 लाख वैंक से निकाल नगद व नेटवैंकिंग के माध्यम से दिया। वाद में पता चला कि जमीन उनकी है ही नहीं जिसने विक्री की है। जानकारी होने पर जव हम पैसा वापस मागने लगे तो उपरोक्तआरोपी जानमाल की धमकी देने लगे। चिलुवाताल पुलिस को तहरीर दी लेकिन पुलिस आरोपित जालसाजों के विरूद्ध कार्रवाई नहीं कर रही है। एसएसपी डा. विपिन टाडा की फटकार और तहरीर के आदेश पर चिलुवाताल पुलिस ने आरोतिप नागेन्द्र यादव, एके सिंह, रामरतन, रामजतन, रामसजन के खिलाफ धारा 406, 419, 420, 467, 468, 471, 504, 506 के तहत मुकदमा कायम कर जांच कर रही है।

# डीसीओ, डीईओ, एक्सईएन सहित 15 अफसरों का वेतन रुका

गोरखपुर (एसएनबी)। सदर तहसील में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुये जिलाधिकरी कृष्णा करूणेश ने कहा कि सभी अधिकारी समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तायुक्त व समयवद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें।

इस दौरान समाधान दिवस में अनुपस्थित रहने पर 15 अधिकारियों का एक दिन का वेतन वाधित करने के साथ ही स्पष्टीकरण लेने का निर्देश दिया। जिसमे एसएचओ राम्मगढ़ताल, जिला गन्ना अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय, जिला सेवायोजन अधिकारी, प्रदूषण नियन्त्रण अधिकारी,श्रम अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी पिपराईच,स्वास्थ्य अधिकारी आदि शामिल है।



तहसील सभागार में फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण करते डीएम कृष्णा करुणेश व एसएसपी डॉ.विपिन टाडा। फोटो : एसएनबी

सदर तहसील में डीएम के समक्ष आए 290 मामले

डीएम ने पूर्व में निस्तारित दस मामलों के भी गुणवत्ता जांच के निर्देश दिये

इसके साथ ही जिलाधिकारी ने विगत समाधान दिवस में आये शिकायतो में से 10 शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जांच किया जिसमे तहसीलदार सदर को शिकायतों का पुनः गुणवत्तापरक निस्तारण करने एवं सम्वधित का स्पष्टीकरण लेने का निर्देश भी दिया। समाधान दिवस में कुल 290 मामले आये जिसमें 8 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर विभिन्न अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डॉ.गौरव ग्रोवर गोरखपुर के नये एसएसपी

गोरखपुर (एसएनबी)। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा का शनिवार को तवादला हो गया। उन्हें सहारनपुर का एसएसपी वनाया गया है। वहीं मथुरा के एसएसपी को डा. गौरव ग्रोवर को गोरखपुर का कप्तान वनाया गया है। वह गोरखपुर के 61वें एसएसपी होंगे। हालांकि 2009 से 2012 के वीच के समय यहा एसएसपी नहीं डीआईजी की तैनाती होती थी। 2012 के वाद से यह 21वें कप्तान होंगे। रविवार को वह गोरखपुर में कार्यभार ग्रहण करेंगे।

श्री ग्रोवर मूल रूप से पंजाव के हैं रहने वाले

ढाई साल मथुरा के रहे एसएसपी

बहराइच जिले के रह चुके है कप्तान

एसएसपी डॉ.विपिन ताड़ा का सहारनपुर तबादला

नवागत एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर भटिंडा, पंजाव के रहने वाले हैं। वह वतौर एसएसपी मथुरा में करीव ढाई साल तक रहे। इस दौरान दो साल का कोरोना काल भी रहा। आईपीएस वनने से पहले वह पंजाव में एमवीवीएस चिकित्सक थे। एसएसपी गौरव ग्रोवर को जिस समय मथुरा भेजा गया था उस समय मथुरा पुलिस पर एक डक्टर के अपहरण के मामले में वदमाशों से फिरौती को हड़पने का आरोप लगा था।

**2013 बैच के आईपीएस हैं गौरव ग्रोवर :** नवागत एसएसपी डा गौरव ग्रोवर 2013 वैच के आईपीएस हैं। 21 फरवरी 2020 को वह मथुरा में एसएसपी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया था। उनकी जन्मतिथि 25 जून 1986 है। उन्होंने मेडिसिन, सर्जरी से एमवीवीएस किया है। नवागत एसएसपी डा गौरव ग्रोवर की कार्यशैली को लेकर हमेशा चर्चा में वने रहते है। वह क्राइम पर लगाम और शिकायतों को थाने स्तर से त्वरित और प्रभावी निस्तारण कराना ही उनकी प्राथमिकता रहती । वह मथुरा से पहले वहराइच जिले के एसपी रह चुके हैं। वतौर कप्तान गोरखपुर उनकी तीसरी पोस्टिंग होगी।



# गौरव ग्रोवर गोरखपुर के नये एसएसपी



## 21 आईपीएस बदले

### 14 जिलों के कप्तान इधर से उधर

■ लखनऊ (एसएनबी)। सूबे की कानून व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाली योगी सरकार ने शनिवार को 21 आईपीएस अधिकारियों को तबादला कर दिया है। इनमें गोरखपुर, मथुरा, गोण्डा, अयोध्या समेत 14 जिलों के कप्तान बदल दिये हैं। इन जिलों में नये पुलिस अधीक्षकों की तैनाती की गयी है। इनमें प्रयागराज, मथुरा, कन्नौज, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, प्रयागराज के साथ-साथ गाजीपुर, बिजनौर, मिर्जापुर, कासगंज और अमेठी है।

गृह विभाग के मुताबिक एसएसपी अयोध्या शैलेश कुमार पांडे को इसी पद पर प्रयागराज भेजा गया है। प्रयागराज के एसएसपी अजय कुमार को एसपी सीबीसीआईडी लखनऊ, कासगंज के एसपी रोहन बोत्रे को इसी पद पर गाजीपुर में तैनाती दी गयी है तो कन्नौज के एसपी प्रशांत वर्मा को एसएसपी अयोध्या के पद पर तैनाती दी गयी है। गाजियाबाद में 11वीं पीएसी के सेनानायक राजेश कुमार श्रीवास्तव को एसपी कन्नौज, गाजीपुर के एसपी राम बदन सिंह को नोएडा कमिस्नरेट में पुलिस उपायुक्त, सहारनपुर के एसएससी आकाश तोमर को गोण्डा का एसपी बनाया गया है। गोरखपुर के एसएसपी विपिन टाडा को इसी पद पर सहारनपुर में तैनाती दी गयी है। मथुरा के एसएसपी गौरव ग्रोवर गोरखपुर के एसएसपी, मुजफ्फरनगर के एसएसपी अभिषेक यादव को मथुरा का एसएसपी, अमरोहा के एसपी विनीत जायसवाल को मुजफ्फरनगर का एसएसपी बनाया गया है।

इसी तरह अमेठी के एसपी दिनेश सिंह को इसी पद पर बिजनौर, गौतमबुद्धनगर में अपर पुलिस उपायुक्त से इलामारन जी को अमेठी का एसपी पद पर भेजा गया है। गोण्डा के एसपी संतोष कुमार मिश्र मिर्जापुर, कानपुर कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त बीबी जीडीएस मूर्ति को कासगंज का एसपी, आदित्य लांग्हे वाराणसी कमिश्नरेट से अमरोहा के एसपी बनाए गए है।मिर्जापुर के एसपी/डीआईजी अजय कुमार सिंह वाराणसी में पीएसी के सेक्टर डीआईजी होंगे।

बिजनौर के एसपी धर्मवीर को पीएसी मेरठ में सेनानायक पद पर स्थानांतरित किया गया है। कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में तैनात एसपी संजीव त्यागी को अयोध्या में इंटेलिजेंस का एसपी बनाया गया है। डा. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद में तैनात एसपी विजय ढुल को कानपुर कमिश्नरेट में डीसीपी के पद पर तैनाती दी गई है। सीबीसीआईडी लखनऊ में एसपी राहुल राज को लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में डीसीपी बनाया गया है।

# जनता दरबार में पहुंची पीड़ित महिला, की फरियाद

गोरखपुर (एसएनबी)। पति गायव हो गया और उसका अभी तक कुछ पता नहीं चल सका। इधर कुछ लोगों ने उसका फर्जी मृत्यु प्रमाणप्पत्र वनवा लिया और जमीन वैनामा करा ली। इसको लेकर महिला दरन्दर भटक रही है। वह जनता दरवार में भी पहुंची और सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्रक दी।

महराजगंज जनपद के महदेवा वुजुर्ग निरालानगर कालोनी की रहने वाली मुधना देवी ने पत्रक में लिखा है कि उसके पति शिवमूरत 17 अप्रैल 2016 से लापता है। काफी खोजवीन की गयी लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। इधर पता चल रहा है कि उसके पति को गायव कराने में झंगहा और कैम्पियरगंज के दो लोगों का हाथ है। महिला ने लिखा है कि मेरी वेटी अनिता पत्नी सुधीर के नाम से फर्जी मुख्तारनामा तहरीर करा लिया गया और फिर उसी के आधार पर अपने पक्ष में 74 डिस्मिल जमीन वैनामा करा लिया गया। यही नहीं हमारे पति के नाम का मृत्यु प्रमाणप्पत्र भी कैंट थाना के कूड़ाघाट के पते पर वनवा लिया गया। इसको लेकर पुलिसप्रशासन के जिम्मेदारों को कई वार प्रार्थनाप्पत्र दिया गया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। यही नहीं हमारे पति के नाम की जमीन पर प्लाटिंग कर उसे वेचा भी जा रहा है। यहां यह भी वता दें कि महिला ने पत्रक में यह भी लिखा है कि अगर इस मामले में दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही नहीं की गयी तो वह डीएम महराजगंज कार्यालय के समक्ष आत्मदाह कर लेगी।

फर्जी मृत्यु प्रमाण-पत्र लगवाकर जमीन बैनामा कराने का मामला

# 314 शिकायतों में महज 6 का निपटारा

खजनी (एसएनबी)। शासन द्वारा जनसमस्याओं के निराकरण हेतु दिये गये कड़े निर्देश पर स्थानीय कर्मियों की मनमानी भारी पड़ रही है जिस कारण एक ही शिकायत को लेकर फरियादी वार वार समाधान दिवस पर शिकायत दर्ज करा रहे है और उसका निस्तारण विना मौके पर गये ही कर दिया जा रहा है। इसलिए सम्पूर्ण समाधान दिवस खजनी पर फरियादियों की लम्बी लाईन देखी गयी और कुल 134 लोगो ने अपनी अपनी शिकायते दर्ज कराया मौके पर मात्र चार का ही निराकरण हो पाया सम्पूर्ण समाधान दिवस खजनी की अध्यक्षता तहसीलदार खजनी प्रद्युम्न कुमार पटेल ने करते हुए सुनवाई की।

समाधान दिवस पर लम्बी लाइन फरियादियों की काफी देर तक लगी रही तथा कुछ शिकायतकर्ता ऐसे भी रहे लगातार कई वार से शिकायत दर्ज करा रहे है। उनका कहना है कि न तो समस्या का समाधान हुआ और न ही कोई सूचना ही हमे दी गयी तिवारीपुर के एक शिकायतकर्ता ने तहसीलदार के समक्ष अपनी शिकायत देते हुए कहा कि चारागाह की जमीन पर अवैध कब्जा की शिकायत लगभग सैकड़ो वार कर चुका हूँ लेकिन अवतक अवैध कब्जा नही हटा जिसको गम्भीरता से लेते हुए तहसीलदार ने राजस्व निरीक्षक को निस्तारण करने हेतु दिया। छपिया गाँव मे चकमार्ग पर अवैध कब्जा की शिकायत की गयी तो वही सुर्रैना के राजेश ने अपने गाँव चकमार्ग सं० 585पर पक्की दिवाल चलाने की शिकायत दर्ज कराया।

समाधान दिवस पर ही सिस्वा की ममता देवी ने शिकायत दर्ज कराया कि उनकी बैनामाशुदा जमीन का सीमांकन होने के वाद भी उनके निर्माण कार्य मे गाँव के तीन लोग जवरन वाधा उत्पन्न कर रहेहैं। विशुनपुरा निवासी कुसुम देवी ने शिकायत दर्ज कराया कि उनके ससुर द्वारा उनको घर से निकाला जा रहाहै तथा एक भाई जो होमगार्ड है वह ससुर के साथ मेरे हिस्से मे जवरन कब्जा कर रहा है पुलिस कोई कार्यवाही नही कर रही है। शहावुद्दीन ने अपने गाँव मे निकलने के लिए रास्ता न होने की शिकायत दर्ज कराया इसी तरह से सवसे अधिक राजस्व, पुलिस व आपूर्ति,विकास ,वाल विकास विभाग से सम्बन्धित शिकायते आयी। कुल 134 शिकायते दर्ज की गयी मौके पर महज चार का निराकरण हो पाया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी खजनी ,खण्ड विकास अधिकारी खजनी सहित तमाम विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे। ने तहसील दिवस में अधिकारियों की उपस्थिति रजिस्टर की जांच कर सभी के बारे में विस्तृत जानकारी ली। तहसील दिवस में अनुपस्थि पाए गए कर्मचारियों का एक दिन का वेतन बाधित करने का निर्देश देते हुए, कारण वताओ नोटिस जारी किया।





बांसगांव में फरियाद सुनते एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्त व खजनी में तहसीलदार प्रद्युम्न कुमार पटेल।

## दो का निस्तारण, शेष के शीघ्र निस्तारण का निर्देश

फुटहवा ईनार (एसएनबी)। चौरी चौरा तहसील में अयोजित तहसील दिवस की अध्यक्षता कर रहे उपजिलाधिकारी चौरी चौरा रजत वर्मा के समक्ष कुल 134 मामले आए, मौके से मात्र 2 मामलो का ही निस्तारण हो सका। एसडीएम ने शेष मामलो की जांच कर जल्द से जल्द निस्तारण करने का आदेश दिया। एसडीएम

## बांसगांव में एक का भी निस्तारण नहीं

बांसगांव। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर बांसगांव तहसील मुख्यालय पर संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता द्वारा किया गया एडीएम प्रशासन के समक्ष बांसगांव तहसील क्षेत्र के कुल 76 मामले आए उन मामलों में एक भी मामलों का निस्तारण नहीं हो सका उन 76 मामलों में ज्यादा मामले भूमि से अतिक्रमण से संबंधित तथा पुलिस से सम्बंधित रहाअतिक्रमण से सम्बंधित मामलों को संबंधित विभाग के कर्मचारियों को विस्तृत जांच कर निस्तारित करने के लिए आदेशित किया गया। इस मौके पर एसडीएम बांसगांव दिग्विजय सिंह तहसीलदार बांसगांव संदीप त्रिपाठी एस ओ बेलीपार प्रांजल , राजस्व निरीक्षक शलभ मणि लेखपाल विवेक कुमार रानू भोला सिंह राहुल सिंह सप्लाई इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह खंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर चौरसिया एडीएजी जवाहर प्रसाद समेत समस्त विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# पैसा लिया तो खैर नहीं जेल भी जा सकते हैं

गोरखपुर (एसएनबी)। पासपोर्ट बेरीफिकेशन के नाम पर थाने पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा पैसा लेने का मामला डीजीपी तक पहुंचा है। इस मामले में डीजीपी ने साफ तौर पर पुलिस अफसरों को अगाह किया है कि गोपनीय जांच कराकर पैसा लेने वालों को जेल भेजा जाए। पुलिस अफसर अपने स्तर से जांच शुरू कर दी है। यह माना जा रहा है कि बहुत जल्द ही पैसा लेने की शिकायत मिलते ही पुलिसकर्मियों को जेल जाना तय है। थानों पर तैनात उर्दू अनुवादको को थानेदार अपना कारखास बना लिये है। उनके जरिये भी थाने पर खेल चल रहा है।

जानकारों के मुताबिक हाल के दिनों में डीजीपी ने बड़े अफसरों को जानकारी दी है कि जिले में पासपोर्ट बेरीफेकेशन के नाम पर धन उगाही का खेल चल रहा है। पासपोर्ट जांच के नाम पर पैसा लेने वाले पुलिसकमियों को चिह्ति कर उनके खिलाफ भ्रष्ट्राचार का केस दर्ज कर जेल भेजा जाए। पुलिस अफसरों को यह भी हिदायत दी गयी कि रिश्वत लेने वालों की जांच गोपनीय रखी जाए। पुलिस अफसरों ने पासपोर्ट जांच के नाम पर पैसा लेने की जांच जमीनी स्तर पर शुरू कर दी है। जिस व्यक्ति का पासपोर्ट की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है उस आवेदक से फोन के जरिये यह जानकारी ली जा रह है कि थाने पर जांच रिपोर्ट लगाने के नाम पर पैसे की डिमांड नहीं हुई यदि हुई तो कितने पैसे की डिमांड की गई। फोन आने के बाद आवेदक फिलहाल हलकान है कि अचानक आजकल विभाग में क्या हो गया है। क्यों की बिना पैसा लिए जांच रिपोर्ट लगता ही नहीं है,आज पैसे के बारे में पूछताछ की जा रही है। यह प्रक्रिया हर जिले में तेजी से शुरू हो गयी है।

## पासपोर्ट वेरीफिकेशन

- थाने पर तैनात जांच मुंशी पर तलवार लटकी
- डीजीपी ने अफसरों को किया आगाह
- थानेदारों ने जांच मुंशी को कर दिया है सतर्क, अब लोग पूछ रहे अचानक क्या हो गया?

पुलिस विभाग में चर्चा है कि हर थाने पर उर्दू अनुवादकों की तैनाती की गयी है। इस तैनाती के पीछे कई वजह है कि वह मुस्लिम समुदाय के लोगों के शिकायती पत्रों को आवलोकन कर थानेदार को अवगत कराएंगे और उनकी मदद करेंगे। लेकिन किसी भी थाने पर ऐसा दिखायी नहीं देता है, बल्कि अधिकांश अनुवादक थानेदार के करीबी बनाकर नौकरी कर रहे है। यहीं नहीं अधिकांश अनुवादक उसी जिले के रहने वाले है। लिहाजा स्थानीय स्तर पर उनकी जान पहचान व पकड़ की वजह से थानेदार उन्ही के जरिये पासपोर्ट जांच की जिम्मेदारी सौंप दी है। उसके पीछे थानेदार की चालाकी है। यदि जेव गरम का मामला अफसरों तक पहुंचा तो मुंशी के खिलाफ एक्शन होगा और वह वेदाग सावित हो जाएंगे।

डीजीपी के आदेश पर जांच कराने की बात सामने आयी तो तो इस वात की जानकारी थानेदारों ने जांच मुंशी को बुलाकर बता दिये है कि नौकरी बचाने के लिए पैसे का डिमांड नहीं करना है। इसलिए अभी तक पासपोर्ट जांच के नाम पर पैसा लेने का मामला सामने नहीं आया हैं।



नगर निगम में महापौर सीताराम जायसवाल व नगर आयुक्त अविनाश सिंह के साथ अन्य अधिकारियों को सम्मानित करते एडीजी अखिल कुमार व डीआईजी जे रविन्द्र गौड़ व अन्य। फोटो : एसएनबी।

# वर्चुअल मीटिंग में बूथ सशक्तिकरण अभियान पर जोर

गोरखपुर (एसएनबी)। बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने शनिवार को वर्चुअल मीटिंग की। इसमें क्षेत्रीय अभियान टोली के पदाधिकारी, सभी जिलाध्यक्ष, जिला अभियान प्रमुख, क्षेत्र और जिला के आईटी संयोजक शामिल हुए। संचालन क्षेत्रीय महामंत्री सहजानंद राय ने किया। इस अभियान से जुड़े सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 2022 में विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक सफलता के वाद संगठन की नजर अव 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव पर है। चुनाव विधानसभा की हो या लोकसभा का, निर्णायक लड़ाई वूथ पर ही होती है। इसलिए पार्टी का फोकस कमजोर वूथों पर हैं। ऐसे वूथों को हम सभी मजवूत वनाकर 2024 की लड़ाई को आसान वना सकते हैं। उन्होंने 2024 में भी केंद्र में भाजपा की सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वनना देश की मजवूती के लिए जरूरी वताया। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने वूथ सशक्तिकरण अभियान की प्रगति की जिलेवार समीक्षा भी की।

## आजमगढ़ का परिणाम जातिवाद व परिवारवाद पर चोट : डॉ. धर्मेंद्र

आजमगढ़ लोकसभा सीट पर उप चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के मद्देनजर गोरखपुर की जिला टीम ने क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह का जोरदार स्वागत किया। रानीडीहा, सिक्टौर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पर आयोजित इस स्वागत कार्यक्रम में राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व की भी सराहना की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह के साथ जिले के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय अध्यक्ष को माला, पटका पहनाया और जीत की शुभकामनाएं दीं।

> संगठन की नजर अब 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव पर है : डॉ. धर्मेन्द्र

इस अवसर पर अपने संवोधन में क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आजमगढ़ लोकसभा उप चुनाव में भाजपा की जीत ऐतिहासिक है। यह परिणाम जातिवाद और परिवाद की प्रवृत्तियों पर चोट है। वहीं आजमगढ़ की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विकासपरक और गरीव कल्याण की नीति पर मुहर लगाने का कार्य किया है।

कहा कि आजमगढ़ में भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव निरहुआ की जीत का श्रेय किसी एक व्यक्ति को नहीं दिया जा सकता है। यह जीत संगठन में समन्वय और भाजपा के एक एक कार्यकर्ता के परिश्रम से मिली है। आजमगढ़ के भाजपा कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि वहां की टीम ने एकजुटता का नमूना पेश किया है।

जिला उपाध्यक्ष छोटे लाल मौर्या, मनोज शुक्ल, हरिकेश राम त्रिपाठी, जगदीश चौरसिया चंद्रवाला श्रीवास्तव, संजय सिंह, शेषमणि त्रिपाठी, जिला महामंत्री आरडी सिंह, राजाराम कनौजिया, सवल सिंह पालीवाल, व्रह्मानंद शुक्ल, जिला मंत्री स्वतंत्र सिंह, मंजू सिंह सदानंद शर्मा, जिला कार्यालय प्रभारी जनार्दन श्रीवास्तव, आईटी प्रमुख इंद्र कुमार निगम नीरज दुवे दुर्गेश, सोशल मीडिया सूरज निगम आदि ने भी क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया।

# सीएम से मिल पीड़ित छात्रा ने की अभियुक्तों के गिरफ्तारी की मांग

गोरखपुर (एसएनबी)। गोरखनाथ क्षेत्र के राजेन्द्रनगर पश्चिमी चित्रगुप्तनगर की रहने वाली एक छात्रा जनता दरवार में पहुंची और सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्रक सौंपा। यह भी मांग की कि तीन माह वीत चुके लेकिन अभी तक अभियुक्तों की गिरफ्तारी गोरखनाथ पुलिस नहीं कर सकी। धमकी मिल रही है। क्या मेरी या मेरे परिजनों की हत्या का पुलिस इंतजार कर रही है। पत्रक में पीड़ित छात्रा ने लिखा है कि 25 मार्च की शाम उसकी दुकान पर तीन युवक पहुंचे। उसके संग दुर्व्यवहार किया और दुराचार का प्रयास किया। गले की चेन छीन ली। शोर सुनकर मातापिता पहुंचे तो युवकों ने पिता को लहूलुहान कर दिया था। इस मामले में समय से तहरीर देने के वावजूद पुलिस ने विलंव से मुकदमा दर्ज किया। कलमवंद वयान भी न्यायालय में हो गया। रोशन पुत्र देवीलाल ग्राम रामपुर नयागांव और उसके संग दो अन्य लोगों के वारे में छात्रा ने वताया। इसके वाद तमाम पुलिस अधिकारियों को पत्र दिया गया लेकिन अभियुक्तों की अभी तक गोरखनाथ पुलिस ने गिरफ्तारी नहीं की। तीन माह वीत चुका है।

> जानमाल की अभियुक्तों की ओर से दी जा रही है धमकी
>
> गोरखनाथ पुलिस को क्या मेरी या मेरे माता-पिता की हत्या का इंतजार है

छात्रा ने लिखा है कि आपके शासनकाल में ऐसा हो रहा है जो ठीक नहीं है। जानमाल की धमकी दुकान पर चढ़कर दी जा रही है। अभियुक्त खुलेआम घूम रहे हैं और मुकदमा वापसी को लेकर दवाव वनाया जा रहा है। क्या पुलिस को किसी वड़ी घटना का इंतजार है।

# रहस्यमय हालात में नवविवाहिता की मौत, दहेज हत्या का केस

रुद्रपुर (एसएनबी)। गगहा थाना क्षेत्र के करवल मझगांवा निवासी दीपक सैनी की नव व्याहता पत्नी की 20 वर्षीय नंदिनी की रहस्यमय हालात में मौत गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दी।

मझगांवा निवासी दीपक पुत्र सुग्गा माली की शादी गत 03 मई, 2022 को नंदिनी पुत्री राम प्रताप के साथ हुई थी। मृतका के ससुराल वालों का कहना है कि शुक्रवार की रात नंदिनी के पेट में दर्द होने पर इलाज के लिए गगहा स्वास्थ्य केंद्र पर ले गये। सुधार न होने पर परिजन बड़हलगंज ले जा रहे थे जहां शनिवार की भोर में ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर नंदिनी के मातापिता गगहा थाने पर पहुंच गए। पिता रामप्रताप सैनी निवासी माल्हनपार कस्वा थाना वासगांव ने आरोप लगाया है कि पुत्री की ससुराल वाले दहेज में टैंपो की मांग की थी। इसी वात को लेकर पुत्री के साथ ससुराल वाले आये दिन मारपीट करते थे।

**पुलिस ने चारों अभियुक्तों को किया गिरफ्तार**

गगहा पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर ससुर सुग्गा सैनी, सास राजमती, पति दीपक और देवर विशाल के विरूद्ध आईपीसी की धारा 498ए, 304, 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में थाना प्रभारी विनोद अग्निहोत्री का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चलेगी।

**सख्ती** दो दिन पहले पुलिस को देख भाग गया था लवकुश

# घर पर बुलडोजर देख थाने पहुंचा कुसम्ही गैंगरेप का आरोपित

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (2 July): खोराबार के कुसम्ही में 9वीं की स्टूडेंट के साथ गैंगरेप करने वाले पांचवें आरोपी के घर शनिवार को पुलिस बुलडोजर लेकर पहुंची. बुलडोजर की दहशत में आकर पांचवें आरोपी ने शनिवार की दोपहर कोर्ट में सरेंडर कर दिया. इस मामले को लेकर पुलिस की काफी किरकिरी हो रही थी. तीन दिन से पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही थी. लेकिन पुलिस टीम को कामयाबी नहीं मिल रही थी. एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने थानेदार को बुलडोजर लेकर घर जाने के लिए कहा तब जाकर आरोपी प्रेशर में आकर सरेंडर करने पहुंचा.

## पुलिस को देखकर भाग गया था लवकुश

गैंगरेप व पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज होने के बाद जंगल सिकरी गांव का रहने वाला लवकुश पासवान घर छोड़कर फरार हो गया था. गैंगरेप में शामिल रहे तीन साथियों समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजने के साथ ही खोराबार पुलिस




ने उनके मोबाइल फोन को कब्जे में लेकर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा है. गिरफ्तारी का दबाव बढ़ने पर दो दिन पहले लवकुश दोस्तों के साथ सरेंडर करने कोर्ट जा रहा था. कचहरी गेट पर पुलिस की घेराबंदी देखकर भाग निकला था.

## 27 जून को हुआ था गैंगरेप

27 जून को कुसम्ही जंगल में घूमने गई क्लास 9 वीं में पढ़ने वाली किशोरी के साथ सहपाठी ने रेप किया. इसी दौरान पहुंचे जंगल सिकरी गांव के लवकुश पासवान, वकील पासवान, भोलू यादव उर्फ विशाल और सुरेंद्र पासवान ने दोनों को पकड़ लिया. प्रेमी को पीटकर भगाने के बाद किशोरी को आरोपित जंगल के अंदर उठा ले गए, बंधक बनाकर उसके साथ गैंगरेप किया. घर पहुंचने के बाद रात में उसने घटना की जानकारी मां को दी. पिता की तहरीर पर पुलिस ने किशोरी के साथ पढ़ने वाले किशोर समेत पांच आरोपी के खिलाफ रेप और पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज किया.

## जंगल में लगेंगे कैमरे

कुसम्ही जंगल में अब 24 घंटे निगरानी की तैयारी है. एसएसपी ने अधिकारियों से बात करके जंगल में आने-जाने वाले सभी रास्तों पर सीसीकैमरे लगवाने का फैसला किया है. एसएसपी डॉ.विपिन ताडा ने बताया, कुसम्ही जंगल से सटे क्षेत्र में स्थित स्कूलों के आसपास हाक दस्ता व बीट पुलिस के सिपाही गश्त करेंगे.



**गैंगरेप के आरोपितों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई होगी. पांचवां आरोपी लवकुश फरार था. उसके घर शनिवार को पुलिस बुलडोजर लेकर पहुंची. तब उसने सरेंडर कर दिया.**

कृष्ण कुमार बिश्नोई, एसपी सिटी

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



# ऑपरेशन त्रिनेत

शहर के दस चौराहे, गलियों में नगर निगम भी सीसीटीवी कैमरे लगवाएगा. इस पहल के लिए शनिवार को एडीजी अखिल कुमार, एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई पुलिस टीम के साथ नगर निगम पहुंचे. पुलिस बैंड के बीच ही अफसरों ने मेयर सीताराम जायसवाल, डिप्टी मेयर ऋषि मोहन वर्मा और नगर आयुक्त अविनाश सिंह को फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया. एडीजी ने नगर निगम के इस पहल की सराहना की. मेयर ने भी एडीजी जोन अखिल कुमार के इस पहल की सराहना की.

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत चार हुए अरेस्ट



GORAKHPUR (2 July): गगहा क्षेत्र के करवल मझगांवा में शनिवार की भोर में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत हो गई. मृतका के पिता ने दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है. पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर पति, सास, ससुर समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है.

## 2 मई 2020 को हुई थी शादी

बांसगांव क्षेत्र के माल्हनपार कस्बा निवासी रामप्रताप सैनी ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि उनकी 20 वर्षीय बेटी नंदिनी की शादी 3 मई 2020 को गगहा क्षेत्र के करवल मझगांवा निवासी दीपक पुत्र सुग्गा सैनी के साथ हुई थी. आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग दहेज में ऑटो की मांग को लेकर नवविवाहिता को प्रताड़ित करने लगे. शुक्रवार की रात उसकी हालत गंभीर होने पर परिजन गगहा स्वास्थ केन्द्र पर ले गए. हालत गंभीर होने वह बड़हलगंज ले जा रहे थे कि शनिवार की भोर में उसकी मौत हो गई. विवाहिता के मौत की सूचना पर उसके माता-पिता गगहा थाने पर पहुंच कर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाने लगे. गगहा थानेदार विनोद अग्निहोत्री ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर धारा 498ए, 304बी, 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पति दीपक, ससुर सुग्गा सैनी, सास राजमति और देवर विशाल को गिरफ्तार कर लिया गया है.

# डॉ. गौरव ग्रोवर होंगे गोरखपुर के नए एसएसपी

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (2 July): मथुरा के एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर गोरखपुर के नए एसएसपी होंगे. एसएसपी डॉ. विपिन ताडा का तबादला सहारनपुर किया गया है. दैनिक जागरण आईनेक्स्ट से बात करते हुए डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया, पीड़ितों का न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता रहेगी. रविवार को नए कप्तान गोरखपुर आ सकते हैं.

## जिले के 65वें कप्तान

गोरखपुर जिले में 65वें कप्तान के रूप में डॉ. गौरव कार्यभार संभालेंगे.

## पहले डॉक्टर फिर आईपीएस

पंजाब लुधियाना के रहने वाले डॉ. गौरव ग्रोवर 2013 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं. आईपीएस बनने से पहले वह पंजाब में एमबीबीएस डॉक्टर थे.

## तीसरी बार बने कप्तान

डॉ. गौरव एसपी बहराइच, एसएसपी मथुरा रहने के बाद अब गोरखपुर के कप्तान बनाए गए है.

## बनवाया था ग्रीन कॉरिडोर

कोरोना काल में लॉकडाउन के दुबई से एक युवक ने डॉ. गौरव ग्रोवर से गुहार लगाई थी. युवक की प्रेग्नेंट पत्नी प्रसव के दर्द से कहरा रही थी, उसके साथ केवल बुजुर्ग ससुर थे. दुबई में काम करने वाले युवक की गुहार पर डॉ. गौरव ने तुरंत अमल किया. उन्होंने प्रेग्नेंट लेडी के घर से अस्पताल तक ग्रीन कॉरिडोर बनवा दिया. हर कदम पर पुलिस मददगार बनी. इसके बाद युवती ने एक बेटे को जन्म दिया. पुलिस का मानवीय संवेदना का यह रूप देख हर किसी ने खूब तारिफ की. जिस समय डॉ. गौरव को मथुरा भेजा गया था, तब वहां पर कई बड़े



नए एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर.

मामलों में पुलिस कठघरे में थी. उसे सुधारने के लिए डॉ. गौरव को मथुरा का कप्तान बनाया गया था.

## 11 माह रहे डॉ. विपिन ताडा

डॉ. विपिन ताडा 8 अगस्त 2021 में गोरखपुर एसएसपी बने थे. उनका 2 जुलाई 2022 को सहारनपुर तबादला कर दिया गया. डॉ. विपिन ताडा गोरखपुर में करीब 11 माह कप्तान रहे.

## डॉ. ताडा ने छोड़ी अच्छी छाप

एसएसपी डॉ. विपिन ताडा डेली ऑफिस में जनता से मिलते और उनकी फरियाद सुनकर उसका निस्तारण करते थे. यही नहीं कई फरियादियों को तो वो सरकारी गाड़ी से घर तक भी छुड़वाते थे. जब सीएम और एसएसपी के पास फरियादियों की भीड़ बढ़ी तो थाने का सुधारने के लिए उन्होंने अनोखी पहल की. डॉ. विपिन ताडा ने जनता के सामने ही पुलिस की पेशी करवा दी.

## मनीष मर्डर से किरकिरी

डॉ. ताडा के एसएसपी बनने के 1 माह बाद सिटी के होटल में कानपुर के रियल एस्टेट कारोबारी की हत्या हो गई. ये मामला डॉ. ताडा के लिए चुनौती बना था. इसके अलावा उनके कार्यकाल में हुई पुलिसिया लापरवाही ने भी किरकिरी कराई.

# लापरवाह पुलिसिंग पर सीएम नाराज
# डैमेज कंट्रोल को अब एडीजी आए आगे

**i SHOCKING**

**जनता दर्शन में भीड़ देख फिर नाराज हुए सीएम योगी**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (2 July):** थाना, चौकी, एसएसपी ऑफिस और सीएम की चौखट समेत समेत कई जगहों पर फरियाद लेकर पहुंच रही पब्लिक चकरघिन्नी बनकर रह गई है. कहीं भी पब्लिक को इंसाफ नहीं मिल रहा. इस बार जनता दर्शन में आई भीड़ देख सीएम योगी आदित्यनाथ एक बार फिर नाराज हुए. उन्होंने एसएसपी से नाराजगी भरे लहजे में कहा, यदि एसओ काम नहीं कर रहे हैं तो उन्हें सिर्फ हटाइए नहीं बल्कि सस्पेंड भी करिए, मतलब लापरवाह पुलिसिंग से सीएम नाराज हैं. इस छवि के डैमेज कंट्रोल के लिए अब एडीजी जोन खुद आगे आए हैं. 7 जुलाई को वे गूगल मीट पर असंतुष्ट फरियादियों और पुलिस कर्मियों के साथ मीटिंग करेंगे.

## पुलिस के रवैये से सीएम योगी नाखुश

एडीजी अखिल कुमार ने शनिवार को एक लेटर जारी किया है, जिसमें लिखा है कि जनता दर्शन में आए प्रार्थना पत्रों की 72 घंटे के अंदर जांच कर कार्यवाही कराते हुए आख्या उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया जाता है. जांच के बाद डीआईजी कार्यालय द्वारा प्रार्थना पत्रों का फीडबैक भी लिया जाता है. लिए गए फीडबैक में अधिकतर फरियादी जांच और कार्यवाही से असंतुष्ट मिले हैं. ये फरियादी फिर जनता दर्शन में पहुंचकर प्रार्थना पत्र दे रहे हैं. पुलिस के इस रवैए से सीएम ने अप्रसन्नता व्यक्त की है.



**7** जुलाई को गूगल मीट पर असंतुष्ट फरियादियों और पुलिस के साथ एडीजी मीटिंग कर समाधान खोजेंगे.



**कार्यालय अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन, गोरखपुर**

जनसुनवाई मा० मुख्यमंत्री जी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है, जिसमें समय-समय पर मा० मुख्यमंत्री जी एवं उच्चाधिकारियों द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाते रहे हैं। मा० मुख्यमंत्री जी के "जनता दर्शन" में प्राप्त प्रार्थना-पत्रों पर इस कार्यालय द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी से 72 घंटे के अन्दर जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही कराते हुए आख्या उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया जाता है। जिसमें जांचोपरान्त सम्बन्धित पुलिस उपमहानिरीक्षक कार्यालय द्वारा जांच किये गये प्र०पत्रों का फीडबैक भी लिया जाता है। फीडबैक लेने के क्रम में जांच-कार्यवाही से अधिकांश आवेदकगणों द्वारा असन्तुष्टि व्यक्त की जा रही है, और पुनः मा० मुख्यमंत्री जी के "जनता दर्शन" में उपस्थित होकर प्रार्थना दिये जा रहे है। जिस पर मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है। अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन महोदय द्वारा ऐसे समस्त आवेदकगण जिनके द्वारा असन्तुष्टि व्यक्त की गयी है उनकी असन्तुष्टि का कारण जानने के लिए दिनांक 07.07.2022 को Google Meet के माध्यम से 16.00 बजे गोष्ठी की जायेगी। गोष्ठी में प्रतिभाग करने के लिए असन्तुष्ट आवेदकगणों को सुसंगत सूचनाओं/अभिलेखों सहित सम्बन्धित क्षेत्राधिकारीगण समय से अपने-अपने कार्यालय में उपस्थित कराना सुनिश्चित करेंगे। इस गोष्ठी में असन्तुष्ट आवेदकगण व सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी के अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष भी गोष्ठी में उपस्थित रहेंगे। Google Meet से सम्बन्धित लिंक समय से सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी कार्यालय को उपलब्ध करा दिया जायेगा। जिससे असन्तुष्ट आवेदकगण गोष्ठी में प्रतिभाग कर सके।

प्रभारी मीडिया सेल,
गोरखपुर जोन, गोरखपुर।

● गूगल मीट के लिए एडीजी ऑफिस से सूचना जारी.

### एसएसपी भी हुए थे परेशान ... एसएसपी मीटिंग की

एसएसपी डॉ. विपिन ताडा भी डेली ऑफिस में फरियादियों की भीड़ देखकर परेशान हो गए थे. एसएसपी ने ऐसी पहल की, जो आज तक गोरखपुर जिले में नहीं हुई थी. उन्होंने फरियादियों और संबंधित थाने की पुलिस का आमना-सामना कराया था. इस दौरान जिस थाने की लापरवाही मिली, उससे संबंधित पर कार्रवाई भी की थी. इसके बाद भी थानों पर फरियादियों की अनसुनी हो रही है.

### हर जिले में बनेगा फीडबैक सेंटर

एडीजी ने जोन के सभी 11 जिलों की पुलिस को निर्देश दिया है कि हर जिले में एक फीडबैक सेंटर बनाया जाए. यह सेंटर पुलिस से संबंधित नागरिक सेवाओं में आम जनता को हो रही समस्याओं को दूर करेगी. थानेदार की कार्यप्रणाली पर नजर रखेगी और उनके कार्यों का मूल्यांकन करेगी.



**❝ पीड़ितों को न्याय दिलाना प्राथमिकता होनी चाहिए. फरियादियों की भीड़ नहीं घट रही है. ऐसा क्यों हो रहा है इसके लिए 7 जुलाई को पुलिस के सामने फरियादियों की बात सुनी जाएगी.**

**अखिल कुमार**, एडीजी जोन

### फरियादियों की बार-बार फजीहत

**केस 01 — युवती को कटवाए थानों के चक्कर**

सहजनवां इलाके की 23 साल की युवती को एक युवक ने शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाए. बाद में युवक ने शादी से भी इंकार कर दिया. इसके बाद युवती ने सहजनवां थाने में तहरीर दी, उसे महिला थाने भेज दिया गया. कई दिनों तक दौड़ाने के बाद घटनास्थल शाहपुर बताकर उसे उस थाने पर भेज दिया गया. शाहपुर में प्रेमी को पिपराइच का बताकर युवती को पिपराइच थाने भेज दिया गया. पिपराइच थाने पर ये बताया गया कि मामला शाहपुर का है और युवती को वहां से भी लौटा दिया गया.

**केस 02 — पूर्व विधायक के भाई ने कब्जाया मकान**

एक जुलाई को जनता दर्शन में हड़हवा फाटक निवासी विश्व बंधु गुप्ता फरियाद लेकर पहुंचे. उन्होंने मेंहदावल के पूर्व भाजपा विधायक राकेश सिंह बघेल के भाई अजय सिंह की शिकायत की. बताया कि अजय सिंह ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नया एग्रीमेंट बनवाकर मकान पर कब्जा कर रखा है. न किराया देते हैं और न ही मकान खाली करने को तैयार हैं. छह माह से विश्व बंधु शिकायत लेकर दौड़ रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है.

**केस 03 — दुष्कर्म पीड़िता पर सुलह करने का दबाव**

बिहार और हाल में कोतवाली एरिया निवासी एक युवती रेप की शिकायत लेकर थाने, एसएसपी और जनता दर्शन में में गई, लेकिन उसकी शिकायत पर सुनवाई अभी तक नहीं हुई. युवती का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर आरोपियों पर शाहपुर थाने में मुकदमा तो दर्ज हुआ, लेकिन आरोपियों को अरेस्ट नहीं किया गया. आरोप लगाया कि आरोपी उस पर दबाव बनाकर मुकदमे में सुलह करने को कह रहे हैं. आरोपित पक्ष के लोग प्रभावशाली हैं और मेरी हत्या भी करवा सकते हैं.

### पासपोर्ट और चरित्र सत्यापन से भी पुलिस के कार्यों की समीक्षा

एडीजी ने बताया, गोरखपुर जोन की पुलिस की जिलेवार हर माह एक समीक्षा हो रही है कि उसकी कार्यप्रणाली कैसी है. लोग अपने जिले की पुलिस के कार्य को कैसा मानते हैं. इसके लिए हर माह पांच प्लेटफार्म के जरिए फीडबैक और वोटिंग हो रही है. अब इसमें एडीजी ने एक और प्लेटफार्म जोड़ दिया है. अब पासपोर्ट वैरिफिकेशन और चरित्र सत्यापन कराने आए लोगों से भी पुलिस फीडबैक लेगी कि पुलिस का उनके मामले में कैसा रहा, जिसके बाद जिला पुलिस की रेटिंग तय होगी.

# आईजीआरएस : एक्शन में डीएम, 21 का रोका वेतन

**आईजीआरएस पर आने वाले शिकायतों के अनदेखी पर डीएम ने की सख्त कार्रवाई**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (2 July):** आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों को लेकर डीएम सख्त हैं. डीएम कृष्णा करूणेश ने पेंडिंग मामले को लेकर अधिकारियों पर कार्रवाई शुरु कर दी है. डीएम ने 21 अधिकारियों के वेतन रोकने का आदेश जारी किया है. दरअसल, डीएम ने कार्यभार संभालते ही आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाले शिकायतों के निस्तारण के लिए 10 दिन का वक्त दिया था.



## लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त

डीएम ने दस दिन पहले आईजीआरएस पोर्टल पर आ रही शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की थी. उन्होंने कहा कि जन शिकायतों का समय और गुणवत्ता परक निस्तारण करना सभी दायित्व है. इसमे किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. डीएम ने जिन अधिकारियो का वेतन बाधित किया है, उनमें अधिशासी अभियंता विनवि खंड प्रथम विद्युत विभाग, अधिशासी अभियंता ग्रामीण-3 विद्युत, अधिशासी अभियंता भंडार विद्युत, मुख्य अभियंता जल निगम, अधिशासी अभियंता विद्युत ग्रामीण प्रथम, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, होमगार्ड कमांडेंट मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र, मुख्य परियोजना प्रबंधक उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम, खंड विकास अधिकारी बड़हलगंज, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बांसगांव, उप खंड अधिकारी विद्युत गोला, उप खंड अधिकारी विद्युत सदर, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड तृतीय लोनिवि, उप निदेशक समाज कल्याण, अधिशासी अभियंता सिंचाई जल संसाधन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक शिक्षा विभाग, प्रभागीय लागिंग प्रबंधक वन निगम, अधीक्षण अभियंता विद्युत, अधीक्षण अभियंता सिंचाई, जल संसाधन गंडक-2 तथा अधिशासी अभियंता सिंचाई जल संसाधन गोरखपुर शामिल है.

## 15 अधिकारियों का डीएम ने रोका वेतन

**GORAKHPUR (2 July):** सदर तहसील में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए डीएम कृष्णा करूणेश ने कहा कि सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तायुक्त व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें. इस दौरान समाधान दिवस मे अनुपस्थित रहने पर 15 अधिकारियों का एक दिन का वेतन बाधित करने के साथ ही स्पष्टीकरण लेने का निर्देश दिया. इसमें एसएचओ रामगढ़ताल, जिला गन्ना अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत प्रथम, द्वितीय व तृतीय, जिला सेवायोजन अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी, श्रम अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी पिपराइच, स्वास्थ्य अधिकारी आदि शामिल है. इसके साथ ही डीएम ने विगत समाधान दिवस मे आए शिकायतों मे से 10 शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जांच भी की. समाधान दिवस में कुल 290 मामले आए, जिसमें 8 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया.

# 21 IPS अफसरों के हुए तबादले

**LUCKNOW (2 July):** प्रदेश में इन दिनों तबादला एक्सप्रेस दौड़ रही है. तबादला नीति के तहत अंतिम दिन गुरुवार को लगभग सभी विभागों में बड़ी संख्या में अधिकारी इधर से उधर किए गए. वहीं, शनिवार को शासन ने पुलिस महकमे में कई अधिकारियों को शिफ्ट किया. 14 जिलों में नए पुलिस कप्तान तैनात करते हुए कुल 21 आईपीएस अधिकारियों के ट्रांसफर किए गए. बीते दिनों भी कई जिलों में नए एसपी और एसएसपी भेजे गए थे.

**GORAKHPUR (2 July):** गोरखपुर जेल के जेलर प्रेम सागर शुक्ला का भी तबादला हो गया. वह गोरखपुर में 4 साल रहे. उन्हें उरई जेल भेजा गया है. वहीं गोरखपुर में अब दो जेलर की तैनाती की गई है. गोरखपुर में अब प्रदीप कुमार कश्यप और अरुण कुमार नए जेलर होंगे. हालांकि अभी दोनों ने कार्यभार नहीं ग्रहण किया है.

## बंदियों को किया प्रोत्साहित

जेलर प्रेमसागर शुक्ला ने जेल की व्यवस्था सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. उन्होंने बंदियों की गुटबाजी खत्म करने के साथ ही बंदियो को रोजगार पर प्रशिक्षण दिलाया. जिसके तहत बंदियों को झालर, एलईडी बल्ब, झूमर, मास्क, सिलाई, पेंटिग सहित अन्य सामान बनाने के लिए बंदियों को प्रोत्साहित किया गया. बंदियो के शिक्षा के लिए इग्नू से शिक्षा की व्यवस्था कराया. जेल परिसर में बंदियो के लिए लाइब्रेरी का निर्माण कराया. जेल परिसर में आधुनिक अस्पताल का निर्माण, माहौल खराब करने वाले 200 बंदियो का दूसरे जेलों में ट्रांसफर कराया. साथ ही प्रत्यपर्ण संधि के तहत एनडीपीएस एक्ट के तहत सजा काट रहे जर्मनी के बंदी बैरेड मनफ्रेंड को रिहा कराकर जर्मनी भिजवाया.

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, चार गिरफ्तार

गगहा। गगहा क्षेत्र के करवल मझगांवा में शनिवार की भोर में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत हो गई। मृतका के पिता ने दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर पति, सास, ससुर समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

बांसगांव क्षेत्र के माल्हनपार कस्बा निवासी रामप्रताप सैनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उनकी 20 वर्षीय बेटी नंदिनी की शादी 3 मई 2020 को गगहा क्षेत्र के करवल मझगांवा निवासी दीपक पुत्र सुग्गा सैनी के साथ हुई थी। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग दहेज में ऑटो की मांग को लेकर नंदिनी को प्रताड़ित करने लगे। शुक्रवार की रात उसकी हालत गंभीर होने पर परिजन गगहा स्वास्थ्य केन्द्र पर ले गए। हालत गंभीर होने पर बड़हलगंज ले जा रहे थे कि शनिवार की भोर में उसकी मौत हो गई। विवाहिता की मौत की सूचना पर उसके माता-पिता गगहा थाने पर पहुंचे और दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाने लगे। गगहा थानेदार विनोद अग्निहोत्री ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर धारा 498ए, 304बी, 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पति दीपक, ससुर सुग्गा सैनी, सास राजमति और देवर विशाल को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# ताडा ने अपराध पर खूब चलाया डंडा

गोरखपुर। गोरखपुर के एसएसपी डॉ. विपिन ताडा का शनिवार को तबादला हो गया। उन्हें सहारनपुर का एसएसपी बनाया गया है। तकरीबन 11 महीने के कार्यकाल में डा. ताडा ने जहां भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहीम चलाकर खाकी पर छीटें उड़वाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई वहीं अपराध और अपराधियों को काबू में सख्ती भी दिखाई। हालांकि विपिन ताडा को मनीष हत्याकांड से काफी किरकिरी झेलनी पड़ी।

डॉ. विपिन ताडा ने 10 अगस्त 2021 को गोरखपुर में एसएसपी कार्यभार ग्रहण किया था। उन्होंने फरियादियों और पुलिसकर्मियों को आमने-सामने बैठाकर समस्याएं सुनीं।

# डॉक्टर भी रहे हैं नवागत एसएसपी गौरव ग्रोवर

गोरखपुर,मुख्य संवाददाता। जिले में तैनात किए गए नए एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर पंजाब के मूल निवासी हैं और पुलिस सेवा में आने से पहले चिकित्सक रहे हैं। उन्होंने इससे पहले बतौर एसएसपी मथुरा में सेवा दी है। उन्होंने अपराध और अपराधियों को नियंत्रित करने के लिए बेहतर काम किया है जिससे मथुरा की अवाम के बीच उन्हें काफी प्रसिद्धि मिली।

गोरखपुर में बतौर एसएसपी तकरीबन 11 माह तक तैनात रहे डॉ. विपिन ताडा को यहां से स्थानांतरित कर दिया है। उनके स्थान पर मथुरा में एसएसपी रहे डॉ. गौरव ग्रोवर को तैनात किया है। डॉ. गौरव ग्रोवर 2013 बैच के आईपीएस हैं। एसएसपी गौरव ग्रोवर को जिस समय मथुरा भेजा गया था उस समय मथुरा पुलिस पर एक डॉक्टर के अपहरण के मामले में बदमाशों से फिरौती हड़पने का आरोप लगा था। इस मामले को उन्होंने काफी सूझबूझ से सुलझाया था।



गौरव ग्रोवर, नवागत एसएसपी।

आईजीआरएस पोर्टल पर आ रही शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा बैठक में डीएम ने की कार्रवाई, विभागाध्यक्षों को चेताया

# बीएसए समेत 21 अफसरों का डीएम ने रोका वेतन

**सख्ती**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। जिले में आने वाली शिकायतों का निस्तारण समय पर न होने से डीएम कृष्णा करुणेश ने काफी नाराजगी जताई है। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को चेतावनी देते हुए 21 अफसरों का एक दिन का वेतन रोकने का आदेश दिया है। डीएम ने यह निर्देश आईजीआरएस पोर्टल पर आ रही शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा के दौरान दिए। कहा कि जन शिकायतों का समय और गुणवत्ता परक निस्तारण करना सभी का दायित्व है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

जिन अफसरों का वेतन बाधित हुआ है उनमें अधिशासी अभियंता वितरण खण्ड प्रथम विद्युत विभाग, अधिशासी अभियंता ग्रामीण 3 विद्युत, अधिशासी अभियंता भण्डार विद्युत, मुख्य अभियंता जल निगम, अधिशासी अभियंता विद्युत ग्रामीण प्रथम, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, होमगार्ड कमाण्डेंट मण्डलीय प्रशिक्षण केन्द्र, मुख्य परियोजना प्रबंधक उप्र राज्य सेतु निगम, खण्ड विकास अधिकारी बड़हलगंज, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बांसगांव, उप खण्ड अधिकारी विद्युत गोला, उप खण्ड अधिकारी विद्युत सदर, अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड तृतीय लो0नि0वि0, उप निदेशक समाज कल्याण, अधिशासी अभियंता सिंचाई जल संसाधन, बीएसए, सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक शिक्षा विभाग, प्रभागीय लागिंग प्रबंधक वन निगम आदि शामिल हैं।



गोला तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम राजेश कुमार सिंह ने लोगों की शिकायत सुनी। • हिन्दुस्तान

## समाधान दिवस में गायब 15 अफसरों का वेतन रुका

गोरखपुर। सदर तहसील दिवस में अनुपस्थित जिला गन्ना अधिकारी और बिजली निगम के एक्सईएन समेत 15 अधिकारियों का डीएम कृष्णा करुणेश ने एक दिन का वेतन रोकने के साथ ही उनसे स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया है। पिछले समाधान दिवस के निस्तारित 10 मामलों की उन्होंने क्रॉस चेकिंग करते हुए गुणवत्ता भी जांची। हालांकि इनमें 70 फीसदी मामलों में संबंधित अधिकारी पास हो गए। 30 फीसदी मामलों में निस्तारण के बाद फिर से विवाद सामने आया।

समाधान दिवस में कुल 290 मामले आए: शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में 290 मामले आए, इनमें से आठ का मौके पर ही निस्तारण हो गया। डीएम ने बाकी मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को तीन दिन का मौका दिया। जमीन से जुड़े कुछ मामलों में उन्होंने राजस्व व पुलिस की टीम बनाकर मौके पर भेजा और निर्देश दिए कि उसकी रिपोर्ट जल्द उन्हें उपलब्ध कराई जाए। डीएम ने कहा कि समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होना है।

## गीडा में अधिकारियों और कर्मचारियों का तबादला

गोरखपुर। गीडा में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्थानांतरण हो गया है। स्थानांतरण के इस दौर में कई नए कर्मचारी गीडा को मिले भी हैं, जिससे बहुत हद तक कर्मचारियों की कमी की समस्या दूर हो जाएगी। ग्रेटर नोएडा में वरिष्ठ प्रबंधक सिविल के पद पर कार्यरत रहे अजय कुमार राय को गीडा भेजा गया है। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) से वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत एवं यांत्रिक सत्यपाल भाटी को पद सहित गीडा स्थानांतरित किया गया है। प्रबंधक सिविल ब्रह्मपाल सिंह ग्रेटर नोएडा से गीडा, सतिंदर गिरि नोएडा से गीडा, सहायक प्रबंधक सिविल वैभव नागर ग्रेटर नोएडा से गीडा स्थानांतरित किए गए हैं। गीडा में तैनात रहे सहायक प्रबंधक सिविल बृजेश कुमार अमाहरि को यीडा भेजा गया है।

# तबादले से हड़कंप, काली पट्टी बांधकर किया काम

**शिक्षा विभाग**

- जेडी, डीआईओएस, बीएसए दफ्तर के बाबुओं का स्थानांतरण
- स्थानांतरण में आदेशों का पालन न करने का संगठन ने लगाया आरोप

गोरखपुर, निज संवाददाता। शिक्षा विभाग में हड़कम्प मचा हुआ है। निदेशालय स्तर से बड़े पैमाने पर शिक्षणेत्तर कर्मियों के स्थानान्तरण का आदेश जारी हुआ है। इसकी जद में मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय गोरखपुर, डीआईओएस कार्यालय, डायट कार्यालय, एडी बेसिक, बीएसए कार्यालय के बाबू भी आ गए हैं। कई दफ्तरों में तो शत-प्रतिशत बाबुओं का ट्रांसफर कर दिया गया है। इस ट्रांसफर आदेश का यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रियल ऑफिसर्स एसोसिएशन ने आक्रोश व्यक्त किया है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ट्रांसफर आदेश में शासन के आदेश की अवहेलना का आरोप लगाते हुए शनिवार को काली पट्टी बांध कर काम किया।

प्रदेश में इन दिनों ट्रांसफर प्रक्रिया की बाढ़ सी आ गई है। पुलिस, शिक्षा, परिवहन, स्वास्थ्य सहित सभी जगह ट्रांसफर की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। इस बीच शिक्षा निदेशालय स्तर से शिक्षणेत्तर कर्मियों की बड़े पैमाने पर तबादला सूची जारी की गई है। इस सूची में मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय के छह और डीआईओएस कार्यालय के नौ बाबुओं समेत बीएसए, डायट और एडी बेसिक कार्यालय के बाबू भी शामिल हैं। आरोप है कि इस ट्रांसफर में शासन के आदेश की धज्जियां उड़ाई गई हैं। यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रियल ऑफिसर्स एसोसिएशन के प्रांतीय महामंत्री राजेश चन्द्र श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री समेत अन्य उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेजकर वर्ष 2022-23 में किए गए ट्रांसफर की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

# ब्यूटी पार्लर और सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण के नाम पर धोखाधड़ी

पीपीगंज, हिन्दुस्तान संवाद। क्षेत्र की किशोरियों से प्रशिक्षण और मानदेय का लालच देकर एक संगठन की दो महिलाओं पर ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। शनिवार को पीपीगंज थाने पहुंची तीन किशोरियों ने दो महिलाओं के खिलाफ धोखा देकर पैसे लेने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

शनिवार को थाने पर पहुंची महजराजगंज निवासिनी शाहिदा, नाजिया एवं दिव्यांनी जिला महराजगंज ने पुलिस को तहरीर दी और आरोप लगाया कि करीब तीन माह पूर्व एक संस्था की सदस्य बताकर तीन महिलाओं ने कहा कि उनके ब्यूटी पार्लर, सिलाई-कढ़ाई एवं कम्प्यूटर की ट्रेनिंग दी जाती है। ऐसा केंद्र सरकार की योजना के तहत किया जा रहा है। तीनों महिलाओ ने पीपीगंज स्थित टीचर कालोनी में ट्रेनिंग सेंटर और कार्यालय भी दिखाया। इसके बाद शाहिदा और नाजिया से 14-14 हजार और दिव्यानी से 16 हजार जमा करा लिए। तीनों ने बताया कि पैसा जमा कराने के बाद से ही तीनों महिलाएं अपना आफिस और ट्रेनिंग सेंटर बंद करके फरार हैं। न तो उन लोगों का पैसा वापस कर रही हैं और न ही ट्रेनिंग दिलवा रही हैं। तहरीर मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



शनिवार को नगर निगम परिसर में महापौर सीताराम जायसवाल, पार्षद एवं निगम के अधिकारियों को सम्मानित करते एडीजी व डीआईजी।

# एडीजी ने नगर निगम पहुंचकर किया सम्मानित

गोरखपुर। एडीजी अखिल कुमार के साथ जिला पुलिस के आला अधिकारियों ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ महापौर को शनिवार को सम्मानित किया गया। शहर के दस चौराहों नगर निगम ने त्रिनेत्र योजना से सीसी कैमरा लगवाया है। जिसे लेकर अधिकारियों ने नगर आयुक्त अविनाश सिंह, महापौर सीताराम जायसवाल, उपसभापति ऋषि मोहन वर्मा आदि को सम्मानित किया।

# बैंक में महिला के 50 हजार उचक्के ने उड़ाए

गोरखपुर। कैंट क्षेत्र के कूड़ाघाट स्थित पंजाब नेशनल बैंक में रुपये निकालने पहुंची महिला के पर्स में रखे 50 हजार रुपये उचक्के ने उड़ा दिए। चोरी की सूचना के बाद पुलिस बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से उचक्के की तलाश में जुट गई।

मिली जानकारी के अनुसार आवास विकास कॉलोनी महादेव झारखंडी निवासी रानी मिश्रा शनिवार को पंजाब नेशनल बैंक कूड़ाघाट में खाते से रुपये निकालने पहुंची थीं। 50 हजार रुपये निकाल कर वह पर्स में रखकर जाने लगीं। इस दौरान एक व्यक्ति पहुंचा और उसने पासबुक पर बार कोड लगवाने एवं पासबुक प्रिंट करा लेने की बात कही। महिला उसकी बातों में आ गई।

# दरवाजे पर पहुंचा बुलडोजर तो आरोपित ने किया सरेंडर

## दुष्कर्म प्रकरण

- कुसम्ही जंगल में छात्रा को बंधक बनाकर दुष्कर्म का मामला
- दुष्कर्म के पांचवें आरोपित की तीन दिन से चल रही थी तलाश

गोरखपुर, निज संवाददाता। खोराबार क्षेत्र के कुसम्ही जंगल में छात्रा को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने वाले पांचवे आरोपित ने शनिवार की दोपहर कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। तीन दिन से पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही थी। उसका पता न चलने पर सुबह खोराबार थानेदार आरोपित के घर बुलडोजर लेकर पहुंचे थे।

छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज होने के बाद जंगल सिकरी गांव का रहने वाला लवकुश पासवान घर छोड़कर फरार हो गया था। वारदात में शामिल रहे तीन साथियों समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजने के साथ ही खोराबार पुलिस ने उनके मोबाइल फोन को कब्जे में लेकर फोरेंसिक जांच के लिए भेजा है।

> खोराबार थाना क्षेत्र के कुसम्ही जंगल में छात्रा को बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म के आरोपितों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई होगी। इसकी तैयारी शुरू हो गई है।
>
> -कृष्ण कुमार विश्वनोई, एसपी सिटी

गिरफ्तारी का दबाव बढ़ने पर दो दिन पहले लवकुश अपने दोस्तों के साथ आत्मसर्पण करने कोर्ट जा रहा था। कचहरी गेट पर पुलिस की घेराबंदी देख कर भाग निकला था।

# गोरखपुर के पुलिस कप्तान समेत 21 आईपीएस का हुआ तबादला

- मथुरा एसएसपी गौरव ग्रोवर गोरखपुर के नए एसएसपी बने
- गोरखपुर एसएसपी रहे विपिन टाडा का तबादला सहारनपुर हुआ

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। प्रदेश सरकार ने शनिवार को 14 जिलों के पुलिस कप्तान समेत 21 आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। प्रयागराज, गाजीपुर, अयोध्या, कन्नौज, गोण्डा, सहारनपुर, गोरखपुर, मथुरा, मुजफ्फरनगर में नए पुलिस अधीक्षक भेजे गए हैं।

सीबीसीआईडी में एसपी राहुल राज को लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। शनिवार को जारी तबादला आदेश के अनुसार एसपी कन्नौज प्रशांत वर्मा को अयोध्या का एसपी बनाया गया है जबकि सहारनपुर के एसएसपी आकाश तोमर एसपी गोण्डा के पद पर भेजा गया है। इसी प्रकार से गौतमबुद्धनगर के अपर पुलिस उपायुक्त इलामारन जी. को अमेठी का एसपी बनाया गया है। वहीं राहुल राज को लखनऊ में ही पुलिस उपायुक्त बनाया गया है।

**अमेठी के एसपी बिजनौर गए:** अमेठी के एसपी दिनेश सिंह बिजनौर के एसपी बनाए गए हैं जबकि गोण्डा के एसपी संतोष कुमार मिश्रा मिर्जापुर में एक बनाकर भेजे गए हैं। मथुरा के एसएसपी गौरव ग्रोवर गोरखपुर के एसएसपी होंगे। गोरखपुर के एसएसपी विपिन टाडा सहारनपुर के एसएसपी बनाए गए हैं।

**संजीव त्योगी अयोध्या के एसपी:** कानपुर के पुलिस उपायुक्त संजीव त्यागी को अयोध्या में एसपी, क्षेत्रीय अभिसूचना के पद पर भेजा गया है। एसएसपी प्रयागराज अजय कुमार को लखनऊ में सीबीसीआईडी का एसपी बनाया गया है। एसएसपी अयोध्या शैलेश कुमार पांडेय प्रयागराज के एसएसपी के पद पर भेजे गए हैं। एसपी पुलिस अकादमी, मुरादाबाद विजय ढुल कानपुर के पुलिस उपायुक्त बनाए गए हैं। इसी तरह मिर्जापुर के एसपी-डीआईजी अजय सिंह वाराणसी के डीआईजी पीएसी सेक्टर भेजे गए हैं।

# जिला गन्ना अधिकारी और बिजली निगम के एक्सईएन समेत 15 का वेतन रोका

## समाधान दिवस में अनुपस्थित पाए जाने पर डीएम ने की कार्रवाई

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** सदर तहसील दिवस में अनुपस्थित जिला गन्ना अधिकारी और बिजनी निगम के एक्सईएन समेत 15 अधिकारियों का डीएम कृष्णा करूणेश ने एक दिन का वेतन रोकने के साथ ही उनसे स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया है।

पिछले समाधान दिवस के निस्तारित 10 मामलों की उन्होंने क्रॉस चेकिंग करते हुए गुणवत्ता भी जांची। हालांकि, इनमें 70 फीसदी मामलों में संबंधित अधिकारी पास हो गए। 30 फीसदी मामलों में निस्तारण के बाद फिर से विवाद सामने आया।

समाधान दिवस में कुल 290 मामले आए। इनमें से आठ का मौके पर ही निस्तारण हो गया। डीएम ने बाकी मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को तीन दिन का मौका दिया। जमीन से जुड़े कुछ मामलों में उन्होंने राजस्व व पुलिस की टीम बनाकर मौके पर भेजा और निर्देश दिया कि उसकी रिपोर्ट जल्द उन्हें उपलब्ध कराई जाए।



संपूर्ण समाधान दिवस पर सदर तहसील सभागार में लोगों की समस्याएं सुनते डीएम कृष्णा करुणेश व अन्य प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी। संवाद

अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों में जिला गन्ना अधिकारी, रामगढ़ताल के थानाध्यक्ष, अधिशासी अभियंता विद्युत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय, जिला सेवायोजन अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी, श्रम अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी पिपराईच, स्वास्थ्य अधिकारी का नाम शामिल है। सभी का वेतन रोकने का निर्देश दिया गया है। डीएम ने कहा कि समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होना है। जिन 10 मामलों के निस्तारण की गुणवत्ता जांची गई, उनमें से 70 प्रतिशत मामलों में लोग संतुष्ट नजर आए। एक मामले में रास्ते का चिह्नांकन हुआ था लेकिन बाद में फिर कब्जा कर लिया गया। डीएम ने इन मामलों में भी जल्द निस्तारण का निर्देश दिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण भी मांगने का निर्देश दिया।

# आईजीआरएस : लापरवाही पर 21 अफसरों का वेतन रुका

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** चेतावनी के बाद भी समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) के माध्यम से आई शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर डीएम कृष्णा करूणेश ने जिले के 21 अधिकारियों का एक दिन का वेतन बाधित करने का निर्देश दिया है।

जिले में पदभार ग्रहण करते ही डीएम ने आईजीआरएस के लंबित

### जन शिकायतों के निस्तारण में देरी पर डीएम ने की कार्रवाई

मामलों का पांच दिन में निस्तारण करने का निर्देश दिया था। साथ ही हिदायत दी थी कि वह खुद भी हर शुक्रवार को इन मामलों की समीक्षा करेंगे। बावजूद इसके, कई अधिकारियों ने निर्देश को गंभीरता से नहीं लिया। समीक्षा में मामले लंबित मिलने पर डीएम ने इन अफसरों पर कार्रवाई की।

### *इन अफसरों का रोका गया वेतन*

***अधिशासी*** *अभियंता वि.न.वि. खण्ड प्रथम विद्युत विभाग, अधिशासी अभियंता ग्रामीण 3 विद्युत, अधिशासी अभियंता भंडार विद्युत, मुख्य अभियंता जल निगम, अधिशासी अभियंता विद्युत ग्रामीण प्रथम, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, होमगार्ड कमांडेंट मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र, मुख्य परियोजना प्रबंधक उ.प्र. राज्य सेतु निगम, खंड विकास अधिकारी बड़हलगंज, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बांसगांव, उप खंड अधिकारी विद्युत गोला, उप खंड अधिकारी विद्युत सदर, अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड तृतीय लो.नि.वि., उप निदेशक समाज कल्याण, अधिशासी अभियंता सिंचाई जल संसाधन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक शिक्षा विभाग, प्रभागीय लागिंग प्रबंधक वन निगम, अधीक्षण अभियंता विद्युत, अधीक्षण अभियंता सिंचाई, जल संसाधन गंडक 2 तथा अधिशासी अभियंता सिंचाई जल संसाधन गोरखपुर।*

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की गई जान, चार गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**गगहा।** गगहा क्षेत्र के करवल मझगांवा में शनिवार की भोर में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत हो गई। मृतका के पिता ने दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर पति, सास, ससुर समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

बांसगांव क्षेत्र के माल्हनपार कस्बा निवासी रामप्रताप सैनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उनकी 20 वर्षीय बेटी नंदिनी की शादी 3 मई 2020 को गगहा क्षेत्र के करवल मझगांवा निवासी दीपक पुत्र सुग्गा सैनी के साथ हुई थी। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग दहेज में ऑटो की मांग को लेकर नवविवाहिता को प्रताड़ित करने

## मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया दहेज हत्या का मुकदमा

लगे। शुक्रवार की रात उसकी तबीयत खराब होने पर परिजन गगहा स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए। हालत गंभीर होने वह बड़हलगंज ले जा रहे थे। रास्ते में उसकी मौत हो गई। विवाहिता की मौत की सूचना पर उसके माता-पिता गगहा थाने पर पहुंच कर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाने लगे।

गगहा थानेदार विनोद अग्निहोत्री ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पति दीपक, ससुर सुग्गा सैनी, सास राजमति और देवर विशाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बिजली गिरने से दो युवकों की मौत

**हरनहीं।** खेत में धान की रोपाई कर रहे दो युवक बिजली गिरने से झुलस गए। उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक खजनी तहसील अंतर्गत पिपरा गांव के शिवेंद्र प्रताप सिंह (20) और गोपालपुर गांव के लाला (35) एक खेत में धान की रोपाई के लिए पानी चला रहे थे, तभी बादल गरजने के बीच बिजली गिरने से दोनों चपेट में आकर झुलस गए। गांव वाले आननफानन उन्हें जिला अस्पताल ले गए, जहां दोनों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा दिया। ब्यूरो

# दुष्कर्म आरोपित के दरवाजे पर पहुंचा बुलडोजर तो अदालत में किया सरेंडर

## किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के पांचवें आरोपित की तीन दिन से चल रही थी तलाश

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कुसम्ही जंगल में किशोरी को बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म के पांचवें आरोपी ने शनिवार की दोपहर कोर्ट में सरेंडर कर दिया। तीन दिन से पुलिस उसकी तलाश में छापा मार रही थी। शनिवार की सुबह खोराबार थाना प्रभारी आरोपी के घर बुलडोजर लेकर पहुंचे थे, जिसके बाद आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

जंगल सिकरी गांव का रहने वाला लवकुश पासवान सामूहिक दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज होने के बाद घर छोड़कर फरार हो गया था। गिरफ्तारी का दबाव बढ़ने पर दो दिन पहले लवकुश अपने

### दो दिन पहले पुलिस को देख कचहरी गेट से भागा था लवकुश

दोस्तों के साथ आत्मसर्पण करने कोर्ट जा रहा था। कचहरी गेट पर पुलिस की घेराबंदी देख भाग निकला था। वहीं, वारदात में शामिल रहे लवकुश के तीन साथियों समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजने के साथ ही खोराबार पुलिस ने उनके मोबाइल फोन को कब्जे में लेकर फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिए हैं। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि सामूहिक दुष्कर्म के आरोपितों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई होगी। इसकी तैयारी शुरू हो गई है।

## अपहरण का आरोपी गिरफ्तार, किशोरी मुक्त

चौरीचौरा। चौरीचौरा पुलिस ने अपहृत युवती को 24 घंटे में बरामद कर अपहरण के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने इसकी सूचना शुक्रवार को पुलिस को दी। उन्होंने जोधपुर बजहा टोला निवासी आकाश उर्फ बेचन पर अपहरण का आरोप लगाया। पुलिस अपहरण का मुकदमा दर्ज कर शुक्रवार की शाम को जोधपुर रेलवे क्रासिंग के पास से आरोपित को गिरफ्तार कर अपहृत किशोरी को मुक्त करा लिया। ब्यूरो

## किशोरी को भगा ले जाने का आरोप

खोराबार। इलाके के एक गांव में शनिवार की भोर में एक किशोरी को युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। तहरीर के मुताबिक किशोरी परिवार के साथ घर में सोई थी। सुबह जब उसकी मां जगी तो बेटी बिस्तर पर नहीं थी। मां ने घर तथा आसपास खोजबीन की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। पिता ने पुलिस को बताया कि वह समीप के एक विद्यालय में कक्षा सात की छात्रा है। गांव का ही युवक उससे अक्सर बातचीत करता था। वह युवक भी घर से लापता है। इस मामले में रामनगर कड़जहा चौकी इंचार्ज पंकज कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जिसके आधार पर जांच की जा रही है। ब्यूरो

# 21 आईपीएस अफसरों की तैनाती में फेरबदल

## गोरखपुर और अयोध्या के एसएसपी का भी तबादला

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। शासन ने शनिवार को 21 आईपीएस अधिकारियों की तैनाती में फेरबदल कर दिया। 14 जिलों के पुलिस कप्तान बदले गए हैं। प्रयागराज और बिजनौर के पुलिस कप्तानों को साइड लाइन कर दिया गया है। बाकी कप्तानों को दूसरे जिले में तैनाती दी गई है। प्रयागराज के अलावा सहारनपुर, गोरखपुर, अयोध्या, मथुरा, मुजफ्फरनगर, गाजीपुर, गोंडा, बिजनौर, मिर्जापुर जैसे जिलों में नए पुलिस कप्तानों को जिम्मेदारी दी गई है। 2016 बैच के बचे हुए आईपीएस अधिकारियों में इलामारन जी और आदित्य लंगेह को भी पुलिस कप्तान के रूप में जिले में पहली तैनाती दी गई है।

अयोध्या में एसपी शैलेश कुमार पांडे को प्रयागराज का नया पुलिस कप्तान बनाया गया है। प्रयागराज के एसएसपी अजय कुमार को सीबीसीआईडी लखनऊ स्थानांतरित कर दिया गया है। माना जा रहा है बीते दिनों सतर्कता के निर्देश के बाद भी प्रयागराज जिले में हुई हिंसा की घटना की वजह से अजय कुमार को स्थानांतरित किया गया है। वहीं आकाश तोमर को एसएसपी सहारनपुर के पद से हटाकर एसपी गोंडा के रूप में तैनाती दी गई है। मथुरा में एसएसपी गौरव ग्रोवर को गोरखपुर का एसएसपी बनाया गया है। गोरखपुर के एसएसपी विपिन टाडा अब सहारनपुर के एसएसपी होंगे। कासगंज के एसपी रोहन बोत्रे अब गाजीपुर जिले के नए एसपी होंगे, कन्नौज के एसपी प्रशांत वर्मा को अयोध्या का एसएसपी बनाया गया है।

### एसएसपी प्रयागराज किए गए साइडलाइन, आकाश तोमर बने एसएसपी से एसपी

गाजीपुर के एसपी राम बदन सिंह को नोएडा कमिश्नरेट में बतौर डीसीपी तैनाती दी गई है। 41वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद के एसपी राजेश कुमार श्रीवास्तव अब कन्नौज के नए एसपी होंगे। इसी तरह मुजफ्फरनगर के एसएसपी अभिषेक यादव अब मथुरा के नए कप्तान होंगे। अभिषेक के स्थान पर अमरोहा के एसपी विनीत जायसवाल को मुजफ्फरनगर का एसएसपी बनाया गया है। अमेठी के एसपी दिनेश सिंह बिजनौर के नए एसपी होंगे।

# दस चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाएगा निगम



**गोरखपुर।** शहर में ट्रैफिक व्यवस्था की बेहतरी और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए की गई पुलिस की पहल के तहत नगर निगम की ओर से दस चौराहे, गलियों में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे। शनिवार को एडीजी अखिल कुमार, एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई पुलिस टीम के साथ नगर निगम पहुंचे। पुलिस बैंड के बीच ही अफसरों ने मेयर सीताराम जायसवाल, डिप्टी मेयर ऋषि मोहन वर्मा और नगर आयुक्त अविनाश सिंह को फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया। मेयर ने भी पुलिस की पहल की सराहना की। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-07-2022

राष्ट्रीय सहारा दि० -3-7-22

# अपराध व भ्रष्टाचार को संरक्षण क्षम्य नहीं : क्षेत्राधिकारी

**भाटपाररानी(एसएनबी)**। स्थानीय सर्किल क्षेत्र में नवागत क्षेत्राधिकारी प्रेम नारायन तिवारी ने तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस के पश्चात सर्किल क्षेत्र के थानाध्यक्षों के साथ बैठक कर क्षेत्र में अमन-शांति कायम रखने के साथ फरियादियों को त्वरित न्याय दिलाने का फरमान सुनाया। उन्होंने मातहतों को निर्देशित किया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रत्येक छोटी बड़ी घटनाओं पर पैनी नजर बनाये रखे। श्री तिवारी ने विगत गुरूवार को



तहसील परिसर स्थित कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया था। उन्होंने कहा कि इस सर्किल की सीमाएं दूसरे प्रान्त विहार से सर्वाधिक जुड़ी हुई है। ऐसे में हमे पूरी मुस्तैदी के साथ सीमावर्ती रास्तों से गुजरने वाले वाहनों व संदिग्धों पर नजर रखनी होगी। उन्होंने गांवों में असहायों व गरीबों के प्रताड़ना के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए उसे न्याय दिलाने का संकल्प दिलाया। गांव व कस्बों की प्रत्येक गतिविधियो की जानकारी पुलिस को मिलनी चाहिए। जरूरत पड़ने पर मै 24 घंटे जनता के लिए उपलब्ध रहूंगा। उन्होंने पत्रकारों से बताया कि किसी भी प्रकार की शिकायत कोई भी फरियादी मुझसे सीधा कर सकता है।

राष्ट्रीय सहारा दि०-3-7-22

# गैंगस्टर के घर की हुई कुर्की

लार। स्थानीय थाना क्षेत्र के चुरिया निवासी रंजीत यादव उर्फ ज्वाला यादव पुत्र ओमप्रकाश के घर को प्रशासन ने शनिवार को कुर्क कर दिया। ज्वाला मुकदमा अपराध संख्या 191/2020 धारा 3 (1) उत्तर प्रदेश गिरोह बन्द व समाजविरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत जिला मजिस्ट्रेट देवरिया के आदेश पर आराजी संख्या 1156 पर हो रहे पक्के निर्माण को रोकने व उसको कुर्क किया गया। यह कार्रवाई 2 जुलाई दिन शनिवार की शाम की गई। इस अवसर पर तहसीलदार शैलेन्द्र कुमार, सीओ देव आनन्द, इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह, सलेमपुर कोतवाल नवीन कुमार मिश्र सहित पुलिस दल मौजूद रहा।



राष्ट्रीय सहारा दि-3-7-22

# चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**देवरिया(एसएनबी)।** सदर कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति को एक अदद नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया। सदर कोतवाली के एसआई हरिनाथ यादव मय फोर्स क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि मुखबिर की सूचना पर हाटा रोड पर कुर्ना नाला के पास से एक अदद नाजायज चाकू के साथ चन्द्र शेखर यादव पुत्र श्यामबिहारी यादव निवासी मेहड़ा पुरवा थाना कोतवाली जनपद देवरिया को गिरफ्तार किया। इस मामले में गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली पुलिस द्वारा 4/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीत कर उसे न्यायालय के लिए चालान कर दिया।

राष्ट्रीय सहारा दि-3-7-22

# एक भी मामलों का नहीं हुआ निस्तारण फरियादी मायूस

**बरहज (एसएनबी)।** तहसील दिवस का आयोजन मुख्य राजस्व अधिकारी अमृतलाल बिन्द की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमे मुल 37 मामले सामने आये। मौके पर एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। फरियादी निराश होकर प्रशासन को कोसते हुए वापस घर चले गये। आये मामलों में राजस्व के 18, पुलिस के 5, विकास के 3 तथा अन्य 11 मामलों सहित कुल 37 मामले आये थे। इस दौरान उप जिलाधिकारी डा. गजेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी पंचम लाल, तहसीलदार अश्वनी कुमार, अधिशासी अधिकारी चन्द्रकृष्ण पाण्डेय सहित सर्किल के पुलिस व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सहारा दि० 3-7-22

## बच्चों के विवाद में मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पचमा में गांव के ही दो बच्चों में हुए विवाद को लेकर मारपीट हो गयी। इस मामले में पुलिस को दिये गये तहरीर में वादनी श्रीमती पत्नी सीताराम ने कहा कि मेरे ही गांव के दो बच्चे विकास भारती पुत्र सीताराम व संजीत भारती पुत्र राममिलन आपस में मोबाईल के लीड के लिये झगड़ा कर रहे थे। इस बीच मेरे पति सीताराम व भसुर बाबूराम झगड़ा छोड़ाने गये तो उपरोक्त लोगों ने जान की नियत से लाठी डण्डा व राड व ईंट से मार दिया, जिससे पति व भसुर घायल हो, जिनका इलाज सदर अस्पताल देवरिया में चल रहा है। इस मामले में पुलिस ने आरोपित सुभाष भारती पुत्र चौथी, भीम भारती पुत्र मेघनाथ, चन्दन पुत्र सुभाष, राजू पुत्र राममिलन के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

राष्ट्रीय सहारा दि० 3-7-22

## दहेज हत्यारोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। स्थानीय कोतवाली पुलिस वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिये क्षेत्र भ्रमण पर निकली थी कि जरिये मुखबीर की सूचना पर कि हत्यारोपी घर से निकल कर भागने के फिराक में है, जिसके लिये टीम गठित की गयी, जिसमें उपनिरीक्षक अरबिन्द कुमार, कां. दिलीप चौरसिया, अंजनी यादव, महिला कां. रूचि सिंह के साथ पहुंचकर हत्यारोपी को गिरफ्तार किया। जिसमें दहेज हत्या में वांछित चल रहे गामा राजभर पुत्र हीरालाल राजभर व कलावती देवी पत्नी गामा राजभर निवासी राजी बेलवा थाना रुद्रपुर को बैरिया तिराहे से गिरफ्तार कर अपराध संख्या 172, 2022 धारा 498, 304 व 3/4 डीपी एक्ट के तहत जेल भेज दिया।

राष्ट्रीय सहारा दि०-3-7-22

# 'अग्निपथ' के खिलाफ प्रदेशभर में आप का आंदोलन आज

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

लखनऊ।

आप के प्रदेश प्रभारी व सांसद संजय सिंह ने कहा कि रविवार को पूरे उत्तर प्रदेश में भाजपा की अग्निपथ योजना में युवाओं को गुमराह करने और सीमा की सुरक्षा के लिए पैसों की कमी के खिलाफ आंदोलन करेगी।

पार्टी कार्यालय में शनिवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि रविवार को पार्टी की यूथ विंग और छात्र विंग मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ भिक्षा मांगकर चेक और ड्राफ्ट के माध्यम से मोदी सरकार को ₹420 भेजकर अपना सांकेतिक विरोध दर्ज कराएगी। भारत माता की सुरक्षा सवालों के घेरे में है। श्री सिंह ने कहा कि मैं मोदी जी से पूछना चाहता हूं कि आपकी अग्निपथ योजना में हरसाल 35 हजार जवान भारतीय सेना में कम होंगे। चीन अपनी सेना में साढ़े चार लाख भर्तियां प्रति वर्ष कर रहा है। नरेन्द्र मोदी जी आपकी मंशा क्या है। जिस घटना को जानकर मेरी आत्मा हिल गई जो मानवता और इंसानियत को खत्म करने की घटना है। इसका खुलासा होना चाहिये। देश में बहुत बड़ा घोटाला हुआ जिसके लिए चारों ओर खामोशी और सन्नाटा है। ईडी जो भारतीय जनता पार्टी की कठपुतली बन गई है। वो देश भर में विपक्ष के किसी नेता का भी सपना आ जाए तो उस पर छापा मार देती है। महाराष्ट्र की सरकार गिराने में महत्वूपर्ण भूमिका किसी ने निभायी तो ईडी ने निभायी। हजारों करोड़ों लूटकर जो विदेश में बैठे है ईडी उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नही करते हैं।



भिक्षा मांग कर मोदी सरकार को 420 रुपये भेजकर सांकेतिक विरोध दर्ज कराएगी पार्टी की यूथ व छात्र विंग

हिन्दुस्तान दि० 3-7-22

# चार पर जानलेवा हमले का केस

रुद्रपुर। क्षेत्र के पंचमा गाँव में बच्चों के विवाद में बड़े भी आपस में भिड़ गए और जमकर मारपीट किए। मामले में पुलिस ने एक पक्ष के चार पर खिलाफ जान लेवा हमले का केस दर्ज की है।

पंचमा गांव में शनिवार को मोबाइल के एयर फोन को लेने की बात को लेकर बच्चों ने आपस में विवाद कर लिया। जिसके बाद दोनों पक्ष में जमकर मारपीट हो गई। पुलिस को दी गई तहरीर में एक पक्ष की श्रीमती देवी पत्नी सीताराम ने कहा है की दूसरे पक्ष ने पति व भसुर को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिए।

हिन्दुस्तान दि० 3-7-22

# दहेज हत्या के आरोप में पति-पत्नी गिरफ्तार

रुद्रपुर। क्षेत्र के राजी बेलवा गांव के रहने वाले पति और पत्नी को पुलिस ने दहेज हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। जिन्हें पुलिस ने न्यायालय के निर्देश पर शनिवार को जेल भेज दिया।

सलेमपुर थाना क्षेत्र के पिपरा भानमती गांव के रहने वाले हरेराम राजभर की पुत्री दीपा राजभर की शादी रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के अम्मा उर्फ अमवा ग्राम पंचायत के राजस्व गांव राजी बेलवा निवासी रामसेवक राजभर पुत्र गामा राजभर के साथ हुई थी।

हिन्दुस्तान दि० 3-7-22

# प्राणघातक हमला करने वाले चार पर केस दर्ज

देवरिया। पुरानी रंजिश में धारदार हथियार से हमला करने वाले चार लोगों के विरुद्ध सदर कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। घटना शुक्रवार की देर शाम की है। सदर कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के साकेतनगर मोहल्ला के रहने वाले सुमित कुमार सिंह ने सदर कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि वह देर शाम को बाजार करने के लिए जा रहा था। अभी वह गरुणपार मोहल्ले में ही पहुंचा था कि पुरानी रंजिश को लेकर चार युवक ने उसे घेर लिया। हमलावरों ने युवक को धारदार हथियार से प्रहार कर घायल कर दिया। जिससे सिर फट गया। घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने अजय कुमार सिंह पुत्र स्व.वकील सिंह, रौनक सिंह उर्फ लड्डू पुत्र अजय कुमार सिंह निवासी गरुणपार थाना सदर कोतवाली और दो अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया।

हिन्दुस्तान दि० -3-7-22

# पुलिस बल की मौजूदगी में हुई गैंगस्टर के घर की कुर्की

लार, हिन्दुस्तान संवाद। क्षेत्र के एक गांव के गैंगस्टर अपराधी के घर को तहसीलदार शैलेंद्र कुमार और सीओ सलेमपुर देव आनंद पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचकर शनिवार को कुर्क कर दिया।

थाना क्षेत्र के चुरिया गांव निवासी रणजीत यादव उर्फ ज्वाला यादव पुत्र ओमप्रकाश के घर को प्रशासन ने शनिवार को कुर्क कर दिया। रणजीत यादव उर्फ ज्वाला यादव के मुकदमा अपराध संख्या 191/2020 धारा 3 (1) उत्तर प्रदेश गिरोह बन्द व समाजविरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत जिला मजिस्ट्रेट देवरिया के आदेश पर आराजी नं० 1156 में अभियुक्त रंजीत यादव उर्फ ज्वाला यादव द्वारा वर्तमान में एक मंजिला पक्का मकान बनाया जा रहा है। निर्माणाधीन मकान की लम्बाई 73 फीट व चौड़ाई 25 फीट हैं। जिसकी कीमत 13,56,000/- रुपये को जिला मजिस्ट्रेट देवरिया के आदेश संख्या 1647 ( 4 ) / रीडर-2022 द्वारा उ0प्र0 गिरोहबंद एवं समाज विरोध क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 की धारा 14(1) के अधीन शनिवार को कुर्क किया गया है। रणजीत यादव उर्फ ज्वाला यादव के विरुद्ध थाना लार में लगभग 10 मुकदमे अन्य धाराओं में दर्ज हैं।

## ये रहे मौजूद

इस दौरान तहसीलदार शैलेन्द्र कुमार, सीओ देव आनन्द, प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह, सलेमपुर कोतवाल नवीन कुमार मिश्र सहित पुलिस टीम मौजूद रही।

हिन्दुस्तान दि०-3-7-22

# छापेमारी में 15 लीटर कच्ची शराब बरामद

महुआडीह। थाना क्षेत्र के ईट भट्ठो पर पुलिस ने शुक्रवार को छापेमारी किया। जहां से पुलिस को 15 लीटर कच्ची और 2 कुंतल लहन नष्ट किया। एसपी के निर्देश पर शुक्रवार की रात में महुआडीह थाने के हेतिमपुर पुलिस चौकी प्रभारी के नेतृत्व में गठित अलग अलग टीमों ने ईट भट्ठो पर छापेमारी किया गया।

टीम ने बेलवा बाजार, शामपुर, बर्नई, टीलाटाली, रानी धनौती, महुआडीह सहित अन्य सभी गांवो के भट्ठे पर छापेमारी किया। जहां से केवल 15 लीटर कच्ची बरामद हुआ। वहीं 2 कुंतल लहन नष्ट किया गया।

हिन्दुस्तान दि०-3-7-22

# जिले में तैनात 25 दरोगा समेत 43 पुलिस गैरजनपद के लिए कार्यमुक्त

देवरिया, निज संवाददाता। जिले में वर्षो से तैनात 25 दरोगा और 18 हेड कांस्टेबल व आरक्षी को पुलिस लाइन से कार्य मुक्त कर दिया गया है। सभी का तबादला पिछले दिनों गोरखपुर के एडीजी जोन ने गैर जनपद के लिए कर दिया था। सभी पुलिस कर्मी को शनिवार को रिलिव कर दिया गया है।

जिले में वर्षो से जमे दरोगा, हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल पर एडीजी जोन ने तबादला की तलवार चल गई है। जिले में तैनात 43 पुलिस कर्मियों को तबादला पिछले दिनों जोन के अन्य जनपदों के लिए हुआ था। जिले में तैनात दरोगा महेन्द्र प्रताप सिंह, रामबदन चौहान, श्याम लाल निषाद, हरिलाल राव, मुन्नी लाल, विनोद कुमार सिंह, गुलाब सिंह, अंगद सिंह का कुशीनगर जिला के लिए कार्यमुक्त किया गया। वहीं दरोगा रामगिरीश चौहान, संजय कुमार, तरवीन अहमद खां, शैलेन्द्र कुमार, सुनील कुमार त्रिपाठी को गोरखपुर जिले और दरोगा मंगला प्रसाद को महराजगंज जिले के लिए कार्यमुक्त किया गया। दरोगा अशोक कुमार राय, रामध्यान यादव को बस्ती परिक्षेत्र और दरोगा मूलचन्द्र, रामसुमेर पाण्डेय, लक्ष्मीकांत यादव, दिल मुहम्मद, राजेन्द्र प्रसाद यादव, जय प्रकाश राय, वीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, मुरारी सिंह, रामदवन को देवीपाटन परिक्षेत्र के लिए कार्यमुक्त किया गया। इसके साथ ही दो महिला हेड कांस्टेबल समेत 18 हेडकांस्टेबलों को लखनऊ, गोरखपुर, कुशीनगर के लिए रवाना किया गया। एक दरोगा समेत 42 जीआरपी के लिए कार्यमुक्त जिले में तैनात दरोगा, हेड कांस्टेबल और कांस्टेबलों को जीआरपी के लिए कार्यमुक्त किया गया है। सभी को शनिवार को पुलिस लाइन से कार्यमुक्त कर दिया गया।

# कच्ची के विरुद्ध पुलिस ने चलाया अभियान

देसही देवरिया : पुलिस ने शनिवार को कच्ची के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान कच्ची जहां बरामद की गई, वहीं लहन को नष्ट कर दिया गया। इस कार्रवाई से कच्ची के कारोबारियों में खलबली मची रही। महुआडीह थाना क्षेत्र के बेलवा बाजार, शामपुर, बरनई, टीलाटाली, रानी धनौती समेत अन्य जगहों पर पुलिस ने अभियान चलाया।

# कच्ची के विरुद्ध पुलिस ने चलाया अभियान

देसही देवरिया : पुलिस ने शनिवार को कच्ची के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान कच्ची जहां बरामद की गई, वहीं लहन को नष्ट कर दिया गया। इस कार्रवाई से कच्ची के कारोबारियों में खलबली मची रही। महुआडीह थाना क्षेत्र के बेलवा बाजार, शामपुर, बरनई, टीलाटाली, रानी धनौती समेत अन्य जगहों पर पुलिस ने अभियान चलाया।

दैनिक जागरण दि० 3-7-22

# 90 में से 10 फरियादियों को मिला मौके पर न्याय

## भाटपाररानी तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन, डीएम ने सुनी लोगों की फरियाद

जागरण संवाददाता, भाटपाररानी : भाटपाररानी तहसील परिसर में शनिवार को जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यहां आए 90 मामलों में से 10 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि अन्य मामलों को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने का जिलाधिकारी ने निर्देश दिया।

डीएम ने कहा कि राजस्व, विकास एवं पुलिस विभाग से जुड़े सभी अधिकारी जिन प्रकरणों में संयुक्त रूप से निराकरण की आवश्यकता हो, उसमें आपसी समन्वय रखते हुए निस्तारण करें। प्रकरणों के निस्तारण गुणवत्ता के साथ होना चाहिए। जनपद रूपवार की प्रधान रीतू



संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान लोगों की फरियाद सुनते जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा • जागरण

देवी ने अंत्योदय अपात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड समाप्त न होने की शिकायत दर्ज कराई, जिस पर जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश देते हुए अंत्योदय अपात्र व्यक्तियों के कार्ड निरस्त करा दिया गया। भगवानदास ने बताया कि अपने पुराने घर के बिजली कनेक्शन का विच्छेदन करा चुके हैं, इसके बाद भी बकाया बिजली बिल के लिए आरसी जारी किया गया है। अधिशासी अभियंता से तत्काल इसका निराकरण कराया गया। नवीन कुमार ठाकुर ने बताया कि उनके पिता की मृत्यु हो चुकी है, वह उत्तराधिकारी हैं, इसके बाद भी बैंक से उनका धन नहीं निकल रहा है। अरविंद मिश्र ने अपनी भूमि के माप करने की मांग की। 22 मामले पुलिस विभाग के, 18 चकबंदी, 24 विकास, 16 शिकायतें राजस्व तथा शेष अन्य विभागों से जुड़ी रहीं। एएसपी संकल्प शर्मा, प्रभारी सीएमओ डा. सुरेंद्र सिंह, एसडीएम अरुण कुमार, एसडीएम न्यायिक आरती वर्मा, बीएसए हरिश्चंद्र नाथ, डीएसओ विनय कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्णकांत राय समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। देवरिया तहसील में विधायक सुरेंद्र चौरसिया व एसडीएम सौरभ सिंह ने लोगों की फरियाद सुनी और मामलों का निस्तारण कराया।

11 मामलों का किया गया निस्तारण : सलेमपुर तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन कुंवर पंकज व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजन द्विवेदी ने लोगों की फरियाद सुनी। यहां कुल 96 मामले आए। जिसमें राजस्व के 64, पुलिस के 21, पूर्ति के चार, विकास के तीन, बिजली के तीन, सिंचाई के एक मामले शामिल रहे, जिसमें से 11 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

### यहां से बैरंग लौटे फरियादी

रुद्रपुर : एडीएम वित्त एवं राजस्व नागेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यहां कुल 42 मामले आए। जिसमें राजस्व के 19, पुलिस के 14, विकास के चार व अन्य के पांच मामले आए। यहां एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। एसडीएम सतीश उपाध्याय समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### 37 मामलों में एक का भी नहीं हुआ निस्तारण

बरहज : तहसील सभागार में मुख्य राजस्व अधिकारी अमृत लाल बिंद की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यहां कुल 37 मामले आए, लेकिन एक का भी निस्तारण नहीं हो सका। उपजिलाधिकारी गजेंद्र कुमार, सीओ पवन लाल, तहसीलदार अश्वनी कुमार, नायब तहसीलदार जितेंद्र कुमार सिंह, थानाध्यक्ष अवनीश मिश्र मौजूद रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे

शुद्धि पत्र

ई-निविदा सं. ... -2022

दैनिक जागरण दि० 3-7-22

# दहेज हत्यारोपित गिरफ्तार भेजे गए जेल

**रुद्रपुर :** दहेज हत्या में आरोपित ससुर व सास को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपितों को जेल भेज दिया। सलेमपुर कोतवाली के ग्राम पिपरा भानमती के रहने वाले हरेराम राजभर की बहन दीपा की शादी कोतवाली के राजी बेलवा के रहने वाले रामसेवक के साथ हुई थी। डेढ़ माह पहले दीपा की दहेज के लिए हत्या कर दी गई। पुलिस ने पिता, ससुर गामा, सास कलावती देवी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। पिता को एक दिन पहले ही गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया था, सास व ससुर को शनिवार को जेल भेज दिया। (जासं)

दैनिक जागरण दि. 3-7-22

# चार लोगों के विरुद्ध प्राण घातक हमले का मुकदमा

रुद्रपुर : मोबाइल के चार्जर की मांग को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध प्राण घातक हमले का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली के पंचमा की रहने वाली श्रीमतीदेवी ने कहा है कि आरोपितों ने चार्जर को लेकर पति व उनके ससुर की पिटाई कर दी। इस मामले में पुलिस ने सुभाष भारती, भीम, चंदन, राजू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

दैनिक जागरण दि०-3-07-22

# गैंगस्टर रंजीत उर्फ ज्वाला यादव की 13 .56 लाख की संपत्ति कुर्क

- **मादक पदार्थ की तस्करी कर अवैध रूप से धन किया है अर्जित**
- **तहसीलदार व सीओ की मौजूदगी में कार्रवाई की गई पूरी**

**जागरण संवाददाता, लार:** गैंगस्टर ज्वाला यादव की 13.56 लाख रुपये की संपत्ति शनिवार को प्रशासन ने कुर्क लिया। तहसीलदार व सीओ की मौजूदगी में यह कार्रवाई पूरी की गई। शराब तस्करी समेत अन्य कार्यों में गैंगस्टर शामिल रहा है। ग्राम चुरिया का रहने वाला रंजीत उर्फ ज्वाला यादव शराब तस्करी समेत अन्य अपराध में संलिप्त रहा है। उसके विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई हुई थी, जिसकी विवेचना सलेमपुर इंस्पेक्टर नवीन मिश्रा कर रहे थे।

जिलाधिकारी के आदेश पर गैंगस्टर की निर्माणाधीन भवन कीमत 13 लाख 56 हजार रूपये को कुर्क किया गया। तहसीलदार शैलेंद्र कुमार, सीओ देवानंद, प्रभारी निरीक्षक सलेमपुर नवीन मिश्रा, लार नवीन सिंह, उप निरीक्षक अंकित सिंह, मंजू यादव, अविनाश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

# पुलिस चौकी के विरुद्ध लगाई गुहार

भाटपाररानी। खामपार थाना के भिंगारी बाजार निवासिनी सीता देवी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर उनकी निजी भूमि में पुलिस चौकी स्थापित किए जाने के विरुद्ध न्याय की गुहार लगाई है। संवाद

अमर उजाला दि- 3-7-22

# तीन के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

मेहरौनाघाट। खेमादेई बिजली घर पर तैनात एसएसओ की पिटाई के मामले में पुलिस ने दो नामजद सहित एक अज्ञात के खिलाफ मारपीट व दलित उत्पीड़न का केस दर्ज कर लिया है। मऊ जिला के फिरोजपुर कोपागंज निवासी अमित कुमार थाना क्षेत्र के खेमादेई बिजली सब स्टेशन पर एसएसओ हैं। संवाद

अमर उजाला दि०-3-7-22

अमर उजाला दि० 3-7-22

# तीन शिक्षकों पर दर्ज होगा केस

## बीएसए कार्यालय की ओर से कराई गई जांच में कूटरचित पाए गए अंकपत्र और प्रमाणपत्र

[illegible]संवाद न्यूज एजेंसी

[illegible]रुद्रपुर। फर्जी शिक्षकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने को शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारियों ने थाने में तहरीर दी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर उन्होंने अलग-अलग मदनपुर, एकौना और रुद्रपुर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। जांच में शिक्षकों के अंकपत्र और प्रमाण पत्र कूटरचित पाए गए हैं।

**खंड शिक्षा अधिकारियों ने रुद्रपुर, मदनपुर और एकौना थाने में तहरीर दी**

खंड शिक्षा अधिकारी जया राय ने एकौना थाने में प्राथमिक विद्यालय नरायनपुर में कार्यरत रहे सहायक अध्यापक लल्लन यादव निवासी चकवा खुर्द थाना खामपार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दी। उन्होंने बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से अंकपत्रों के सत्यापन के दौरान शिक्षक का सीटीईटी का अंकपत्र कूटरचित पाया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी बैतालपुर नवनीत चौबे ने प्राथमिक विद्यालय खपड़हवा में तैनात रहे सहायक अध्यापक ऋषिकेश कुमार निवासी पिपरा दीक्षित थाना भटनी के खिलाफ फर्जीवाड़ा का मुकदमा दर्ज करने को तहरीर दी। जांच में शिक्षक के बीएड प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया। बरहज के खंड शिक्षा अधिकारी सुदामा ने मदनपुर थाने में प्राथमिक विद्यालय समोगर द्वितीय में तैनात रहे सहायक अध्यापक चंद्रभूषण यादव के खिलाफ फर्जी मार्कशीट के मामले में केस दर्ज कराने को तहरीर दी। इस बाबत सीओ जिलाजीत ने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारियों के द्वारा थाने में फर्जी शिक्षकों के खिलाफ तहरीर दी गई है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

अमर उजाला दि०-03-7-22

# बालू लदा ट्रक पुलिस ने पकड़ा

## चक्का बालू में धंसा, माफिया ट्रैक्टर लेकर पहुंचा

संवाद न्यूज एजेंसी

**नौतन हथियागढ़ गांव स्थित छोटी गंडक नदी का मामला**

**देसही देवरिया।** रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के नौतन हथियागढ़ गांव स्थित छोटी गंडक नदी के तट पर पुलिस ने शनिवार को बालू लदे डंपर को पकड़ा। डंपर का पहिया बालू में धंस गया। चालक उसे ले जाने में सफल नहीं हो सका, तब तक पुलिस पहुंच गई।

रामपुर कारखाना थानाक्षेत्र के नौतन हथियागढ़ गांव स्थित छोटी गंडक नदी से सुबह बालू लादकर लेकर जा रहे डंपर का पहिया बालू में धंस गया। चालक ने निकालने का काफी प्रयास किया। घाट पर वाहन फंसने की जानकारी मिलते ही बालू माफिया ट्रैक्टर लेकर वहां पहुंच गया। ट्रैक्टर से वाहन खिंचवा रहा था कि इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया और थाने ले गई। एसओ महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि नौतन हथियागढ़ छोटी गंडक नदी से बालू लादकर एक डंपर जा रहा था। घाट पर ही उसे कब्जे में ले लिया गया है। खनन विभाग को सूचना दे दी गई है। आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## क्षेत्र में नहीं थम रहा बालू खनन

**देसही देवरिया।** रामपुर कारखाना और महुआडीह थानाक्षेत्रों में छोटी गंडक नदी से अवैध बालू खनन का कार्य इन दिनों जोरों पर है। कोटवा, हैतिमपुर, शाहजहांपुर, नौतन हथियागढ़ आदि जगहों पर बालू खनन का कार्य तेजी से हो रहा है। बालू माफिया काफी सक्रिय हैं। जिले से बाहर भी बालू की सप्लाई की जा रही है। स्थानीय लोग इस बात की शिकायत लगातार करते रहे हैं, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही धंधेबाज सतर्क हो जाते हैं।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-07-2022

# प्रचार वाहन को अफसरों ने किया रवाना

## फसल बीमा

**पडरौना, निसं।** कप्तानगंज तहसील परिसर में प्रधानमंत्री फसल बीमा प्रचार वाहन का डीएम व एसपी ने शनिवार को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान बेहतर पैदावार हासिल करने वाले पांच किसानों को डीएम को सम्मानित किया।

डीएम एस राजलिंगम व एसपी धवल कुमार जायसवाल ने कप्तानगंज तहसील परिसर में प्रधानमंत्री फसल बीमा प्रचार वाहन का हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। डीएम ने कहा कि प्रचार वाहन जिले के 158 गांवों में भ्रमण कर किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा के बारे में जानकारी देकर जागरूक करेगी।

वाहन के माध्यम से किसानों को धान फसल के लिए लगने वाला प्रिमियम और मिलने वाली धनराशि के बारे में जानकारी मिलेगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा अन्य गांवों में किसान पाठशाला का आयोजन किया जायेगा। डीएम ने इस दौरान बेहतर पैदावार हासिल करने वाले पांच किसानों को सम्मानित किया गया। इसमें संजय यादव किसान धान की फसल, दिग्विजय जायसवाल धान की फसल, केदार यादव केला की फसल, दीनानाथ कुशवाहा केला की फसल , रामबहाल यादव को केला की फसल के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान उपकृषि निदेशक आशीष, जिला कृषि अधिकारी प्यारेलाल, प्रिंस कोआर्डिनेटर, आकाश गोंड, शैलेंद्र, अभय प्रताप, रंजीत, शशिरंजन आदि उपस्थित रहे।



शनिवार को कप्तानगंज तहसील में फसल बीमा प्रचार वाहन को रवाना करते डीएम व एसपी। • हिन्दुस्तान

# पॉक्सो एक्ट में वांछित को भेजा जेल

कुशीनगर। एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान में शनिवार को थाना कुबेरस्थान पुलिस द्वारा धूप सागर पोखरे के पास से पाक्सो एक्ट से संबंधित मुकदमे में वांछित अभियुक्त करन वर्मा पुत्र बालिचन्द्र वर्मा निवासी पिपराजटामपुर थाना कुबेरस्थान को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसएसआई रामचन्द्र यादव एवं हेड कांस्टेबल उमेश यादव शामिल रहे।

# गैंगस्टर में निरुद्ध अपराधी जिला बदर

कुशीनगर। जटहां बाजार पुलिस ने अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय के आदेश पर गैंगस्टर में निरुद्ध अभियुक्त दर्शन रंगवा पुत्र कंचन रंगवा निवासी मंसाछापर शम्भू छपरा थाना जटहा बाजार को जनपद की सीमा से 6 माह निष्कासित करने व उपस्थित जनपद देवरिया के सदर कोतवाली में दर्ज कराने के आदेश के क्रम में हिरासत में लेकर जिला बदर की कार्रवाई में जुटी है।

# कसया थाने में 20 वाहनों की हुई नीलामी

कसया। स्थानीय थाने पर वर्षों से लवारिस व विभिन्न मुकदमों में जब्त किए गए छोटे-बड़े कुल 20 वाहनों की शनिवार को नीलामी की गयी।

1



# साइबर अपराध होने पर इन नंबरों पर करें संपर्क

कुशीनगर। एएसपी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि साइबर ठगी होने पर हेल्प लाइन 112 और 1930 पर फोन करके या **www. cybarcrime. gov. in** पर जानकारी दें।

# कसया में समाधान दिवस पर महज सात मामलों का निस्तारण

**कसया।** तहसील सभागार में एसडीएम की अगुवाई में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें कुल 50 मामले आए, जिसमें से मौके पर महज सात का ही निस्तारण हो सका।

एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव की अगुवाई में सुबह 10 बजे से संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आरंभ हुआ। जिसमें दोपहर दो बजे तक राजस्व विभाग के 30, पुलिस के 18 व विकास एक व अन्य विभाग का एक मामला सामने आया। इस मौके पर तहसीलदार मांधात प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार आशीष गुप्ता, सीओ पीयूषकांत राय, राजस्व निरीक्षण ब्रजेश मणि त्रिपाठी, श्रीनिवास सिंह, अरविंद पति त्रिपाठी, निलेश रंजन राव रहे।

## कप्तानगंज में समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनीं शिकायतें

# समाधान दिवस में आए 426 मामले, 67 को त्वरित न्याय

**कुशीनगर, हिन्दुस्तान टीम।** फरियादियों को त्वरित न्याय देने के लिये जिले के सभी छह तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस शनिवार को आयोजित हुआ। इसमें जिले के 426 लोगों ने प्रार्थना पत्र देकर अपनी अपनी फरियाद सुनायी। इसमें से 67 फरियादियों को त्वरित न्याय मिला। 359 फरियादियों को आश्वासन की घुट्टी पिला कर वापस कर दिया गया। डीएम एस राजलिंगम की अध्यक्षता व एसपी धवल जायसवाल की मौजूदगी में कप्तानगंज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सबसे अधिक 27 फरियादियों को त्वरित न्याय मिला।

कप्तानगंज संवाद के अनुसार जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम एस राजलिगंम और एसपी धवल जयसवाल ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। समाधान दिवस में कुल 101 मामले आए जिसमें से 27 मामले का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। डीएम ने समाधान दिवस में उपस्थित राजस्व और पुलिसकर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि मामले के निस्तारण करने में कोताही न बरतें। इस मौके पर सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया, एसडीएम गोपाल शर्मा, तहसीलदार कृष्ण गोपाल त्रिपाठी, एसओ अनिल कुमार उपाध्याय, ईओ कप्तानगंज विनय कुमार मिश्र, , खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार मिश्रा, पूर्ति निरीक्षक दुर्गादत्त, लेखपाल मार्कंडेय गुप्ता सहित अन्य पुलिस व राजस्व कर्मी उपस्थित रहे। पडरौना तहसील सभागार में एसडीएम महात्मा सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इसमें 29 लोगों ने प्रार्थना पत्र देकर अपनी फरियाद सुनायी। इसमें से पांच फरियादियों को त्वरित न्याय मिला।

**खड्डा संवाद** के अनुसार खड्डा तहसील परिसर में शनिवार को एडीएम देवीदयाल वर्मा की अध्यक्षता व एसडीएम भावना सिंह की देखरेख में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ।समाधान दिवस में 54 मामले आये, इसमें से सिर्फ 7 आवेदनों का ही मौके पर निस्तारण कराया जा सका। बाकी 47 बचे मामलों को सम्बंधित विभाग में निस्तारण हेतु भेजा गया। अपर जिलाधिकारी के समक्ष अहिरौली के ग्राम प्रधान गणेश कुशवाहा ने गांव के नवीन परती की जमीन पर हुए अवैध कब्जे को हटवाने तथा उक्त जमीन पर स्थित महुंआ का पेड कटवाने की शिकायत की। इस दौरान एएसपी रितेश कुमार सिंह, सीओ सन्दीप वर्मा तहसीलदार दिनेश कुमार नायब तहसीलदार रवि यादव मौजूद रहे।

**तमकुहीराज संवाद** के अनुसार तमकुहीराज तहसील सभागर में एसडीएम व्यास नारायण उमराव की अध्यक्षता में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व के 28, पुलिस के 14, विकास के 6 एवं अन्य से 16 सहित कुल 64 मामले आए। इसमें से राजस्व के 7 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर शेष को त्वरित कार्यवाई हेतु संबधित विभागों को दिया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी जितेंद्र सिंह कालरा मौजूद रहे।



शनिवार को कप्तानगंज में आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनते डीएम एस राजलिंगम और एसपी धवल जायसवाल। ● हिन्दुस्तान

### हाटा में सर्वाधिक 128 ने सुनायी फरियाद

हाटा संवाद के अनुसार स्थानीय तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस एसडीएम वरुण पांडेय के समक्ष 128 मामले आए इसमें से 14 फरियादियों को त्वरित न्याय मिला। शेष मामलों को संबंधित कर्मियों को देकर समय पूर्व निस्तारण करने का आदेश दिया। एसडीएम ने कहा कि शासन के मंशानुरूप मामलों के निस्तारण में तेजी लाएं।इस दौरान तहसीलदार नरेंद्र राम,ईओ अजय कुमार सिंह, एसडीओ विद्युत पी जायसवाल, लेखपाल हरिशंकर सिंह, प्रदीप कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# सोशल मीडिया पर धमकी पड़ेगी भारी

**नूपुर प्रकरण**

- नूपुर शर्मा के समर्थकों को धमकी के मामले बढ़े
- पुलिस ने सोशल मीडिया की निगरानी बढ़ाई

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। निलंबित भाजपा नेता नुपूर शर्मा के समर्थन और विरोध में सोशल मीडिया पर चल रहा अभियान धीरे-धीरे टकराहट का रूप लेने लगा है। उदयपुर की घटना के बाद नूपुर समर्थकों को धमकाए जाने के मामले तेजी से बढ़े हैं। प्रदेश में ऐसे दर्जन भर से ज्यादा मामले पुलिस तक पहुंचे हैं। अब पुलिस उन्हें चिह्नित करके सबक सिखाने में जुटी है।

नुपूर शर्मा के विवादित बयान के विरोध में गत तीन जून एवं 10 जून को जुमे की नमाज के बाद प्रदेश के विभिन्न जिलों में हुए प्रदर्शन के बाद पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। इस मामले में 10 जिलों में दर्ज किए 20 मुकदमों में कुल 424 अभियुक्त गिरफ्तार भी किए गए। सख्ती बढ़ने से शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद विरोध प्रदर्शन तो बंद हो गए लेकिन सोशल मीडिया पर आरोप-प्रत्यारोप के साथ धमकियों का दौर अभी जारी है। सोशल मीडिया पर नुपूर शर्मा के पक्ष विवादित बयान देने वाले हिन्दू संगठनों के नेताओं को खासतौर पर निशाना बनाया जा रहा है। सहारनपुर में बजरंग दल के चार सक्रिय नेताओं को धमकी मिली है तो गाजीपुर में एक यू-ट्यूबर को धमकी मिली है। सोशल मीडिया पर उदयपुर की घटना की निंदा करने वाले कानपुर के एक मुस्लिम संगठन के नेता को एक अज्ञात नंबर से फोन करके धमकी दी गई। इसी तरह हिन्दू महासभा के नेता स्व. कमलेश तिवारी की लखनऊ में रहने वाली पत्नी को पत्र लिखकर धमकाया गया है। आतंकियों ने कमलेश तिवारी की लखनऊ में उनके आवास पर ही हत्या कर दी थी। तभी से उनकी पत्नी पर भी खतरा बना हुआ है। इस बीच उनको उर्दू में लिखा एक पत्र भेजकर धमकी दी गई है। कई ऐसे लोग भी हैं जिन्होंने अभी पुलिस से शिकायत नहीं की है।

डीजीपी मुख्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि सोशल मीडिया सेल को सक्रिय कर दिया गया है। सभी विवादित पोस्ट पुलिस की निगरानी में हैं। धमकी देने वाले जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

अफवाह फैलाने वालों पर भी नजर रखी जा रही है। ट्विटर समेत यूपी पुलिस के सभी सोशल मीडिया एकाउंट से ऐसे तत्वों को लगातार आगाह किया जा रहा है।

# 27 को मिला न्याय, 74 पीड़ितों को आश्वासन

## तहसील समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनीं समस्याएं, लंबित मामलों में कार्रवाई के निर्देश

जासं, कप्तानगंज: तहसील समाधान दिवस पर इस बार भी बड़ी संख्या में पीड़ित निराश लौटे। डीएम-एसपी की मौजूदगी में सुनवाई कर रही अफसरों की टीम सभी पीड़ितों को न्याय नहीं दिला पाई। आयोजन के दौरान आए कुल 101 मामलों में से सिर्फ 27 का ही निस्तारण हो सका। शेष में अफसर टीम गठित कर समाधान का निर्देश दिया। हर बार की तरह इस बार भी पीड़ित निराकरण का आश्वासन पाकर घर लौट गए।

डीएम एस राजलिंगम तथा एसपी धवल जायसवाल की मौजूदगी में तहसील सभागार में सुबह 10 बजे समाधान आयोजित हुआ। शुरुआत में पीड़ितों की संख्या ठीक रही मगर दोपहर बाद इक्का-दुक्का पीड़ित ही पहुंचे। आयोजन के दौरान राजस्व के 53, पुलिस के 12, विकास के चार, समाज कल्याण के एक तथा अन्य से जुड़े 31 समेत कुल 101 मामले आए। कस्बा निवासी रामनरेश अग्रहरी ने सरकारी भूमि से कब्जा हटवाने, विपुल खेतान ने सरकारी बस स्टेशन की स्थापना, सुनिता व आयशा खातून ने शौचालय बनवाने में आ रही बाधा की जानकारी देते हुए भूमि पर हुए कब्जे को हटवाने की मांग की। उप्र उद्योग व्यापार मंडल कप्तानगंज के अध्यक्ष रमेश अग्रहरि, महामंत्री संतोष जायसवाल ने डीएम को तीन सूत्रीय मांगों से जुड़ा पत्रक सौंपा। राजस्व से जुड़े 27 मामले मौके पर ही निस्तारित कर दिए गए। डीएम ने कहा कि तहसील समाधान दिवस शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने तहसीलदार गोपाल त्रिपाठी को मामलों का तीन दिन के भीतर निस्तारण कराने का निर्देश दिया। एसपी ने कहा कि पुलिस से जुड़े मामलों का थानेदार त्वरित समाधान कराएं। भूमि विवाद के मामलों में राजस्व टीम की मदद लें।

इससे पूर्व डीएम-एसपी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आत्यधिक पैदावार के लिए चिन्हित पांच प्रमुख किसानों को सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। सीएमओ डा. सुरेश पटारिया, एसडीएम गोपाल शर्मा, बीडीओ प्रवीण कुमार शुक्ल, एसएचओ अनिल कुमार उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

इसी तरह पडरौना में एसडीएम महात्मा सिंह की मौजूदगी में आए 29 में से पांच, कसया में एसडीएम रश्मिका श्रीवास्तव के समक्ष आए 50 में से सात, हाटा में वरुण कुमार पांडेय की मौजूदगी में आए 128 में से 14 तथा खड्डा में एडीएम डीडी वर्मा व एएसपी रितेश कुमार सिंह की मौजूदगी में आए 54 में से सात मामलों का निस्तारण हुआ। तमकुहीराज में एसडीएम व्यास नारायण उमराव ने मामलों का निस्तारण किया।



कप्तानगंज तहसील सभागार में फरियाद सुनते दाएं से एसपी धवल जायसवाल व डीएम एस राजलिंगम• जागरण

# 20 वाहनों की हुई नीलामी

**कसया :** थाने पर वर्षों से लावारिस व विभिन्न मुकदमों में जब्त किए गए छोटे-बड़े 20 वाहनों की शनिवार को नीलामी की गयी। इससे एक लाख 58 हजार छह सौ रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई। सीओ पीयूषकांत राय, प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, नायब तहसीलदार आशीष गुप्ता, एआरटीओ मो .अजीम आदि उपस्थित रहे। (जासं)

# शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं बकरीद का त्योहार

**दुदही :** विशुनपुरा थाना परिसर में धर्म गुरु व प्रबुद्ध जनों की मौजूदगी में बकरीद का त्योहार शांति औरं सौहार्दपूर्ण ढंग के साथ मनाने के लिए प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप राय की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें तय हुआ कि शांति व्यवस्था कायम रखते हुए त्योहार मनाया जाएगा।. (जासं)

# गुंडा घोषित अपराधी छह माह के लिए जिला बदर

**मंसाछापर :** जिला मजिस्ट्रेट ने शातिर अपराधी को गुंडा घोषित करते हुए, शनिवार को छह माह के लिए जिला बदर का आदेश पारित किया। अब उसे जनपदीय सीमा से छह माह तक दूर रहना होगा। जिला मजिस्ट्रेट ने उसे देवरिया कोतवाली में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का भी आदेश दिया है। जटहाबाजार पुलिस ने मंसाछापर शंभू छपरा निवासी दर्शन रंगवा के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई कर उसे जिला बदर करने के लिए पत्रावली जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में भेजी थी। जिला मजिस्ट्रेट एस राजलिंगम ने दर्शन रंगवा को गुंडा घोषित करते हुए उसे जिला बदर का आदेश दिया। आदेश के क्रम में पुलिस ने देर शाम अभियुक्त को हिरासत में ले लिया। एसएचओ रामचंद्र राम ने बताया कि अभियुक्त को हिरासत में लेकर आवश्यक कार्रवाई में लगी है। (जासं)

# एसपी व थानेदारों को सीयूजी के अलावा दूसरा नंबर जारी

- सदर सहित सीमावर्ती क्षेत्रों के थानों में अक्सर रहती है नेटवर्क की समस्या
- जरूरत पर अफसरों तथा थानेदारों के सीयूजी नंबर पर नहीं हो पाती है बात

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** एसपी तथा पुलिस विभाग के दूसरे अधिकारियों व थानेदारों को सीयूजी नंबर के अतिरिक्त वैकल्पिक नंबर भी जारी किया गया है। नागरिक सीयूजी नंबर के अलावा इन वैकल्पिक नंबरों पर फोन कर अब अपनी समस्या बता सकते हैं। बिहार प्रांत से लगे इस जिले में जिला मुख्यालय तथा सीमावर्ती क्षेत्रों के थानों में अक्सर नेटवर्क की समस्या बनी रहती है। इससे जरूरत पर पीड़ित व्यक्ति थानेदार या पुलिस अधिकारियों को अपनी समस्या नहीं बता पाते थे।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि जिले में नेटवर्क की समस्या के कारण यह कदम उठाया गया है। जनपद के सीमावर्ती थानों में अक्सर यह समस्या बनी रहती है। इससे नागरिकों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। यह देखते हुए पुलिस अधिकारियों सहित थानेदारों को सीयूजी नंबर के साथ साथ अब वैकल्पि नंबर भी जारी किया गया है। नागरिक इन नंबरों पर अपनी बात आसानी से बता सकेंगे।

## ये हैं सीयूजी व वैकल्पिक नंबर

एसपी-9454400289-151008301, एएसपी-9454401082-9151008302, सीओ आफिस-9151008303, सीओ सदर-9454401419-9151008304, सीओ खड्डा-9454401420-9151008305, सीओ कसया-9454401422-9151008306, सीओ तमकुहीराज-9454401421-9151008307, कोतवाली पडरौना-9454403814-9151008308, महिला थाना-9454404889-9151008309,कुबेरस्थान-9454403812-9151008310, तुर्कपट्टी-9454403819-9151008311, जटहाबाजार-9454403808-9151008312, कसया-9454403810-9151008313, कोतवाली हाटा-9454403807-9151008314, कप्तानगज-9454403809-9151008315, अहिरौली बाजार-9454403803-9151008316, खड्डा-9454403811-9151008317, हनुमानगज-9454403806-9151008318 नेबुआ-नौरंगिया-9454403813-9151008319, रामकोला-9454403816-9151008320, पटहेरवा-9454403815-9151008321, तरयासुजान-9454403818-9151008323, सेवरही-9454403817-9151008324, विशुनपुरा-9454403805-9151008325 व बरवांपट्टी-9454403804-9151008326 ।

# पाक्सो एक्ट का आरोपित गिरफ्तार

**कुबेरस्थान**: कुबेरस्थान पुलिस ने क्षेत्र के धूप सागर पोखरा के पास से शनिवार को पाक्सो एक्ट के आरोपित को गिरफ्तार किया। पुलिस उसे न्यायालय ले गई, वहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक रणजीत सिंह भदौरिया ने बताया कि पुलिस टीम दोपहर में गश्त पर थी। धूप सागर पोखरा के पास पुलिस का वाहन देख एक युवक भागने लगा। दौड़ाकर पुलिसकर्मियों ने उसे दबोच लिया। उसकी पहचान करन वर्मा निवासी पिपराजटामपुर के रूप में हुई। उसके विरुद्ध पाक्सो एक्ट का मुकदमा पंजीकृत है।

# नशा से मुक्ति के लिए बच्चों ने निकाली रैली




खोट्ठा में प्रकृति इंटर नेशनल स्कूल परिसर में जागरूकता रैली को रवाना करतीं दाएं से डायरेक्टर सोनल श्रीवास्तव व अन्य• जागरण

जागरण संवाददाता, अहिरौली बाजार: सुकरौली ब्लाक के खोट्ठा गांव के टोला चुरामन चक में संचालित प्रकृति इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने नशा मुक्ति के लिए शनिवार को जागरूकता रैली निकाली। लोगों को नशा से मुक्त रहने के लिए जागरूक किया।

स्कूल की डायरेक्टर सोनल श्रीवास्तव ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। स्लोगन लिखी तख्तियों के माध्यम से बच्चे नशीली वस्तुओं के सेवन से दूर रहने के लिए सावधान कर रहे थे। प्रभारी निरीक्षक पंकज गुप्ता ने बच्चों से कहा कि आप सभी अपने स्वजन व समाज को बुराइयों से दूर रहने के लिए जागरूक कर सकते हैं।

## निकाली स्कूल चलो रैली

जासं., मंसाछापर: विकास खंड विशुनपुरा के ब्लाक संसाधन केंद्र नंदलालछपरा परिसर से शनिवार को बच्चों ने स्कूल चलो व संचारी रोग नियंत्रण जागरूकता रैली निकाली। बीईओ देवमुनि वर्मा व ग्राम प्रधान अख्तर अंसारी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। गांव के प्रमुख सड़कों का भ्रमण करते बच्चे विद्यालय में पहुंचे। बीईओ ने कहा कि सभी अभिभावक शिक्षा का महत्व को समझें और अपने पाल्यों का नामांकन कराएं। ग्राम प्रधान ने कहा कि संचारी रोग से बचाव के लिए गांव में गंदगी न होने दें और सफाई पर विशेष ध्यान दें। सोते समय मच्छरदानी और शुद्ध जल का इस्तेमाल करें।

# अब नहीं चलेगा बहाना, सीयूजी नहीं तो यह नंबर पड़ेगा उठाना

### एसपी ने लिया संज्ञान थानेदारों को जारी किए गए मोबाइल फोन नंबर

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। अब थानेदार मोबाइल फोन के नेटवर्क का बहाना नहीं बना सकेंगे। बीएसएनएल की सीयूजी काम न करने पर दूसरी कंपनी के मोबाइल फोन पर आमजन कॉल कर सकेंगे। शनिवार को एसपी धवल कुमार जायसवाल ने नए मोबाइल फोन नंबर जारी किए।

उन्होंने कहा कि थानेदार इन मोबाइल फोन नंबरों को अपने क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा कर दें, ताकि जरूरत पड़ने पर लोग आसानी से पुलिस को फोन कर सकें। थानेदारों के पास बीएसएनएल का भी सीयूजी नंबर है, लेकिन नेटवर्क की वजह से थानेदार नॉट रिचबल हो जाते हैं। कई थानेदार नेटवर्क न होने का हवाला देते हैं। जबकि उनके नंबर पर बात आसानी से हो जाती है। इस मामले की जानकारी होने पर अमर उजाला ने 20 जून के अंक में सीयूजी नंबर नहीं उठाते थानेदार शीर्षक से खबर का प्रकाशित किया था। इसे संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने जांच कराई। उन्होंने खुद से लेकर थानेदार को प्राइवेट कंपनी का एक और मोबाइल फोन नंबर उपलब्ध कराया, ताकि थानेदार बहाना न कर सकें।




20 जून को प्रकाशित खबर।

अमर उजाला इंपैक्ट

*जिले में बीएसएनएल का नेटवर्क सही न होने से समस्या आ रही थी। इसे देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था कराई गई है। सभी पुलिस अधिकारियों व थानेदारों को नया मोबाइल नंबर दिया गया है। नंबरों को सार्वजनिक स्थानों पर लिखवाने का निर्देश दिया गया है।*

*-धवल जायसवाल, एसपी, कुशीनगर*

### नया मोबाइल फोन नंबर

- पुलिस अधीक्षक- 9151008301
- अपर पुलिस अधीक्षक -9151008302
- क्षेत्राधिकारी ऑफिस- 9151008303
- क्षेत्राधिकारी सदर- 9151008304
- क्षेत्राधिकारी खड्डा- 9151008305
- क्षेत्राधिकारी कसया- 9151008306
- क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज- 9151008307
- कोतवाली पडरौना - 9151008308
- महिला थाना - 9151008309
- कुबेरस्थान- 91510083010
- तुर्कपट्टी- 9151008311
- जटहां बाजार - 9151008312
- कसया - 9151008313
- हाटा - 9151008314
- कप्तानगंज - 9151008315
- अहिरौलीबाजार - 9151008316
- खड्डा - 9151008317
- हनुमानगंज - 9151008318
- नेबुआ नौरंगिया - 9151008319
- रामकोला - 9151008320
- पटहेरवा - 9151008321
- तरया सुजान - 9151008323
- सेवरही- 9151008324
- विशुनपुरा - 9151008324
- कसयापट्टी - 9151008326

# संपूर्ण समाधान दिवस पर अधिकांश फरियादी खाली हाथ लौटे

## कप्तानगंज में संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम और एसपी ने सुनी समस्या, 101 मामलों में केवल 27 का निस्तारण

संवाद न्यूज एजेंसी



कप्तानगंज तहसील में फरियादियों की समस्या सुनते डीएम एस. राजलिंगम व एसपी धवल जायसवाल। संवाद

**पडरौना/कप्तानगंज।** जिले में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कप्तानगंज तहसील में डीएम और एसपी ने फरियादियों की समस्या सनी। कप्तानगंज में 101 मामले आए। मौके पर 27 का ही निस्तारण हो सका। अन्य मामलों में कार्रवाई के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए। हालांकि अधिकांश फरियादी खाली हाथ लौट गए।

संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व के 53, पुलिस के 12, विकास के चार, समाज कल्याण का एक व अन्य 31 मामले आए। डीएम ने राजस्व और पुलिसकर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि मामलों का निस्तारण करने में कोताही न बरतें। एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि पुलिस आम लोगों को न्याय दिलाने के लिए कटिबद्ध है। पडरौना में संपूर्ण समाधान दिवस पर 29 मामले आए। इनमें महज पांच मामलों का निस्तारण हो सका।

संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे डीएम और एसपी ने फसल बीमा के प्रचार के लिए वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल कप्तानगंज के अध्यक्ष रमेश अग्रहरि और महामंत्री के नेतृत्व में व्यापारियों ने नगर की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी राजनाथ भगत, एसडीएम गोपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

### समस्याओं का गुणवत्ता पूर्ण करें निस्तारण : एडीएम

**खड्डा।** संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में एडीएम की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान 57 मामले आए। इनमें सात का निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान एएसपी रितेश सिंह, एसडीएम भावना सिंह, सीओ संदीप वर्मा के सामने 57 लोगों ने अपनी समस्या समाधान के लिए प्रार्थनापत्र दिया। अधिकारियों ने सात लोगों की समस्या का समाधान करा दिया। एडीएम देवी दयाल व एएसपी रितेश सिंह ने कहा कि जनता की समस्याओं का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण हो जाने से तमाम विवाद स्वतः समाप्त हो जाते हैं। समाधान करते समय न्याय के सिद्धांतों का ध्यान रखें। तमकुहीराज प्रतिनिधि के अनुसारतहसील सभागर में उपजिलाधिकारी व्यास नारायण उमराव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें राजस्व के 28, पुलिस के 14, विकास के 06 एवं अन्य विभागों के 64 मामले आए। राजस्व के सात मामलों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी जितेंद्र सिंह कालरा, तहसीलदार दीपक कुमार गुप्ता, एडीओ पंचायत शिवशंकर पांडेय, पूर्ति निरीक्षक बैजनाथ सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद

# हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी पर लगाई रोक

**खड्डा।** मदरसे में हुई वित्तीय अनियमितता के आरोप में प्रधानाचार्य सहित तीन लोगों पर दर्ज मुकदमे में हाईकोर्ट ने आरोपियों की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है।

मदरसा अशरफिया अहले सुन्नत अनवारूल उलूम में वित्तीय अनियमितता, कूट रचना करने सहित अन्य धाराओं में कोर्ट के आदेश पर प्रधानाचार्य ओवैस अहमद सहित तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया था। संवाद

MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-07-2022

# एसपी ने 122 पुलिसकर्मियों का ट्रांसफर किया

महराजगंज। पुलिस महकमा में शनिवार को बड़े पैमाने पर पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। कुल 122 पुलिस कर्मियों को एक थाने से हटाकर दूसरे थानों पर ट्रांसफर किया है। उप निरीक्षकों का भी स्थानांतरण किया गया। पुलिस लाइन में तैनात पांच उप निरीक्षकों को थानों पर तैनात किया है। एसआई रोहित कुमार सिंह को चौकी प्रभारी पनियरा कस्बा बनाया गया है।

# 315 लोग फरियाद लेकर पहुंचे, 37 का ही समाधान

**समाधान दिवस**

महराजगंज, हिन्दुस्तान टीम। शनिवार को चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान कुल 315 लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। जिसमें अधिकारियों ने मौके पर केवल 37 मामलों का ही निस्तारण कर पाए, जो कुल शिकायतों का केवल 11.74 % ही है। शेष 278 मामलों को डीएम ने एक सप्ताह में गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने का निर्देश दिया है।

समाधान दिवस का आयोजन सदर तहसील में हुआ। यहां डीएम सत्येन्द्र कुमार, एसपी कौस्तुभ, सीडीओ गौरव सिंह सोगरवाल, एसडीएम सदर मो. जसीम ने फरियाद सुनी। यहां 70 लोग अपनी समस्या लेकर पहुंचे, जिसमें राजस्व के सबसे अधिक 39 मामले, पुलिस के 21, विकास के तीन, समाज कल्याण व शिक्षा विभाग के एक-एक मामले रहे। इसमें मौके पर दस मामलों निस्तारण कर दिया गया।

## फरेंदा में 147 में 13 का हुआ निस्तारण

फरेंदा। फरेंदा तहसील सभागार में एडीएम पंकज वर्मा के अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। यहां कुल 147 मामले आए। जिसमें मौके पर 13 मामलों का निस्तारण कर दिया गया।

**निचलौल में 17 में दो निस्तारित :** निचलौल। तहसील सभागार में शनिवार को एसडीएम सत्यप्रकाश मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान 17 मामले आए। इनमें से मौके पर केवल दो मामलों का निस्तारण हो पाया।

**नौतनवा में 81 में 12 निस्तारित :** नौतनवा। तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस एसडीएम दिनेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में हुआ। समाधान दिवस में कुल 81 मामले आए। जिनमें से 12 मामलों का मौके पर निस्तारण किया जा सका।

## एक नजर में

### गैंगस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**आनंदनगर:** फरेंदा कोतवाली पुलिस ने शनिवार को गैंगस्टर एक्ट के वांछित गौस मोहम्मद उर्फ छोटू निवासी फरेंदा बुजुर्ग टोला गुजरपुरवा को भइया फरेंदा से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अमित राय, उपनिरीक्षक रामकिशुन, अजीत चौधरी, सियाराम चौधरी शामिल रहे। (जासं)

# 11 उपनिरीक्षकों समेत 129 पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ ने शनिवार को पुलिस लाइन में तैनात सात उपनिरीक्षकों को थाना क्षेत्रों में पोस्टिंग करते हुए उपनिरीक्षक रोहित कुमार सिंह को पनियरा कस्बे का चौकी प्रभारी नियुक्त किया है। इसी क्रम में चार उपनिरीक्षकों समेत 122 अन्य पुलिसकर्मियों के थाना क्षेत्रों में भी फेरबदल करते हुए नई तैनाती दी है।



स्थानांतरण के इस क्रम में पुलिस लाइन में तैनात रोहित को चौकी प्रभारी के अलावा रामअचल व श्यामसुंदर पांडेय को कोतवाली, लालजी यादव को फरेंदा, लल्लन राम को निचलौल, रविंद्रनाथ यादव को सोनौली और फिरोज आलम को निचलौल में तैनाती दी गई है। इसी क्रम में घुघली थाने पर तैनात वशिष्ठ सिंह को फरेंदा, पुरंदरपुर में तैनात अवधेश सिंह को बृजमनगंज, उमाकांत सरज को बृजमनगंज से कोल्हुई और लवकुश कुमार सिंह को कोल्हुई से थाना पुरंदरपुर के लिए स्थानांतरित किया गया है। पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने बताया कि सभी को तत्काल तैनाती स्थल पर कार्यभार संभालने का निर्देश दिया गया है।

# धरी रह गई संपूर्ण समाधान की आस, अधिकतर लौटे निराश

## सभी तहसीलों में आए कुल 320 मामलों में मात्र 37 का ही किया जा सका निस्तारण, शेष संबंधित विभागों को भेजे गए

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** जिले की चारो तहसीलों में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को फरियादियों की भीड़ उमड़ी। इस दौरान कुल 320 मामले आए, जिसमें सिर्फ 37 का निस्तारण किया गया, शेष आवेदन पत्रों को संबंधित विभागों को निस्तारित करने के लिए भेजा गया है। इसमें फरेंदा में सर्वाधिक 147 और निचलौल में सबसे कम 17 मामले आए। समस्या के संपूर्ण समाधान के लिए आए अधिकर फरियादियों को लौटना पड़ा।



सदर तहसील में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में समस्या सुनते डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डा.कौस्तुभ ● जागरण



समाधान दिवस के दौरान कतार में खड़े फरियादी ● जागरण

- प्राथमिकता से करें शिकायतों का निस्तारण : जिलाधिकारी
- फरेंदा में सर्वाधिक 147 व निचलौल में सबसे कम 17 मामले आए

सदर तहसील सभागार में जिलास्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। यहां आए 75 मामलों में 10 का उन्होंने मौके पर ही निस्तारण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों का निस्तारण करें। आवेदनों, शिकायतों की व्यक्तिगत समीक्षा कर सुनिश्चित करें कि लोगों को शिकायतों के समाधान के लिए भटकना न पड़े।

इससे पूर्व जिलाधिकारी ने कृषि विभाग के प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। समाधान दिवस के संदर्भ में लगे विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया और मौजूद कर्मचारियों से उनके कार्यों की जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने कहा कि पटल पर मौजूद सभी कर्मी अपनी भूमिका के अनुसार जरूरी अभिलेखों व उपकरणों के साथ उपस्थित रहें, ताकि फरियादियों की समस्याओं का समाधान यथासंभव तत्काल किया जा सके। पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल, उपजिलाधिकारी सदर मो. जसीम समेत सभी वरिष्ठ व जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आनंदनगर संवाददाता के अनुसार तहसील सभागार में एडीएम डा.पंकज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 147 मामले आए, जिसमें 13 का निस्तारण किया गया। उपजिलाधिकारी रामसजीवन मौर्य, पुलिस क्षेत्राधिकारी कोमल प्रसाद, थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्र, संजय सिंह मौजूद रहे।नौतनवा संवाददाता के अनुसार तहसील सभागार में एसडीएम दिनेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में आए 81 मामले में 12 का निस्तारण किया गया। तहसीलदार मुकेश कुमार सिंह, नायब तहसीलदार सौरभ कुमार श्रीवास्तव, इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय, थानाध्यक्ष परसामलिक गोरख नाथ सरोज, बरगदवा थानाध्यक्ष सुनील कुमार राय, सोनौली कोतवाल मनोज कुमार राय उपस्थित रहे। निचलौल संवाददाता के अनुसार तहसील सभागार में समाधान दिवस में 17 मामले आए, जिसमें दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। एसडीएम सत्यप्रकाश मिश्रा, पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनील दत्त दुबे खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा खंड विकास अधिकारी मिठौरा उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### 24 लोगों को शांतिभंग में किया गया पाबंद

**महराजगंज:** विभिन्न थानों की पुलिस ने शनिवार को मारपीट सहित अन्य मामलों में कुल 24 लोगों को शांति भंग में पाबंद किया है ।(जासं)

### 255 वाहनों का चालान

महराजगंज : यातायात नियमों के उल्लंघन में शनिवार को पुलिस ने 255 वाहनों का चालान किया। इसके अलावा पांच वाहन चालकों से 5600 का जुर्माना भी वसूल किया गया। (जासं)

# राहत की उम्मीद लेकर आए फरियादी निराश होकर लौटे

## जिले की तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन, 317 लोगों ने की फरियाद, सिर्फ 37 मामले निस्तारित

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। जिले के सभी चार तहसील सभागारों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। हालांकि इस दौरान मामलों के निस्तारण की रफ्तार सुस्त रही। राहत पाने की उम्मीद लेकर आए कई फरियादियों को निराश होकर लौटना पड़ा।

जिसमें दर्ज कराए गए कुल 317 शिकायतों में से जहां 37 मामलों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया, वहीं शेष 280 मामलों के निस्तारण के लिए विभागीय जिम्मेदारों को निर्देशित किया गया।

सदर तहसील सभागार में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 72 मामले आए, जिसमें से 10 का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि शेष मामलों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित करने का निर्देश विभागीय जिम्मेदारों को दिया गया। उन्होंने विभागीय जिम्मेदारों से कहा कि समाधान दिवस के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। ऐसा किए जाने से जहां आयोजन की सार्थकता सिद्ध होगी, वहीं पीड़ितों को अनावश्यक भटकना नहीं पड़ेगा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, एसडीएम सदर मोहम्मद जसीम समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



सदर तहसील में फरियाद सुनते डीएम व एसपी। अमर उजाला

फरेंदा प्रतिनिधि के मुताबिक तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 147 मामले दर्ज किए गए, जिसमें से 13 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम राम सजीवन मौर्य, सीओ कोमल प्रसाद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

नौतनवां प्रतिनिधि के अनुसार तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 81 मामले आए, जिसमें से 12 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया, शेष के निस्तारण के लिए जिम्मेदारों को निर्देशित किया गया।

इस दौरान तहसीलदार मुकेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। निचलौल प्रतिनिधि के अनुसार उप जिलाधिकारी सत्यप्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 17 मामले आए, जिसमें से दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष के निस्तारण के लिए जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



# सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर 2.70 करोड़ ठगे, केस

## कोल्हुई का युवक 16 लाख की ठगी का शिकार, कंप्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति का दिया था झांसा

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। हजरतगंज थाने में सचिवालय में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 2.70 करोड़ की ठगी करने वाले गिरोह के आठ सदस्यों पर केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि ठगों ने महराजगंज के युवक समेत 12 बेरोजगारों को कंप्यूटर ऑपरेटर की नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। रुपये वसूलने के बाद पीड़ितों को फर्जी नियुक्ति पत्र भी दिया गया। युवक जब सचिवालय में ज्वाइन करने पहुंचे तो ठगी का पता चला। पीड़ितों ने पुलिस से गुहार लगाई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ितों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रभारी निरीक्षक हजरतगंज अखिलेश मिश्रा के मुताबिक शंभू कुमार गुप्ता महाराजगंज के कोल्हुई का रहने वाला है। उनकी पहचान अयोध्या के रहने वाले जिम संचालक अब्दुल जलील उर्फ जामी से थी। जिम में जाने के दौरान कमल पंडित नाम के व्यक्ति से शंभू की मुलाकात हुई। शंभू सरकारी नौकरी के लिए तैयारी कर रहा है। इस बात का पता चलने पर कमल ने बताया कि सचिवालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर सीधी भर्ती होने वाली है। विभाग में उसके कई परिचित हैं। जिनकी मदद से रुपये खर्च करने पर आसानी से नौकरी मिल जाएगी। कमल पंडित की बात पर शंभू को भरोसा नहीं हुआ। उसने बात मानने से मना कर दिया। शंभू के इनकार करने पर कमल पंडित ने उसे हजरतगंज स्थित दारुलशफा में मिलने के लिए बुलाया। 15 अगस्त 2019 को शंभू और अब्दुल जलील लखनऊ पहुंचे।

### सचिवालय सहित कई अन्य विभागों में भी पकड़ की बात कही

शंभू के मुताबिक उसकी नौकरी लगवाने के बदले 16 लाख रुपये मांगे गए। एक लाख रुपये उसने नगद दिए। 15 लाख रुपये परिवार और परिचितों से उधार लेकर असगर खां के खाते में जमा कराए। जिसके बाद उसे नियुक्ति पत्र दिया गया, जिसमें सचिवालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर नियुक्ति की बात लिखी थी। शंभू ने ज्वाइनिंग लेटर मिलने की बात परिचितों को बताई। जिस पर वे लोग भी नौकरी लगवाने के लिए दबाव डालने लगे। शंभू के मुताबिक अब्दुल जलील ने भी रिश्तेदारों की नौकरी लगवाने की बात कही। आरोपियों का दावा था कि सचिवालय के अलावा आयकर, रेलवे और चिकित्सा विभाग में भी उनके परिचित अधिकारी हैं, जो रुपये लेकर नौकरी लगवाते हैं। करीब 12 लोगों से आरोपियों ने 2.70 करोड़ रुपये लिए। जिसके बाद उन्हें नियुक्ति पत्र भी दिए गए, जो फर्जी निकले। कमल पंडित, पांडेय जी और असगर खां के साथ गिरोह में सूबेदार राव, अरविंद मिश्रा, फैजी, विशाल और सैफी भी शामिल हैं। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा के मुताबिक कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नियुक्तिपत्र लेकर ज्वाइन करने पहुंचे तो खुला मामला

दारुलशफा के एक कमरे में कमल पंडित से मुलाकात हुई। जहां कमल ने उसकी पहचान असगर खां से कराई। कहा कि असगर खां के संबंध सचिवालय में तैनात पांडेय जी से है। जिनके जरिए ही नौकरी मिलेगी।

किसी तरह भरोसा हासिल करने के बाद कमल ने कुछ लोगों को कॉल किया। स्पीकर ऑन कर लोगों से पूछा कि तुम्हारी नौकरी कैसी चल रही है। इस पर दूसरी तरफ मौजूद व्यक्ति ने कमल और पांडेय जी का नौकरी लगवाने के लिए आभार जताया। यह देख कर शंभू और अब्दुल अजीज झांसे में आ गए।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-07-2022

# मेडिकल स्टाफ सहित तीन कोरोना संक्रमित

बस्ती। मेडिकल कॉलेज की चिकित्सा इकाई ओपेक अस्पताल कैली का एक स्टॉफ के साथ-साथ तीन लोग कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। जनपद में एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 21 हो गई है।

जिला महिला अस्पताल में वाल्टरगंज की एक महिला ने शनिवार को एएनसी से पूर्व कोरोना की एंटीजन जांच कराई। जिसमें में वह महिला पॉजिटिव मिली है। मेडिकल कॉलेज का एक 32 वर्षीय स्टॉफ आरटीपीसीआर जांच में संक्रमित मिला है।

शहर से सटे गिदही का एक 44 वर्षीय व्यक्ति भी जांच में पॉजिटिव मिला है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से पॉजिटिव मिले लोगों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है।

# आधा किलो गांजा संग एक गिरफ्तार

परसरामपुर। थाना पुलिस ने शनिवार को गश्त के दौरान मो. रिहान निवासी ग्राम रोहदा थाना परसरामपुर को आधा किलो गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया। एसआई पवन मिश्रा ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। पकड़ने वाली टीम में हेकां. अवनीश प्रताप सिंह, कां. भगवानदास, सुनील कुमार शामिल रहे।

# एंटीजन जांच में पॉजिटिव आरटीपीसीआर में निगेटिव

**बस्ती, निज संवाददाता।** एक ही समय में लिया गया कोविड का सैम्पल एंटीजन जांच में जहां पॉजिटिव आ रहा है, वहीं आरटीपीसीआर जांच में यह निगेटिव दर्शा रहा है। जिला महिला अस्पताल में एएनसी की कई महिलाओं की जांच में इस तरह का मामला सामने आया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से एंटीजन पॉजिटिव आने पर कोरोना संक्रमित मान लिया जाता है। आरटीपीसीआर की रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद मरीज के परिजन कोरोना संक्रमित मानने को तैयार नहीं होते हैं, और इसे लेकर विवाद की स्थिति पैदा हो जाती है।

विभागीय अभिलेखों के अनुसार सदर ब्लॉक के भेलखा गांव की महिला ने एएनसी से पूर्व महिला अस्पताल मे 27 जून को एंटीजन जांच कराई तो वह पॉजिटिव मिली।

# भगोड़े के घर पर कुर्की का नोटिस चस्पा

बस्ती। रेंज साइबर थाना ने नौकरी दिलाने के नाम पर दर्जनों लोगों से लाखों रुपए की ठगी करने के आरोपी रामसुधीर चौधरी निवासी टिकरिया थाना कप्तानगंज के आवास पर कुर्की किए जाने की नोटिस चस्पा किया। इंस्पेक्टर विकास यादव ने बताया कि आरोपी रामसुधीर पर केस दर्ज है। कोर्ट में हाजिर न होने पर आदेशानुसार आरोपी की संपत्ति कुर्क कर ली जाएगी। नोटिस चस्पा करने के दौरान एसआई आई अवधेश वर्मा, जावेद खान आदि मौजूद रहे।

# देश विरोधी नारा लगाने का आरोपी गिरफ्तार

बस्ती। वाल्टरगंज पुलिस ने देश विरोधी नारे लगाने के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष के मुताबिक सोशल मीडिया पर एक एक व्यक्ति द्वारा देश विरोधी नारा लगाया जा रहा था। आरोपी शमशेर अली उर्फ राजा निवासी सरैंया भरटोला को गिरफ्तार कर लिया गया।

# कोतवाली में 15 किलो गांजा संग एक गिरफ्तार

- एक बाइक और 560 रुपए भी किए गए बरामद
- एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया

बस्ती, हिसं। कोतवाली थाना, सर्विलांस और स्वाट की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर मूड़घाट के पास से एक आरोपी को संदिग्ध को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से 15 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान राजेश कुमार उर्फ बेचन निवासी कोठवा भरतपुर थाना नगर बस्ती के रुप में हुई। एक बाइक और 560 रुपए भी मिला।

आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी चौकी बड़ेबन एसआई मुनीन्द्र त्रिपाठी, प्रभारी स्वाट टीम एसआई सन्तोष कुमार, प्रभारी सर्विलांस सेल एसआई शशिकान्त, हेकां. अमरेश राय, राघवेंद्र दूबे, कां. विजय प्रकाश, शैलेन्द्र यादव, सम्पूर्णानन्द यादव, शिवकेश कुमार सिंह, जनार्दन, हिन्दे आजाद शामिल रहे। इसी क्रम में दुबौलिया पुलिस ने दोपहर साढ़े बारह बजे आरोपी रामगोविन्द यादव निवासी ग्राम मंझरिया थाना खजनी जनपद गोरखपुर को आधा किलो गांजा के साथ पण्डूल घाट पुल के पास गिरफ्तार कर लिया। टीम में एसआई राजेश कुमार तिवारी, कां. शेषनाथ यादव और आमिर अली शामिल रहे।

# हत्या के प्रयास के दो आरोपी गिरफ्तार

बस्ती। वाल्टरगंज पुलिस ने हत्या के प्रयास के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने बताया कि मंगलवार को थाना क्षेत्र के अभिषेक शुक्ला कथा सामग्री लेने पास में दुकान पर गए थे। इसी दौरान बाइक खड़ा करने को लेकर प्रदीप चौधरी निवासी परसा कुसुम से विवाद हो गया। दोनों पक्ष ने आपस में समझौता कर लिया था लेकिन पुलिस को कोई सूचना नहीं दी थी।

शनिवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे अभिषेक शुक्ला कहीं जा रहा था कि प्रदीप चौधरी ने लोहे की सरिया से वार कर घायल कर दिया। परिजन गंभीर हाल में अभिषेक को बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर ले गए। वहां से डॉक्टरों उच्च संस्थान के लिए रेफर कर दिया। मामले में वाल्टरगंज थाने में जानलेवा हमले का केस दर्ज किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी प्रदीप चौधरी निवासी परसा कुसुम और इरशाद निवासी बेलहसा थाना वाल्टरगंज को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त सरिया बरामद किया है।

## जिलाधिकारी ने शिकायतों की सूची जल्द तैयार करने के निर्देश दिए

# सर्वाधिक शिकायतों वाले कर्मियों पर होगी कार्रवाई

**समाधान दिवस**

**बस्ती, हिन्दुस्तान टीम।** सम्पूर्ण समाधान दिवस की शिकायत का समय से निस्तारण हो। यह निर्देश डीएम प्रियंका निरंजन ने विभागीय अधिकारियों को हर्रैया के संपूर्ण समाधान दिवस में दिया। हर्रैया के तहसील दिवस में कुल 141 मामले आए। सदर तहसील में 153 मामलों की सुनवाई हुई। मौके पर नौ का निस्तारण हुआ।

डीएम ने राजस्व विभाग की शिकायतों के निस्तारण के लिये कानूनगो एवं लेखपाल के हल्कावार शिकायतों को सूचीबद्ध करने को कहा। सर्वाधिक शिकायत जिस हल्के से आएगी, वहां के कानूनगो एवं लेखपाल की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र काफी संख्या में डिफाल्टर हैं। इसको भी प्राथमिकता पर निस्तारित करने की आवश्यकता है। हर्रैया के समाधान दिवस में राजस्व की 89, पुलिस की 41, विकास की 11, गन्ना की 4, विद्युत की 6 तथा अन्य 3 कुल 154 शिकायतें प्राप्त हुईं। 13 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष 141 शिकायतों को एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करने का निर्देश दिया। एसपी आशीष श्रीवास्तव, सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति, एसीएमओ डा. जयसिंह तथा उप जिलाधिकारी/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अमृतपाल कौर, पुलिस क्षेत्राधिकारी शेषमणि उपाध्याय ने लोगों की समस्याओं के निस्तारण में सहयोग दिया। पीडी कमलेश सोनी, उप निदेशक कृषि अनिल कुमार, एसओसी एके राय, सत्यवीर सिंह, सावित्री देवी, मिथलेश बौद्ध, अधिशाषी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।



हर्रैया में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम प्रियंका निरंजन ने एसपी आशीष श्रीवास्तव व सीडीओ डॉ. राजेश प्रजापति के साथ लोगों की शिकायतें सुनीं। ● हिन्दुस्तान

## डीएम से नहीं मिल पाया दिव्यांग दंपति

**हर्रैया।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियाद लेकर दिव्यांग दंपति सत्यवती व हृदयराम निवासी गड़हा राजा अपने रिक्सा से तहसील पहुंचे। यह दोनों पैरों से दिव्यांग हैं। तहसील परिसर के बाहर शिकायत पत्र लेकर डीएम से मिलने के लिए वाहन के रास्ते में खड़ा होकर इंतजार करने लगे। डीएम के निकलने से पहले राजस्व निरीक्षकों ने पीड़ित दंपति को नायब तहसीलदार निखिलेश वर्मा तक पहुंचाया। नायब तहसीलदार निखिलेश वर्मा ने शिकायत के निस्तारण का आश्वासन देकर रास्ता खाली कराया। दिव्यांग दंपति ने बताया कि मेरे घर के सहन पर बंजर जमीन है। जिस पर पड़ोसी कब्जा कर लिए हैं। घर से निकलने मे परेशानी होती है। पति-पत्नी दोनों दिव्यांग है। तीन साल से तहसील का चक्कर लगा रहे हैं। आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है। आने-जाने में कठिनाई होती है।

# घर में घुसकर बुजुर्ग पर ईंट से हमले का आरोप, मुकदमा दर्ज

जासं, दुईसांड़, बस्ती : लालगंज थानाक्षेत्र के सजहरा गांव में ननिहाल आए युवक ने नानी के कहने पर एक बुजुर्ग पर ईंट से हमला कर दिया। बीच बचाव में आईं महिलाओं को भी बेल्ट से मारा पीटा।

सजहरा गांव निवासी सिंचाई विभाग के सेवानिवृत्त पर्यवेक्षक गंगा प्रसाद पांडेय ने लालगंज पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार की शाम संत कबीरनगर जिले के कोतवाली खलीलाबाद अंतर्गत मड़या निवासी दामोदर उर्फ लालू पांडेय इसी गांव में काली प्रसाद के घर अपने ननिहाल आया था। आरोप लगाया कि अपनी नानी के कहने पर उसने पुरानी रंजिश को लेकर उन पर ईंट से हमला कर घायल कर दिया। हमले में उनके हाथ, पैर व सीने पर चोटें आई हैं। बताया कि बीच बचाव में आईं घर की महिलाओं को भी आरोपित ने बेल्ट से पीटा। लालगंज थानाध्यक्ष दिलीप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपित पर केस दर्ज किया गया है।

# जानलेवा हमले में दोनों आरोपित गिरफ्तार

जासं, सल्टौवा, बस्ती: वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के पचानू गांव निवासी एक युवक पर तीन युवकों ने पंजाब नेशनल बैंक सल्टौआ के सामने रोककर लाठी, डंडा व लोहे की राड से हमला कर मरणासन्न कर दिया। युवक अपनी बहन को विद्यालय छोड़कर बाइक से घर लौट रहा था।

थाना क्षेत्र के पचानू निवासी अभिषेक शुक्ल पुत्र परमेश्वर शनिवार की सुबह अपनी बहन शिवांगी को स्कूल छोड़ने सल्टौआ गया था। घर वापस लौटते समय पीएनबी के सामने पहले से घात लगाए तीन युवकों ने उस पर हमला बोल दिया। घटना की जानकारी मिलने पर स्वजन घायल को स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालत में सुधार न होने पर वहां से मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने बताया कि पीड़ित के पिता की तहरीर पर प्रदीप चौधरी पुत्र दूधनाथ निवासी परसा कुसुम व इरशाद पुत्र अब्दुल अजीज निवासी बेलहसा थाना वाल्टरगंज के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

# मूड़घाट के पास 15 किलो 100 ग्राम गांजा के साथ एक धराया

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : कोतवाली, सर्विलांस व स्वाट की संयुक्त टीम ने शुक्रवार की रात बाइक सवार एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया है।

कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि एक सूचना के आधार पर चौकी प्रभारी बड़ेवन मुनींद्र त्रिपाठी, स्वाट टीम प्रभारी संतोष कुमार व प्रभारी सर्विलांस सेल शशिकांत अपनी टीम के साथ मूड़घाट पर संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच बाइक पर एक युवक पीछे बोरी लादे पहुंचा तो उसे रोक कर पूछताछ की गई। पूछताछ की गई तो पता चला बोरी में गांजा रखा हुआ है। आरोपित की पहचान राजेश कुमार उर्फ बेचन निवासी कोठवा भरतपुर थाना नगर बस्ती के रूप में हुई। बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली में उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय रवाना किया गया। आरोपित को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी चौकी बड़ेवन, प्रभारी स्वाट व सर्विलांस टीम के अलावा हेड कां. अमरेश राय, राघवेंद्र दूबे, कां. विजय प्रकाश, शैलेंद्र यादव, संपूर्णानंद यादव, शिवकेश कुमार सिंह, जनार्दन, हिंदे आजाद शामिल रहे।


गांजा और बाइक के साथ गिरफ्तार युवक के साथ कोतवाली पुलिस • **जागरण**

**पांच सौ ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार** : परशुरामपुर, बस्तीः परशुरामपुर पुलिस ने 500 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। सिकंदरपुर चौकी प्रभारी पवन कुमार मिश्र ने बताया कि शनिवार को आरोपित मो. रिहान निवासी रोहदा थाना परशुरामपुर को गिरफ्तार कर उसके पास से गांजा बरामद किया गया। उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# चोरी के मामले में पकड़े गए आरोपित का गांजा में चालान

**जासं, दुबौलिया, बस्ती** : लालगंज की तरह दुबौलिया पुलिस अपनी पीठ थपथपाने के लिए हथकंडे अपना रही है। उच्चाधिकारी का भरोसा जीतने के लिए घटनाओं का अल्पीकरण या घटना कुछ और मुकदमा कुछ दर्ज कर अधिकारियों की मंशा पर पानी फेर रहे हैं।

दुबौलिया क्षेत्र के बैरागल गांव निवासी मोहम्मद इश्तियाक शुक्रवार को अपनी ससुराल प्रयागराज से पत्नी के साथ ,बस से घर आ रहा था। कप्तानगंज चौराहे पर बस से उतरकर गांव आने के लिए सवारी का इंतजार करने लगा। तभी सफेद रंग की एक मार्शल जीप आई। चालक ने उन्हें बैठा लिया। इश्तियाक ने बताया कि वह और उसकी पत्नी आगे की सीट पर बैठ गए। गाड़ी में पहले से चार लोग बैठे थे। कई बार कहने के बाद गाड़ी रुकी तो उसने अपना बैग नीचे उतारा, चेक किया तो उसमें रखा जेवर गायब था। चालक गाड़ी लेकर भागने लगा। उसके एक साथी को पकड़कर दुबौलिया पुलिस के हवाले कर दिया। दुबौलिया पुलिस को मामले में कार्रवाई की बात कही। पकड़े गए युवक ने नाम राम गोविंद यादव ग्राम मंझरिया थाना खजनी, गोरखपुर बताया था, शनिवार को दुबौलिया पुलिस ने इसी व्यक्ति को पंडूल घाट के पास से 505 ग्राम गांजा के साथ पकड़ने की बात कह न्यायालय भेज दिया।

# कार्रवाई की खानापूरी, दौड़ रहे अनफिट वाहन

## पंजीकृत 852 स्कूल वाहनों में 293 अनफिट, 50 वाहनों पर निलंबन की कार्रवाई शुरू

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** जिले में अवैध रूप से संचालित स्कूल वाहनों पर कार्रवाई के नाम पर खानापूरी की जाती है। जिसके कारण अनफिट स्कूल वाहन बेरोक टोक सड़कों पर दौड़ रहे हैं। ऐसे में नौनिहालों का जीवन खतरे में रहता है।

जिले में स्कूल वाहनों के रूप में कुल 852 वाहन पंजीकृत हैं। इसमें बस, मिनी बस, मैजिक और वैन शामिल हैं। इसके अलावा ढाई सौ के करीब टेंपो और वैन ऐसे हैं जो बच्चों को ढोते हैं। इनका पंजीकरण परिवहन विभाग में नहीं होता है। यह बिना पंजीकरण के स्कूली बच्चों लाते ले जाते हैं। पंजीकृत स्कूल वाहन में 559 ने ही अब तक फिटनेस की जांच कराई है। ऐसे में अभी भी 293 स्कूल वाहन ऐसे हैं जिनकी फिटनेस जांच नहीं हो सकी है। इसके बाद भी ऐसे वाहन स्कूली बच्चों के लिए मनमाने तौर पर प्रयोग किए जा रहे हैं।



टेम्पो में असुरक्षित ढोए जा रहे बच्चे ● जागरण

कभी कभार अभियान चलने पर परिवहन विभाग अनफिट स्कूल वाहनों के अलावा कुछ ऐसे वाहनों पर कार्रवाई करता है, मगर यह कार्रवाई महज औपचारिक होती है। इन वाहनों का चालान करके छोड़ दिया जाता है। बस्ती में दो वर्ष से एआरटीओ प्रवर्तन का पद रिक्त चल रहा है, ऐसे में अनफिट स्कूल वाहनों पर इन दो वर्षों में कभी-कभार ही कार्रवाई हुई है।

**16 अनफिट वाहनों का किया गया चालान :** टीएसआइ: टीएसआइ कामेश्वर सिंह ने बताया कि अनफिट स्कूल वाहनों को चेक करने और उनका चालान करने का अधिकार यातायात पुलिस को है, मगर अनफिट वाहनों के रजिस्ट्रेशन निलंबित करने का अधिकारी परिवहन विभाग को है। अब तक उनकी ओर से 16 अनफिट स्कूल वाहनों का चालान किया गया है। इसकी रिपोर्ट भी परिवहन विभाग के कार्यालय को भेज दी गई है।

### असुरक्षा में नौनिहाल

" 259 स्कूल वाहनों के संबंध में प्रबंधकों और प्रधानाचार्य को नोटिस देकर एक माह के भीतर फिटनेस जांच कराने को कहा गया था। नोटिस के एक माह बाद भी फिटनेस जांच न कराने वाले 50 स्कूली वाहनों के रजिस्ट्रेशन निलंबित करने की कार्रवाई शुरू की जा चुकी है।

**अरुण प्रकाश चौबे, एआरटीओ प्रशासन**

# समस्याओं का समाधान नहीं, निराश लौटे फरियादी

## समाधान दिवस में 411 मामलों में से 38 का निस्तारण, हरैया में जिलाधिकारी और एसपी ने सुनी फरियाद

**जासं,बस्ती :** शिकायतों को सुनकर समस्याओं के निस्तारण के लिए आयोजित होने वाला संपूर्ण समाधान दिवस रस्म अदायगी बनकर रह गया है। एक ही शिकायत के लिए लोग महीने भर चक्कर लगा रहे हैं लेकिन स्थिति जस की तस है। शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतें सुनी गईं, लेकिन राहत कब मिलेगी इसका कोई पता नहीं। कुल 411 मामले आए। जिनमें से महज 38 का ही निस्तारण हो पाया। शेष मामले संबंधित विभागों को समयबद्ध निस्तारण के लिए सौंप दिए गए। डीएम प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में हरैया तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तहसील दिवस में फरियादी सुबह दस बजे ही पहुंचे गए। डीएम दोपहर बाद पहुंचीं। इसको लेकर फरियादी परेशान हुए। कई तो दूसरे अधिकारी को शिकायती पत्र देकर निराश लौट गए। वहां कुल 154 मामले आए। जिनमें से 13 का ही निस्तारण हो सका। सर्वाधिक राजस्व विभाग से 89, पुलिस 41, विकास 11, गन्ना चार व विद्युत छह सहित अन्य विभाग से कुल तीन मामले आए। एसपी आशीष कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतें सुनी। सीडीओ राजेश प्रजापति, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अमृतपाल कौर, तहसीलदार इंद्रमणि त्रिपाठी सहित अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

**सदर में नौ मामले हुए निस्तारित:** सदर तहसील में एसडीएम सदर शैलेश दूबे की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुल 153 मामले आए। जिसमें से 9 मामलों का ही निस्तारण हो पाया। शेष मामलों को संबंधित विभाग को समयबद्ध तरीके निस्तारित करने के लिए सौंप दिए गए। पुलिस विभाग से जुड़े मामलों की सुनवाई सीओ सिटी आलोक प्रसाद व सीओ कलवारी विनय चौहान ने की। एसडीएम सदर ने कहा कि मामलों का त्वरित निस्तारण कर फरियादियों की समस्याओं को दूर किया जाए।



हरैया तहसील में फरियाद सुनती डीएम प्रियंका निरंजन व एसपी आशीष श्रीवास्तव ● जागरण

**भानपुर में 58 शिकायतें आईं**

**भानपुर, बस्ती :** भानपुर में मुख्य राजस्व अधिकारी नीता यादव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुल 58 मामलों का पंजीकरण किया गया। नौ मामले का ही निस्तारण हो पाया। अमरौली शुमाली टोला यादव पुरवा के ग्रामीणों ने शिकायत किया कि गांव के एक व्यक्ति द्वारा खलिहान की भूमि पर जबरन कब्जा कर लिया है। साथ ही उसके द्वारा लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सड़क की पटरियों पर मिट्टी डालकर ऊंचा कर दिया गया है, जिससे गांव से निकलने वाला वर्षा का पानी सड़क पर ही भरा हुआ है। भानपुर के कैलाश बिहारी सिंह ने शिकायत किया कि जोगिया स्थित खेल मैदान, जंगल जमीन व पशुचर की लगभग 20 बीघा भूमि पर गलत तरीके से पट्टा कराकर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है।

**रुधौली में एडीएम ने सुनी समस्याएं:** रुधौली में अपर जिलाधिकारी अभय कुमार मिश्र व अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुल 46 मामले आए। जिसमें सात मामले का निस्तारण हो सका। एसडीएम आनंद सिंह श्रीनेत, तहसीलदार प्रमोद कुमार, नायब तहसीलदार कमलेंद्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र, अंजनी नंदन शरण, हबीबुल्लाह मौजूद रहे।

# सीआरपीसी के धारा 82 की नोटिस चस्पा

बस्ती : साइबर थाने की पुलिस ने शनिवार को कोर्ट के आदेश पर साइबर क्राइम में वांछित आरोपित के घर पर सीआरपीसी की धारा 82 के तहत नोटिस चस्पा किया है। साइबर थाने के प्रभारी निरीक्षक विकास यादव और उनकी टीम ने शनिवार को दोपहर टिकरिया गांव पहुंचकर राम सुधीर चौधरी के विरुद्ध 82 सीआरपीसी की नोटिस उसके घर पर कोर्ट के आदेश पर चस्पा किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि यदि नियत तिथि पर कोर्ट के समक्ष आरोपित उपस्थित नहीं होता है तो कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

# वीडियो में पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने वाला गिरफ्तार

**फेसबुक पर वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपित शमशेर अली को पकड़ा, मुकदमा दर्ज कर वीडियो बनाने वाले की तलाश**

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** भारत विरोधी गतिविधियों का वीडियो बनाकर फेसबुक पर वायरल करने वाले दो आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। एक आरोपित को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपित शमशेर अली उर्फ राजा वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के सरैया भटोलवा (गनेशपुर) गांव का रहने वाला है।

शनिवार को वायरल वीडियो में एक युवक हिंदुस्तान मुर्दाबाद, पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहा है। जानकारी पुलिस तक पहुंची तो इसकी जांच शुरू हुई। जांच में नारा लगाने वाले युवक की पहचान सरैया भटोलवा निवासी शमशेर अली उर्फ राजा के रूप में हुई। वाल्टरगंज थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने प्रकरण की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी और आरोपित को उसके गांव पहुंचकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने नारेबाजी करने वाले के अलावा वीडियो बनाने वाले अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध भी मुकदमा दर्ज किया है और उसकी तलाश में जुटी हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में आरोपित शमशेर अली उर्फ राजा को गिरफ्तार करने के साथ उसका वीडियो बनाने वाले की तलाश कर रही है।



वाल्टरगंज थाने पर गिरफ्तार आरोपित ● सौ. पुलिस विभाग

# पुलिस ने अभियुक्त के घर नोटिस चस्पा किया

**महराजगंज (बस्ती)।** साइबर थाने की पुलिस ने शनिवार को कोर्ट के आदेश पर साइबर क्राइम में वांछित आरोपी के घर पर सीआरपीसी की नोटिस चस्पा किया है। जिले के साइबर थाने के प्रभारी निरीक्षक विकास यादव, एसआई अवधेश वर्मा, जावेद खान, हेड कांस्टेबल महेंद्र यादव, मनोज राय, मनिंद्र चन्द्र की टीम शनिवार की दोपहर कप्तानगंज थाने के टिकरिया गांव पहुंची। यहां टीम ने साइबर क्राइम व आईपीसी की गंभीर धाराओं में वांछित आरोपी राम सुधीर चौधरी के घर व अन्य स्थानों पर कोर्ट के आदेश पर नोटिस चस्पा किया। साइबर थाने के प्रभारी निरीक्षक विकास यादव ने बताया कि यदि नियत तिथि पर कोर्ट के समक्ष आरोपी उपस्थित नहीं होता है तो कुर्की की कार्रवाई होगी। संवाद

# गांजा के साथ गिरफ्तार

**दुबौलिया।** स्थानीय पुलिस ने गोरखपुर जनपद के थाना खजनी के ग्राम मंझरिया निवासी राम गोविंद को 505 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने राम गोविंद के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

# देश विरोधी नारा लगाने का आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** सोशल मीडिया पर देश विरोधी नारे लगाने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। इसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

थानाध्यक्ष वाल्टरगंज योगेश सिंह के मुताबिक सोशल मीडिया पर थाना क्षेत्र के सरैया भरटोला निवासी 19 वर्षीय शमशेर अली उर्फ राजा का देश विरोधी नारे लगाते हुए वीडियो वायरल हुआ।

बताया कि मामला संज्ञान में आते ही युवक शमशेर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ राष्ट्रीय अखंडता पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला नारा लगाने, विभिन्न समुदाय के बीच वैमनस्यता व घृणा पैदा करने, साजिश में शामिल होने की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 03-07-2022

# जनसमस्याओं का न्यायोचित निस्तारण जरूरी: एसडीएम

*इटवा (एसएनबी)।* उपजिलाधिकारी अभिषेक पाठक की अध्यक्षता में स्थानीय तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 26 फरयादी आये। जिसमें राजस्व के सिर्फ 2 मामलों का मौके पर निस्तारण हो सका है। शेष मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के लिए उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है।

आम जनता को एक छत के नीचे त्वरित न्याय प्रदान करने के लिए ही संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्राप्त शिकायतों को नेट पर भी पंजीकृत करके कार्रवाई का ब्यौरा भी अंकित किया जाता है। जिसकी समीक्षा जिलाधिकारी से लेकर प्रमुख सचिव द्वारा नियमित रूप से की जा रही है। इस अवसर पर कुल 26 मामले आये। जिसमें राजस्व के 13, पुलिस के 7, विकास के 2 तथा अन्य विभागों के 3 एवं आपूर्ति विभाग का एक मामला शामिल है। जिसमें से राजस्व के दो मामलों का तत्काल मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया है। एसडीएम ने सभी फरियादियों को एक-एक करके गंभीरता से सुनकर उनकी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने के लिए उपस्थित अधिकारियों को कड़ा निर्देश देते हुए सरकार की मंशा के अनुरूप समस्याओं के निस्तारण करने को कहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी आम जनता की समस्याओं का समाधान करें। सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक अवश्य पहुंचायें। इसमें उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। समाधान दिवस में तहसीलदार धर्मवीर भारती, पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश चन्द्र पांडेय, वन क्षेत्राधिकारी नंदलाल, चकबंदी अधिकारी, बीडीओ इटवा अरूण कुमार श्रीवास्तव, बीडीओ खुनियांव आनंद कुमार गुप्ता, एसडीओ विद्युत, प्रभारी निरीक्षक इटवा, मिश्रौलिया व त्रिलोकपुर एवं थानाध्यक्ष गोल्हौरा सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**डुमरियागंज कार्यालय के अनुसार** तहसील सभागार

## डुमरियागंज में 37 मामले में आठ का निस्तारण

डुमरियागंज में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम की अध्यक्षता में किया गया।जिसमें कुल 37 मामले पेश हुए। मौके पर महज 8 मामलों का निस्तारण किया गया। बाकी फरियादियों को आश्वासन देकर वापस कर दिया गया। शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम विकास कश्यप के समक्ष कुल 37 मामले पेश हुए। जिसमें राजस्व 21, पुलिस 10, विकास 1 अन्य के 5 मामले रहे। जिसमें राजस्व के 8 मामले का निस्तारण मौके पर किया गया। बाकी मामलों को निस्तारित करने के लिए जिम्मेदारों को सौंप दिया गया। एसडीएम ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सरकार इसलिए कराती है कि ताकि तहसील क्षेत्र के फरियादियों की समस्याएं एक दिन सुनकर उनका निस्तारण किया जा सके। इस कार्य में लापरवाही बिल्कुल न बरती जाए। जिम्मेदारों को निर्देश दिया कि जो भी मामले निस्तारित नहीं हो सके हैं। उनकी जांच कर हर हाल में निस्तारण किया जाए। इस दौरान तहसीलदार अरुण कुमार वर्मा, नायब तहसीलदार आनंद कुमार ओझा, पुलिस क्षेत्राधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव, बीईओ कुंवर विक्रम पाण्डेय, पूर्ति अधिकारी विजय सहाय, मुकेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।




डुमरियागंज में समाधान दिवस का दृश्य। फोटो : एसएनबी

# किसानों के भ्रमण दल को डीएम-एसपी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)**। राष्ट्रीय प्रगतिशील और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा प्रायोजित- कैपेसिटी बिल्डिंग फर एडप्शन अफ टेक्नोलोजी (कैट) स्कीम, के अन्तर्गत 25 किसानों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम, जनपद सिद्धार्थनगर से राष्ट्रीय चावल अनुसंधान केंद्र कटक ओडिशा के लिए सहयोगी संस्था जनार्दन प्रसाद मेमोरियल बहुउद्देशीय सामाजिक सेवा सोसाइटी के साथ आयोजित किया गया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य काला नमक चावल की खेती में शामिल सिद्धार्थनगर के 25 प्रगतिशील किसानों के माध्यम से चावल की खेती और कटाई में शामिल नवीनतम वैज्ञानिक पद्धतियों के बारे में जागरूकता पैदा करना और अन्य किसानों को भी मानक प्रक्रिया का प्रसार करना है। यात्रा का शुभारम्भ जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। डीडीएम नाबार्ड बृजराज साहनी ने बताया की नाबार्ड द्वारा किसानों के लिए इस तरह का प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यकम हमेशा कराया जाता रहा है , एवं राष्ट्रीय चावल अनुसंधान केंद्र कटक के भ्रमण से सिद्धार्थनगर में उच्च गुणवत्ता वाले काला नमक चावल के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा एवं किसानो की आय में भी वृद्धि होगी। नाबार्ड द्वारा किसानों को नयी पद्धती अपनाने के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा। इस भ्रमण में जनपद सिद्धार्थनगर के विभिन्न एफपीओ के 25 प्रगतिशील किसान प्रतिभाग कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला षि अधिकारी सीपी सिंह आदि उपस्थित रहे।



हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक फोटो : एसएनबी

# खुद प्रेमी ने ही की थी महिला की हत्या

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)**। उसका थाना क्षेत्र के ग्राम सभा तालनटवा के टोला मोहनिया में 30 जून की रात में धारदार हथियार से प्रहार कर की गई 32 वर्षीय महिला की निर्मम हत्या के घटना का खुलासा एसओजी, सर्विलांस व उसका थाना की संयुक्त टीम ने 24 घण्टे के अंदर कर दिया है। महिला की हत्या किसी और ने नही बल्कि उसके प्रेमी ने किया था।पकड़े गए हत्याभियुक्त का नाम विनोद साहनी पुत्र मोतीलाल है,वह गोरखपुर जिले के गुलरिहा थाना क्षेत्र के ग्राम मटियार का रहने वाला है।

**पिछले छह साल से मृतक महिला के घर पर आता जाता था हत्यारा**

पहली जुलाई को महराजगंज जनपद के पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम जरदी के रहने वाले मृतका के भाई शैलेश ने तहरीर दिया कि उसकी बहन की 30 जून की रात को धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दिया गया है।घटना की सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने पहुँचकर घटना स्थल का जायजा लिया था,तथा घटना का त्वरित खुलासा के लिए एसओजी,सर्विलांस व उसका थाने की संयुक्त टीम गठित किया था। मुखबिर की सूचना के आधार पर कर्मा मोड़ से घटना को अंजाम देने में प्रयोग किए गए हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया।पुलिस लाइन स्थित सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद कुमार ने बताया कि पकड़े गए हत्या अभियुक्त से जब कड़ाई से पूछताछ की तो बताया गया कि मेरा करीब 6 वर्ष से प्रेम समबन्ध था, मेरा उसके घर आना-जाना था। कुछ समय से वह मुझसे अच्छे से बात नही करती थी। जब भी उसको फोन करता था नम्बर व्यस्त आता था । मुझे सन्देह हो गया था कि वह किसी अन्य से प्रेम करती थी, मैं उसे बार-बार मना करता था, परन्तु वह मानती नही थी । घटना वाले दिन मैं उससे मिलने के लिये बोला तो पहले उसने मना किया फिर बोली कि आज मिल लो फिर मैं नही मिलूंगी । उसी रात्रि मैं उसके घर गया उसकी अन्य लड़को से बात करने को लेकर कहा-सुनी हुयी।जिससे मैं बहुत दुस्खी था । वह सो गयी लेकिन मुझे नींद नही आ रही थी, मै सीढ़ी पर बैठा था, कि वही पास में रखी कुल्हाड़ी को लेकर उसके कनपटी पर लगातार चार बार प्रहार कर दिया, जिससे वह मर गयी,तों कुल्हाड़ी को कमरे में छिपाकर फरार हो गया था।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी, सर्विलांस टीम प्रभारी शेषनाथ यादव,उप-निरीक्षक रामकुमार,मुख्य आरक्षी रमेश यादव,आरक्षी पवन तिवारी,



अभियुक्तों के बारे में जानकारी देते एसपी अमित कुमार आनंद।

आरक्षी अवनीश सिंह,आरक्षी देवेश यादव,विवेक मिश्रा,अभिनन्दन सिंह शामिल रहे। प्रेस वार्ता के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत, सीओ सदर प्रदीप यादव उपस्थित रहे।

# भानुप्रताप को मिली कोतवाली बांसी की कमान

**बांसी (एसएनबी)**। फरियादियों को समय से न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता के अलावा अपराधों पर नियंत्रण कर अपराधियों को जेल भेज कर कठोर से कठोर सजा दिलाये जाने का प्रयास किया जायेगा। उक्त बातें नवागत थानाध्यक्ष बांसी उपनिरीक्षक भानुप्रताप सिंह ने शनिवार को कार्यभार ग्रहण करने के बाद राष्ट्रीय सहारा प्रतिनिधि से एक मुलाकात के समय वार्ता के दौरान कहा है। उन्होंने कहा कि पीड़ित के लिए हमारे दरवाजे हमेशा खुले हुए रहेंगे साथ ही साथ कानून का उलंघन करने वाले के उपर सख्त कार्रवाई होगी चाहे भले ही वह कितनी उंची रसूख रखने वाला क्यों न हो। वे 2016बैच के उप निरीक्षक हैं। श्री सिंह इससे पूर्व थानाध्यक्ष शिवनगर डिड़ई व कपिलवस्तु के रूप में जिम्मेदारी निभा चुके हैं।वे काफी समय तक थाना शिवनगर के मूर्त रुप लेने से पहले चौकी इंचार्ज डिड़ई भी रह चुके थे। वे सिंह मूलतः देवरिया जनपद के रहने वाले हैं। उनके अच्छे व प्रशंसनीय कार्यो के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

# पुलिस बूथ का निर्माण शीघ्र कराने की मांग

**इटवा (एसएनबी)।** स्थानीय चौराहे पर पुलिसबूथ न होने के कारण पुलिस कर्मियों को यहां पर ड्यूटी करने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। समाजसेवियों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए शीघ्र पुलिस बूथ का निर्माण कराने की मांग किया है। इटवा चौराहे पर आम जनता की सुरक्षा के लिए 24 घंटे दो सिपाहियों की ड्यूटी इटवा थाना द्वारा सुरक्षा के लिए नियमित लगाई जाती है। इन लोगों को सर्दी तथा धूप व बरसात से बचाने के लिए लगभग दो दशक पूर्व तत्कालीन सांसद द्वारा अपने संसदीय निधि से धन देकर पुलिसबूथ का निर्माण मुख्य चौराहे पर कराया गया था। पांच वर्ष पूर्व बेवा-ढेबरूआ मार्ग का निर्माण शुरू होने पर लोक निर्माण विभाग द्वारा इटवा कस्बे में सड़क लेवल ठीक रखने के लिए इस बूथ को नस्तनाबूत कर दिया गया है। विभाग द्वारा यह आश्वासन दिया गया था कि चौराहे पर सड़क बनते ही तुरंत पुलिसबूथ का भी निर्माण कराया जायेगा। लेकिन सियासी दावपेच के चलते इसका निर्माण करने के लिए स्थान ही नहीं चिन्हित किया जा रहा है। जिसके कारण अब इसका निर्माण अधर में है। फलस्वरूप चौराहे पर ड्यूटी कर रहे सिपाहियों को खुले आसमान के नीचे बैठना मजबूरी है। समाजसेवियों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते शीघ्र इटवा चौराहे पर पुलिस बूथ निर्माण कराने की मांग किया है। इस संबंध में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग खंड-1 ने बताया कि बूथ का निर्माण जरूर कराया जायेगा।

# 31 वाहनों का किया गया चालान

सिद्धार्थनगर। यातायात पुलिस की ओर से शहर सनई तिराहा, साड़ी तिराहा, पेट्रोल पंप तिराहा, सिद्धार्थ तिराहा पर चलाए गए अभियान में नियमों का उलंघन करने वाले 31 वाहनों का चालान कर दिया गया है।

प्रभारी यातायात अमरेश कुमार यादव ने बताया कि इस दौरान वाहन स्वामियों से 35 हजार रुपये का शमन शुल्क भी वसूल किया गया।

# चोरी के दो मोटर पंप के साथ दो गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। लोटन पुलिस ने चोरी के दो मोटर पंप के साथ दो आरोपियों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक देवनन्दन उपाध्याय ने बताया कि बेलवा जगरनाथ मंदिर मोड़ से दो लोगों को पकड़ कर पूछताछ की गई तो चोरी करने की बात कुबूल की। आरोपियों ने चोरी का दो मोटर पंप भी बरामद कराया।

आरोपितों की पहचान क्षेत्र के भेलौजी बुजुर्ग गांव निवासी मंगरु पुत्र घरभरन व श्यामू उर्फ श्यामसुन्दर पुत्र चीनक यादव के रूप में हुई है।

उस्का बाजार के ताल नटवा में बिस्तर पर मृत मिली थी महिला

# प्रेमी ने की थी महिला की हत्या, पुलिस ने दबोचा

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। उस्का बाजार के ताल नटवा गांव के टोला मोहनिया में गुरुवार रात विवाहिता की धारदार हथियार से हत्या कर दी थी। शुक्रवार को घर के अंदर बिस्तर पर खून से लथपथ उसका शव मिला था। पुलिस ने खुलासा करते हुए मृतका के प्रेमी को शनिवार को दबोच लिया।

पुलिस का कहना है कि हत्या प्रेम प्रसंग में हुई थी। आरोपित गोरखपुर जिले का रहने वाला है। महराजगंज जिला के पनियरा के जहदी गांव निवासी मृतका के भाई ज्ञानेंद्र चौहान ने शुक्रवार को पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि उसकी बहन शैलेश (32) की शादी उस्का बाजार के ताल नटवा गांव के टोला मोहनिया निवासी संजय चौहान के साथ हुई थी। बहन की हत्या गोरखपुर के गुलहरिया के डुमरी मटियरवा गांव निवासी विनोद साहनी पुत्र मोतीलाल ने की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज लिया था। एसपी अमित कुमार आनंद ने खुलासा के लिए एसओजी व सर्विलांस टीम को लगाया था। एसपी ने शनिवार को घटना का खुलासा करते हुए बताया कि सुबह में पुलिस ने आरोपित विनोद साहनी को उस्का बाजार थाना के करमा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने हत्या की बात कुबूल की है। एसपी ने बताया कि आरोपित ने पूछताछ में बताया कि मृतका से उसका छह साल से प्रेम संबंध था। वह उससे मिलने आया करता था। इस बीच महिला के अंदर बदलाव देखने को मिलने लगा। फोन करने पर उसका फोन इंगेज मिलता था। गुरुवार को उसने मिलने के लिए फोन किया तो महिला ने कहा कि आज मिल लो दोबारा नहीं मिलेंगे। उसने पुलिस को बताया कि उसे शक हो गया कि उसका किसी और लड़के से संबंध है। जब महिला सो गई तब उसने कुल्हाड़ी से उसकी कनपटी पर वार कर हत्या कर दी थी और आलाकत्ल को बारजा पर फेंक फरार हो गया।



उस्का बाजार के तालनटवा गांव में हुई विवाहिता की हत्या का शनिवार को एसपी अमित आनंद ने खुलासा कर दिया। साथ में पकड़ा गया आरोपी व पुलिस टीम।

### आरोपित को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी, सर्विलांस प्रभारी शेषनाथ यादव, एसआई रामकुमार राजभर, रमेश यादव, पवन तिवारी, अवनीश सिंह, देवेश यादव, विवेक मिश्र, अभिनंदन सिंह गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में शामिल रहे।



नदी से शव को बाहर निकालने के बाद पुलिस के साथ मौके पर जुटे ग्रामीण।

# बूढ़ी राप्ती में डूबकर मासूम की मौत, मचा कोहराम

बिस्कोहर, हिन्दुस्तान संवाद। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के भियुरा घाट पर बूढ़ी राप्ती नदी में शुक्रवार शाम भैंस नहलाने गया मासूम अचानक नदी में बह गया और शनिवार की सुबह बूढ़ी घाट पर उतराती हुई उसकी लाश मिली है। शव मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इमलिया गांव निवासी राम प्रसाद का पुत्र राम करन (10) शुक्रवार की शाम घर से अपनी भैंस को लेकर बूढ़ी राप्ती नदी के भियुरा घाट पर नहलाने गया हुआ था। भैंस को नहलाते समय पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चल गया और बहने लगा। उसके साथ में गए गांव के एक अन्य चरवाहे ने चीख-पुकार मचाते हुए गांव में पहुंचकर उसके परिवारीजनों को इसकी जानकारी दी। घर से परिवारीजन जब तक नदी पर उसे बचाने पहुंचते तब तक देर हो चुकी थी। पानी के तेज बहाव में राम करन गुम हो चुका था। देर रात तक ग्रामीणों के साथ परिवारीजनों नदी में राम करन को खोजते रहे पर उसका पता नहीं चला। शनिवार सुबह घटना स्थल से 500 मीटर दूर बूढ़ी घाट पर राम करन की उतराती हुई लाश मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने नदी से शव को बाहर निकालने के बाद पीएम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर त्रिलोकपुर विद्याधर कुशवाहा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की हुई मौत

- महिला को बचाने के लिए ट्रेन ड्राइवर की सारी कोशिशें बेकार
- ड्राइवर ने ब्रेक लगाया, ट्रेन रुकते-रुकते महिला से टकरा गई

उस्का बाजार। शनिवार दोपहर उस्का बाजर रेलवे स्टेशन के आउटर सिंग्नल के पास ट्रैक के किनारे खड़ी 65 वर्षीय महिला को बचाने के लिए ट्रेन ड्राइवर की सारी कोशिशें बेकार चली गई। हार्न बजाने से भी जब महिला नहीं हटी तो उसने ट्रेन को रोकने के लिए ब्रेक लगा दी। ट्रेन रुकी भी लेकिन महिला टकरा गई इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

शनिवार दोपहर गोरखपुर से गोंडा जाने वाली पैसेंजर ट्रेन उस्का बाजार रेलवे आउटर से दूर थी तभी ड्राइवर की नजर रानीगंज गांव के पास ट्रैक के किनारे खड़ी महिला पर पड़ी जो दूसरी ओर देख रही थी। ड्राइवर ने महिला को देखते ही हार्न बजाना शुरू कर दिया।

ड्राइवर ने ब्रेक लगाई लेकिन ट्रेन रुकते-रुकते महिला से टकरा गई इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई व दम तोड़ दिया।

# महिला का हत्यारोपित प्रेमी गिरफ्तार

## मोहनिया में गुरुवार को हुई थी महिला की हत्या, गिरफ्तारी के लिए बनाई गई थी टीम

जागरण संवाददाता, उसका बाजार, सिद्धार्थनगर : ताल नटवा ग्राम पंचायत के मोहनिया टोले में गुरुवार की रात 32 वर्षीय महिला शैलेश की हत्या करने वाला उसका प्रेमी ही निकला। पुलिस टीम ने उसे 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी पुलिस ने बरामद कर ली है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने शनिवार को दी। वह पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

एसपी ने बताया कि आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस, एसओजी और सर्विलांस की तीन टीमों को लगाया गया था। उसे सुबह करमा मोड़ के पास से टीम ने गिरफ्तार कर लिया। हत्यारोपित गोरखपुर जनपद के थाना गुलरिहा अंतर्गत डोमरी टोला मटिअरवा निवासी विनोद साहनी पुत्र मोती लाल साहनी है। उसने पूछताछ में बताया है कि उसका करीब छह वर्ष से महिला शैलेश से प्रेम संबंध था। वह उसके घर आता- जाता था। कुछ समय से वह मुझसे अच्छे से बात नहीं करती थी। जब भी उसका फोन करता था नंबर व्यस्त रहता था। मुझे संदेह हो गया था कि वह किसी अन्य से बात करती है। मैंने उसे कई बार मना किया, परन्तु वह नहीं मानती थी। घटना वाले दिन उससे मिलने के लिए बोला तो पहले उसने मना किया, फिर बोली कि आज मिल लो फिर मैं नहीं मिलूंगी। इसके पश्चात उसके घर गया तो दूसरे व्यक्ति से मोबाइल पर बातचीत को लेकर बहस हो गई। जब वह सो गई तो परंतु मुझे नींद नहीं आ रही थी। कुछ देर सीढ़ी के पास बैठा था। वहीं बगल में रखी कुल्हाड़ी को लेकर उसके कनपटी पर लगातार प्रहार किया।



हत्यारोपित की गिरफ्तारी की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, एएसपी सुरेश चंद्र रावत ● जागरण

मृत्यु सुनिश्चित होने पर कुल्हाड़ी को कमरे के बारजे पर छिपा कर फरार हो गया। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक राजकुमार राजभर, सर्विलांस सेल प्रभारी शेषनाथ यादव,एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी,रमेश यादव,पवन तिवारी, अवनीश सिंह, देवेंद्र यादव, विवेक मिश्रा, अभिनंदन सिंह शामिल रहे। एएसपी सुरेश चंद्र रावत, सीओ सदर प्रदीप कुमार यादव भी मौजूद रहे।

**चोरी के मोटर सहित दो गिरफ्तार:** लोटन : पुलिस ने दो व्यक्तियों को चोरी के बिजली चलित मोटर पंप के साथ गिरफ्तार किया है। एसओ देवनन्दन उपाध्याय ने बताया कि कुछ जगहों पर मोटर पंप चोरी होने की सूचना मिली थी। इसकी जांच चल रही थी कि पता चला कि दो लोग बेलवा के पास बांध पर रात में कुछ सामान लेकर जा रहे है। पुलिस ने मौके पर से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। जिनके पास से दो अदद बिजली चलित मोटर पंप बरामद हुआ। आरोपितों ने अपना नाम मंगरू व श्यामू उर्फ श्यामसुंदर बताया। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक शिवनारायन सिंह, जीतेन्द्र कुमार,आलोक कुमार, रामकेश सरोज शामिल रहे।

**ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मृत्यु:** उसका बाजार, शनिवार को गोरखपुर-गोंडा रेलखंड पर उसका बाजार थानाक्षेत्र अंतर्गत उसका राजा रेलवे क्रासिंग के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध महिला की मृत्यु हो गई। सूचना पर थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह पहुंचे और शव का पहचान कराने का प्रयास किया। बाद में स्वजन ने महिला की शिनाख्त उसका बाजार थाना क्षेत्रांतर्गत उंटापार निवासिनी 65 वर्षीय कलावती देवी के रूप में किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला रेलखंड पर खड़ी थी जिसे देखकर चालक ओपी सिंह ने ट्रेन को रोकने का प्रयास किया, परंतु महिला इंजन के ठोकर से गिर गई व मृत्यु हो गई।

# मारपीट के मामले में एक गिरफ्तार

जासं,खेसरहा : ग्राम टीकूर में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सकारपार चौकी अंतर्गत टीकुर निवासी उमर मोहम्मद तथा इलियास के बीच पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई थी। उमर मोहम्मद को काफी चोट आई थी। उमर की पत्नी नूरजहां ने 24 जून को थाने में तहरीर दी थी। शनिवार को पीड़ित के मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# संजय डुमरियागंज, भानु बने बांसी के कोतवाल

**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज के थानाध्यक्ष सूर्यभान सिंह को रुपये के लेनदेन का ऑडियो वायरल होने के मामले एसपी ने उन्हें निलंबित कर दिया था। उनके स्थान पर बांसी के कोतवाल संजय मिश्र को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं, त्रिलोकपुर थाने में तैनात एसआई भानु प्रताप सिंह को बांसी कोतवाली का प्रभार सौंपा गया। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के मद्देनजर यह फेरबदल किया गया है। संवाद

# दूसरे से बात करने के संदेह में कर दी थी हत्या

## उसका क्षेत्र के एक गांव में हुई थी वारदात, आरोपी गिरफ्तार, सनसनीखेज हत्याकांड का पुलिस ने किया पर्दाफाश

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। घर में सो रही महिला की हत्या के मामले का एसओजी, सर्विलांस और उसका पुलिस की संयुक्त टीम ने पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने शनिवार सुबह आरोपी को क्षेत्र के करमा मोड़ से दबोच लिया। पुलिस का दावा है कि आरोपी का महिला से प्रेम संबंध था। इस बीच महिला दूसरे से बात करने लगी, जिससे नाराज होकर आरोपी ने कुल्हाड़ी से प्रहार करके उसकी जान ले ली। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। वहां से उसको जेल भेज दिया गया।

पुलिस लाइंस सभागार में एसपी अमित कुमार आनंद ने इस मामले के पर्दाफाश की जानकारी दी। एसपी ने बताया कि उसका थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की हत्या हो गई थी।

### पकड़ा गया आरोपी गोरखपुर के गुलरिहा क्षेत्र का रहने वाला

शुक्रवार को घर के कमरे में उसका खून से लथपथ शव मिला था। मृतका के भाई की तहरीर पर आरोपी विनोद साहनी, निवासी मटियार, थाना गुलरिहा, जनपद गोरखपुर पर हत्या सहित अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम लगाई गई थी। एसओजी, सर्विलांस और उसका थाने की पुलिस की टीम उसकी धरपकड़ के लिए लगी थी। इसी बीच शनिवार सुबह मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी गोरखपुर-नौगढ़ मार्ग पर स्थित करमा गांव के पास मौजूदा है।

वह भागने के लिए किसी वाहन के इंतजार में था। सूचना को संज्ञान में लेते हुए एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी, सर्विलांस प्रभारी शेषनाथ यादव, एसआई राजकुमार राजभर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। वहां संदिग्ध दिखा। पुलिस टीम आगे बढ़ी तो वह भागने लगा। घेराबंदी करके उसे दबोच लिया गया। आरोपी के निशानदेही पर हमला में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद की गई।



पकड़ा गया आरोपी। संवाद

### पूछताछ में उगले राज

पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए आरोपी विनोद से जब पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसका मृतका के साथ करीब छह वर्ष से प्रेम संबंध था। उसका उसके घर आना-जाना था। कुछ समय से वह उससे अच्छे से बात नहीं करती थी। जब भी उसे कॉल करता था, नंबर व्यस्त रहता था। संदेह हो गया था कि वह किसी अन्य से प्रेम करती थी। वह उसे बार-बार मना करता था। वह मान नहीं रही थी। घटना वाले दिन वह उससे मिलने के लिए कहा। पहले तो उसने मना कर दिया। फिर बोली कि आज आखिरी बार मिलेगी। उस रात वह उसके घर गया। वहां उससे कहासुनी हुई। उसके बाद वह सो गई। आरोपी के अनुसार, वह सीढ़ी पर बैठा था। उसके बाद वहीं पास में रखी कुल्हाड़ी को लेकर उसकी कनपटी पर लगातार चार बार प्रहार किया। जब वह मर गई तो कुल्हाड़ी को कमरे के बारजे पर छिपा दिया था। उसके बाद भाग निकला।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-07-2022

# साजिश के आरोप में दो युवतियां गिरफ्तार

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 10 वर्षीय दलित बालिका के साथ बीते दिनों हुई गैंगरेप की घटना की साजिश करने के

**धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 10 वर्षीय बालिका के साथ बीते 9 जून की रात हुई थी गैंगरेप की घटना**



पुलिस गिरफ्त में गैंगरेप की घटना में नामजद युवतियां।

आरोप में धनघटा पुलिस ने शनिवार को दो युवतियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवतियों के उपर पीड़िता को शौच के बहाने गांव के बाहर सीवान में साथ ले जाकर पीड़िता को हैवानों के हवाले करने का आरोप है। विदित हो कि बीते 9 जून की देर शाम थाना क्षेत्र के हैंसर बाजार निवासी सन्जू पुत्री सुरजू तथा राधा पुत्री घुरहू ने थाना क्षेत्र के गांव निवासी 10 वर्षीय दलित बालिका को शौच के बहाने गांव के बाहर सीवान में साथ लेकर गई जहां तीन युवक बाइक के साथ मौके पर मौजूद रहे। दोनों युवतियां सन्जू और राधा ने पीड़िता को बाइक सवार तीनों युवकों के हवाले कर दिया। तीनों युवक पीड़िता को बाइक पर बैठाकर गांव से कुछ दूर एक बाग में लेकर गए और तीनों युवकों ने बारी-बारी से पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता जब काफी देर घर वापस नहीं पहुंची तो उसकी तलाश करते हुए परिजन घटना स्थल पर पहुंच गए जहां पीड़िता अचेता अवस्था में पड़ी हुई मिली। बाद में होश में आने के बाद पीड़िता ने जब परिजनों को घटना की जानकारी दिया तो पीड़िता के पिता उसे लेकर धनघटा थाने पहुंचे जहां बीते 10 जून को थाना क्षेत्र के बेलौरा गांव निवासी छोटू पुत्र अज्ञात व सुमित पुत्र अज्ञात तथा हैंसर निवासी सन्जू पुत्री सुरजू तथा राधा पुत्री घुरहू समेत एक अन्य अज्ञात के विरूद्ध आईपीसी की धारा 363 व 376 डी पाक्सो एक्ट व एससी-एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कर गैंगरेप में शामिल उक्त हैवानों को पुलिस ने तत्काल जेल भेज दिया था। शनिवार को उक्त मुकदमे के विवेचक उपनिरीक्षक बीरबहादुर यादव हमराही पुलिसकर्मी अनिल मिश्र व हरीश सिंह तथा महिला कां.पूर्णिमा पांडेय व रीता श्रीवास्तव के साथ छापेमारी कर नामजद सन्जू व राधा को गिरफ्तार कर उन्हें आईपीसी की धारा 366 ए,363, 120 बी तथा 3 (2) वी एससी-एसटी एक्ट के तहत जेल भेज दिया।

# करमैनी-बेलौली तटबंध का डीएम ने लिया जायजा

मेंहदावल । जनपद के मेंहदावल अंतर्गत राप्ती नदी के दायें तट पर निर्मित करमैनी-बलौली तटबंध पर चल रही नवीन बाढ़ परियोजनाओं एवं कटान से प्रभावित संवेदनशील गांवों करमैनी, जोरवा, बेलौली आदि का जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने जायजा लिया। मानसूनी बारिश की शुरुआत के साथ ही संभावित बाढ़ से निपटने के लिए स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित को निर्देश दिया।



बंधे का निरीक्षण करती डीएम श्रीमती दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार।

उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को सभी परियोजना के समस्त कार्यों को आगामी 10 दिनों के अन्दर प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिये जाने का निर्देश दिया। अधिकारीद्वय ने पुलिस बाढ़ चौकी बढ़या ठाठर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बाढ़ से बचाव की तैयारियों एवं अब तक किये गये निर्माण कार्यों आदि के बारे में सहायक अभियंता ड्रेनेज खण्ड-2 रामउजागिर से जानकारी प्राप्त करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि संभावित बाढ़ को देखते हुए क्षतिग्रस्त तटबंधों की मरम्मत आदि का कार्य पूर्ण करा लिया जाय तथा समय-समय पर विभागीय अधिकारियों द्वारा अनिवार्य रूप से निगरानी की जाती रहे। उन्होंने कहा कि तटबंधों की सुरक्षा/निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर संबंधित अधिकारी/ठेकेदार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि आवश्यकतानुसार बाढ़ के समय विस्थापित लोगों के आश्रय स्थल का चयन पहले से ही कर लिया जाय। उन्होंने बाढ़ प्रबंधन के संबंध में विभागीय अधिकारियों को बाढ़ से निपटने के लिए अपनी कार्य योजना को समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया। अधिकारीद्वय ने स्थलीय निरीक्षण के दौरान बंधों के अतिसंवेदनशील तथा संवेदनशील स्थानों के बारे में जानकारी लेते हुए बाढ़ से बचाव के लिए विभिन्न बिन्दुओं पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने किमी 0 से.लेकर किमी 19.200 तक तटबंध को जहां देखा वहीं अति संवेदनशील स्थल का निरीक्षण करने के साथ ही अधिशाषी अभियंता से तटबंध की सुरक्षा के बावत पूछताछ की। डीएम ने विभाग के अधिकारियों को बांध की निगरानी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान बाढ़ से बचाव की तैयारियों का जायजा लिया गया। बांध के अतिसंवेदन तथा संवेदनशील स्थानों के बारे में जानकारी लेते हुए बाढ़ से बचाव के लिए अब तक की गयी तैयारियों की समीक्षा की गयी तथा सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के तहत बांध की सुरक्षा सुदृढ़ करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार मेंहदावल निशा श्रीवास्तव, अधिशाषी अभियन्ता ड्रेनेज खण्ड-02 अजय कुमार, जूनियर इंजीनियर वीरेन्द्र कुमार, अर्जुन प्रसाद सहित अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस : 107 प्रार्थना पत्रों में 24 निस्तारित

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिले के तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 131 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए इनमें से मौके पर 24 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया। जबकि शेष बचे 107 प्रार्थनो

**मेंहदावल में डीएम-एसपी व खलीलाबाद में एडीएम-एएसपी ने सुनी समस्याएं**

पत्रों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। तहसील मेंहदावल में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार तथा एसडीएम योगेश्वर सिंह और खलीलाबाद में अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह एवं उप जिलाधिकारी खलीलाबाद अजय कुमार त्रिपाठी ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और उसका निस्तारण किया।

तहसील खलीलाबाद में अपर जिलाधिकारी के समक्ष कुल 70 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुआ। इसमें 35 प्रार्थना पत्र केवल राजस्व विभाग से संबंधित आये। जबकि पुलिस विभाग के 12, विकास विभाग के 12, समाज कल्याण के 01, शिक्षा विभाग के 02 एवं अन्य विभाग का कुल 08 प्रार्थना पत्र शामिल है। इसमें से 16 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया जबकि शेष 54 प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।





मेंहदावल तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में समस्याओं को सुनती डीएम श्रीमती दिव्या मित्तल व एसपी सोनम कुमार तथा तहसील खलीलाबाद में फरियादियों की समस्याएं सुनते एडीएम, एएसपी व अन्य।

**प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में लापरवाही क्षम्य नहीं : डीएम** : मेंहदावल : तहसील समाधान दिवस की सार्थकता तब है जब इसमें आने वाले फरियादियों को समय से न्याय मिलें। इस दिवस की अपेक्षा पर खरा उतरने के लिए अधिकारी व कर्मचारी प्रतिबद्ध हो। इसमें आने वाले प्रार्थना पत्रों का निस्तारण समय से एवं निष्पक्ष तथा स्थलीय सत्यापन के साथ होना चाहिए। ये बातें मेंहदावल तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कही। उन्होंने कहा कि शासन सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के माध्यम से विवादों का निस्तारण स्थानीय स्तर पर कराने की प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं। शासन की प्रतिबद्धता धरातल पर तब सार्थक होगी जब इन दिवसों पर आने वाले अधिकारी व कर्मचारी अपने विभाग से संबंधित प्रार्थना पत्रों का निस्तारण समय से करते हुए आने वाले फरियादियों को निश्चित समयावधि के अंदर न्याय सुलभ करायें। प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में लापरवाह व शिथिलता बरतने वाले लोगो के विरुद्ध कार्रवाई समय से किया जाय। लापरवाह व शिथिल कर्मचारियों के कारण तहसील दिवस की सार्थकता असफल नहीं होनी चाहिए। इस दौरान कुल 36 मामलें आये जिसमें मौके पर 05 मामलों का निस्तारण किया गया। तहसील दिवस में पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार, एसडीएम योगेश्वर सिंह, सीओ अंबरीश भदौरिया, तहसीलदार निशा श्रीवास्तव, बीडीओ मेंहदावल अमरेश सिंह चौहान, एडीओ पंचायत दीप श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक मेंहदावल जयवर्धन सिंह, एसओ बेलहर कला संतोष मिश्र, थानाध्यक्ष धर्मसिंहवा अनिल कुमार, एसओ बखिरा अनिल कुमार सिंह, जेई विद्युत बिरेन्द्र श्रीवास्तव समेत कई लोग मौजूद रहे।

# सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

धनघटा। क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना में पुलिस ने शनिवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पंद्रह दिन पूर्व क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक ने अपने तीन मित्रों के साथ किशोरी के साथ बलात्कार किया था। इस मामले में पीड़ित परिजनों ने दुष्कर्म, पास्को एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज कराया था। जिसका मुख्य आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर था। इंस्पेक्टर अपराध चंदन कुमार ने बताया कि शनिवार की सुबह आरोपी को पकड़ कर न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

डीएम, एसपी ने करमैनी-बेलौली बांध का लिया जायजा, बाढ़ से प्रभावित स्थानों को ठीक कराने के निर्देश

# बांध की मजबूती का काम 10 दिन में पूरा करें

**निर्देश**

मेंहदावल,हिन्दुस्तान संवाद। डीएम दिव्या मित्तल व एसपी सोनम कुमार ने शनिवार को करमैनी-बेलौली बांध का जायजा लिया। डीएम ने बांध के संभावित प्रभावित हुए जगहों को ठीक करवाने का निर्देश दिया। शासन द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन करते हुए दस दिनों में बंधे की मजबूती सम्बन्धी सभी स्थानों पर काम पूरा करने का निर्देश दिया।

डीएम, एसपी ने करमैनी-बेलौली बांध का बारिश के बीच निरीक्षण किया। बांध के अतिसंवेदनशील तथा संवेदनशील जगहों नौगों, बिशुनपुर कछार, तिवारीपुर, छपिया, बढ़या कैम्प, स्टोर, बाढ़ चौकी, खैरा माता मंदिर, बेलौली सहित बन्धे से सटे सभी गांवों के बारे में जानकारी लेते हुए बाढ़ बचाव की तैयारियों की समीक्षा की। बेलौली व नौगो गांव के पास बने ठोकर, बाढ़ चौकी, स्टोर का निरीक्षण किया। डीएम ने मिट्टी की सही तरीके से कुटाई करवाते हुए मिट्टी भरी बोरियों का उपयोग करने का निर्देश दिया। स्टोर रूम में बाढ़ बचाव के सामान सीमेंट की खाली बोरी, नायलान कैरेट, वहां लगे हुए वायरलेस सेट व गेज का निरीक्षण किया। डीएम ने ड्रेनेज खंड के अधिकारियों से कहा कि बांध पर हुए रैट होल, शाही होल के अलावा रेन कट्स को हर हाल में चेक करते रहें। उन्होंने कहा कि बांध की सुरक्षा से ही किसानों की फसल व उनके जान माल की सुरक्षा हो सकती है। साथ ही बाढ़ चौकियों को सक्रिय रखने को कहा। नदी की सीधी ठोकर लगने वाले अतिसंवेदनशील गांव नौगो, जोरवा और बेलौली में लगातार पेट्रोलिंग करने को अधिशाषी अभियंता को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान अधिशाषी अभियंता अजय कुमार, सहायक अभियंता रामउजागिर लाल, वीरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।



राप्ती नदी के करमैनी-बेलौली बांध पर बाढ़ बचाव कार्यों का डीएम दिव्या मित्तल व एसपी सोनम कुमार ने जायजा लिया। • हिन्दुस्तान



धनघटा तहसील क्षेत्र के गायघाट दक्षिणी में सरयू की कटान से दो दर्जन मकान इसकी जद में आ गए हैं। • हिन्दुस्तान

## कुआनों का जलस्तर बढ़ा, राप्ती घटी

कई दिनों से राप्ती नदी के जलस्तर में वृद्धि देखने को मिल रही थी। लेकिन अब घटने लगी है। वहीं कुआनों नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। कुआनो नदी 73.880 मीटर पर बह रही है। इसमें 0.06 मीटर की बढ़ोतरी हुई है। राप्ती नदी 76.490 मीटर पर बह रही है। इसके जलस्तर में 0.20 मीटर की कमी दर्ज की गई। सभी नदियां खतरे के निशान से अभी काफी नीचे हैं।

## गायघाट दक्षिणी में सरयू की कटान से दहशत

हैसर। धनघटा तहसील क्षेत्र के गायघाट दक्षिणी में सरयू नदी की कटान का कहर लगातार जारी है। लगभग दो दर्जन घरों के नजदीक सरयू की कटान पहुंच चुकी है अगले कुछ दिनों में मकानों के नदी में विलीन होने की आशंका जताई जा रही है। घरों को बचाने के उपाय नजर नहीं आ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा बचाव के ठोस उपाय नहीं किए जा रहे हैं।

## जनपद के तीनों तहसीलों में हुए समाधान दिवस में 24 मामले निस्तारित

# समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण और जल्द करें निस्तारण

- जिलाधिकारी ने मेंहदावल में समाधान दिवस की अध्यक्षता की
- नवागत सीडीओ अतुल मिश्र ने धनघटा में सुनी लोगों की फरियाद



मेंहदावल तहसील में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में डीएम दिव्या मित्तल व एसपी सोनम कुमार ने शिकायतों की सुनवाई की। • हिन्दुस्तान

संतकबीरनगर, हिन्दुस्तान टीम। जनपद की तीनों तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इसमें कुल 131 मामले आए, इसमें से 24 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। डीएम दिव्या मित्तल व एसपी सोनम कुमार ने मेंहदावल, एडीएम मनोज कुमार सिंह ने खलीलाबाद और नवागत सीडीओ अतुल मिश्र ने धनघटा में पहुंचकर लोगों की शिकायंत को सुना और उसके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम दिव्या मित्तल फरियादियों की लंबित शिकायतों के प्रति बेहद गम्भीर दिखी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों का जल्द व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने मामलों के निस्तारण की प्रगति के बारे में भी जानकारी हासिल की।

मेंहदावल में कुल 36 मामले प्रस्तुत हुए। इसमें से पांच का निस्तारण तत्काल कर दिया गया। शेष निस्तरण के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए डीएम ने त्वरित गति से निस्तारित करने का निर्देश दिया। इस दौरान अधिकतर मामले भूमि विवाद के ही आए। भूमि विवाद के मामलों को सुलझाने के लिए उन्होंने राजस्वकर्मी और पुलिस को निष्पक्षता पूर्वक बेहतर तालमेल बनाकर मामलों को निस्तारित करने को कहा।

पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने, महिला सुरक्षा, अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पूरी सख्ती से काम करें। उन्होंने जनता से सीधे संवाद करते हुए कहा कि अधिक से अधिक मामलों को सुलह-समझौते से हल कराएं।

बारिश का मौसम होने की वजह से आज फरियादियों की संख्या कम देखने को मिली। इस अवसर पर एसडीएम योगेश्वर सिंह, तहसीलदार निशा श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार हरेराम यादव, सीओ अम्बरीष सिंह भदौरिया समेत कई जिला व तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। खलीलाबाद तहसील दिवस में कुल 70 मामले आए, इसमें से 16 का निस्तारण तत्काल कर दिया गया। इसमें राजस्व के 35, पुलिस के 12, विकास के 12, समाज कल्याण के एक, शिक्षा की दो और अन्य आठ शिकायतें शामिल रहीं। धनघटा तहसील में कुल 25 मामले आए जिसमें से तीन का त्वरित निस्तारण किया गया।

# तीन जुआरी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संतकबीरनगर। बखिरा पुलिस ने शनिवार को तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से तास के पत्तों के साथ ही 4220 रुपए बरामद किया। पकड़े गए जुआरियों में विकास पुत्र भगोले, पड़रिया थाना बेलहरकला, शमसुद्दीन पुत्र निसार अहमद, सई बड़हरा, थाना बखिरा, शमीम पुत्र मोहम्मद नवीम निवासी नन्दौर, थाना बखिरा को नन्दौर फतेपुर बगल स्थित बगीचे से गिरफ्तार किया।

# चार दिन से लापता है युवक पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

- 29 जून को जिला मुख्यालय के लिए निकला था युवक
- युवक के ससुर ने थाने पर दी तहरीर, पत्नी-बच्चे गमगीन

लोहरौली, हिन्दुस्तान संवाद। दुधारा थाना क्षेत्र के बजहरा का एक युवक चार दिन से गायब है। युवक के गायब होने से परिवार काफी गमजदा है। किसी अनहोनी की घटना को लेकर पत्नी और बच्चे काफी भयभीत हैं। युवक के ससुर ने दामाद के गायब होने की तहरीर दी है।

वत्सी वत्सा निवासी राम किशुन पुत्र रामसूरत ने थाने पर तहरीर दी है। तहरीर में लिखा है कि बजहरा निवासी मेरा दामाद चंद्रप्रकाश यादव पुत्र राम आसरे 29 जून को दिन में करीब 1:30 बजे अपने मोटरसाइकिल से खलीलाबाद के लिए निकला था। तीन दिन बाद भी घर वापस न आने से परिवार के लोग काफी गमजदा हैं। 29 जून से ही हम लोग नाते रिश्तेदार और दोस्तों के घर तलाश कर रहे हैं। मगर दामाद का कहीं भी कुछ पता नहीं लग पा रहा है।

पति का सुराग न लगने से पत्नी प्रमिला देवी, बेटी दिव्या, बेटा आर्यन व डब्लू भयभीत हैं। ससुर की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर युवक की तलाश शुरू कर दिया है।

# ३८ वाहनों का हुआ चालान

संतकबीरनगर। यातायात नियमों का पालन न करने वाले 38 वाहनों का पुलिस ने चालान किया। इस दौरान 27 हजार 500 रुपए का शमन शुल्क वसूल किया गया।

# गिरफ्तारी नहीं हुई तो चार से आन्दोलन

संतकबीरनगर। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन बरई टोला में इंजीनियर अमित सिंह पर हुए हमले से आक्रोशित है। संगठन के पदाधिकारियों ने एसएसपी को ज्ञापन सौंप कर नामजद आरोपितों को फौरी तौर पर गिरफ्तार करने की मांग की है। कहा कि यदि आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो संगठन चार जुलाई से आन्दोलन के लिए बाध्य होगा।

# एक वारंटी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। न्यायालय से वांछित अभियुक्तों की तलाश में चल रहे अभियान में शनिवार को बेलहर कला पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारंटी रामरक्षा ग्राम लोहरसन को कोर्ट में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया।

# मशीन से हो रहा कार्य, नहीं मिल रहा रोजगार

## संपूण समाधान दिवस :डीएम ने दिया जांच का आदेश, अधिकारियों को लगाई फटकार

- मेंहदावल तहसील में डीएम की अध्यक्षता में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस
- सरकारी भूमि पर ग्रामीणों ने अवैध कब्जा करने का लगाया आरोप

**जागरण टीम, संतकबीर नगर:** जनपद के तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। मेंहदावल में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान कुछ ग्रामीण डीएम के सम्मुख प्रस्तुत हुए और कहा कि उनके गांव में मनरेगा का काम मशीन से हो रहा है। जाब कार्डधारकों को काम नहीं मिल रहा। जिम्मेदार लोग सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार कर रहे हैं। इस मामले को डीएम ने गंभीरता से लिया और जांच का आदेश दिया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक 12:30 बजे समाधान दिवस में सुनवाई कर रहे थे।



मेहदवाल तहसील सभागार मे संपूर्ण समाधान दिवस मे समस्या सुनतीं डीएम दिव्या मितल व एसपी सोनम कुमार। ● जागरण

इसी दौरान मेंहदावल ब्लाक के ग्राम पंचनेवरी निवासी महेंद्र यादव, अभिमन्यु यादव, देवव्रत, मोनू यादव, ओमप्रकाश सहित 12 लोग तहसील दिवस में पहुंचे। लोगों ने ग्राम प्रधान पर लोडर मशीन का उपयोग कर चकरोड की पटाई का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर काफी कम मात्रा में मिट्टी डाली जा रही है। वर्षा होते ही सड़क की मिट्टी बह जा रही है। इसके साथ ही लोडर मशीन का खुलेआम इस्तेमाल हो रहा है। पूरे ग्राम पंचायत के लोग विरोध कर रहे हैं लेकिन ब्लाक के अधिकारी व ग्राम प्रधान की मिलीभगत से यह कार्य हो रहा है। डीएम ने इस मामले में तत्काल खंड विकास अधिकारी को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैरियहवा निवासी महेश ने मेड़बंदी कराई हुई जमीन पर विरोधियों के द्वारा मेड़ तोड़ने का आरोप लगाया। जिस पर उन्होंने मेंहदावल पुलिस को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसी दौरान सांथा विकास खंड के अतरीनानकर निवासी नरेंद्र कुमार पांडेय ने सरकारी भूमि पर ग्रामीणों ने अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया। डीएम ने तहसीलदार को सीमांकन कराकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जो मामले समाधान दिवस में आए हैं उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।

# सामूहिक दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**जासं, धनघटा:** क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। किशोरी के साथ 15 दिन पहले उसी गांव के युवक ने तीन साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज करके आरोपितों की तलाश कर रही थी। दो आरोपित जेल में हैं, अपराध शाखा के निरीक्षक चंदन कुमार ने बताया कि मुख्य आरोपित को गिरफ्तार करके न्यायालय भेज दिया गया।

# सात दिनों के अंदर पूरी हो तटबंध की मरम्मत

- डीएम-एसपी ने करमैनी-बेलौली बांध का किया निरीक्षण
- बांध की मरम्मत कार्य में शिथिलता को लेकर जताई नाराजगी

**जागरण संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीर नगर:** मेंहदावल के उत्तरी कछार में स्थित 19.2 किमी लंबे करमैनी-बेलौली बांध का शनिवार को जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व एसपी सोनम कुमार ने जायजा लिया। ड्रेनेज खंड के अधिकारियों को सात दिन के अंदर कार्य पूरा करवाने का सख्त निर्देश देने के साथ ही लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

डीएम ने बांध पर पहुंचकर संवेदनशील स्थानों का जायजा लिया। इस दौरान रैटहोल व रेनकट नहीं मिला। बांध के किनारे बोल्डर भारी मात्रा में बिछे मिले और स्पर की मरम्मत करते मजदूर दिखे। जिलाधिकारी ने बाढ़ चौकियों को सक्रिय करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वर्षा का समय चल रहा है। पिछले वर्ष नदी का पानी खतरे के निशान से दो मीटर ऊपर पहुंच गया था। उस समय बांध के टूटने का खतरा हो गया था। उन्होंने समय रहते बांध के मरम्मत का कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बांध के मरम्मत में देरी हुई तो संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।



मेंहदावल के करमैनी-बेलौली बांध के मरम्मत का जायजा लेती डीएम दिव्या मित्तल, साथ में एसपी सोनम कुमार व ड्रेनेज खंड के अधिकारी • जागरण

जिलाधिकारी ने बताया कि बांध पर कराए गए कार्यों का लोक निर्माण विभाग द्वारा भी जांच कराया गया है। उन्होंने उपजिलाधिकारी मेंहदावल योगेश्वर सिंह को नियमित बांध का जायजा लेने व प्रतिदिन रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।

# तीन तहसीलों में मामले आए 131, समाधान केवल 24 का

## संपूर्ण समाधान दिवस : निस्तारण में कोताही बरतने वाले अफसरों को जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने दी चेतावनी

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। शनिवार को जिले के तीनों तहसील मुख्यालयों पर संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। मेंहदावल में डीएम-एसपी ने फरियाद सुनी। खलीलाबाद में एडीएम, एएसपी और धनघटा में सीडीओ व एसडीएम ने लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 131 मामले आए। इसमें से 24 मामलों का ही मौके पर निस्तारण हो पाया।

डीएम दिव्या मित्तल और एसपी सोनम कुमार ने मेंहदावल तहसील के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 36 मामले आए और सिर्फ पांच मामलों का मौके पर निस्तारण हो पाया। डीएम दिव्या मित्तल ने कहा कि समाधान दिवस के जो भी मामले लंबित हैं, उसका निर्धारित समय के भीतर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण होना जरूरी है। शासन की मंशा है कि फरियादियों की समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनी जाएं और उसका सम्यक निस्तारण हो। इसमें किसी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं है। जिसके स्तर से शिकायतों के निस्तारण में कोताही बरती जाएगी, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



खलीलाबाद में फरियादियों की समस्या सुनते एडीएम। संवाद





धनघटा में समस्याएं सुनते सीडीओ। संवाद

### एक घंटे के भीतर हुआ काम, खुश हुए फरियादी

खलीलाबाद में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कोड़रा गांव के रवींद्र कुमार पहुंचे। उनके पिता बालिम यादव की मौत हो गई थी। वरासत हुआ था, लेकिन खतौनी में नाम दर्ज नहीं हो पाया था। एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी ने तत्काल खतौनी में नाम दर्ज कराया। इसी तरह देवरिया गांव के राजेश कुमार पहुंचे और बताए कि वर्ष 2016 से खतौनी में नाम गड़बड़ है। एसडीएम ने राजस्व संहिता की धारा 32/38 के तहत एक घंटे के भीतर खतौनी में नाम दुरुस्त करा दिया। एसडीएम ने बताया कि एक घंटे के भीतर फरियादियों की समस्या का निस्तारण कराया गया। आवेदक को खतौनी भी उपलब्ध करा दी गई। दोनों आवेदक खुश होकर गए।

एसपी सोनम कुमार ने कहा कि राजस्व संबंधी मामलों में राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण कराए। इसमें राजस्व और पुलिस कर्मी आपसी समन्वय स्थापित करके फरियादियों की समस्या का निस्तारण कराएं। इस दौरान एसडीएम योगेश्वर सिंह, सीओ अंबरीष भदौरिया, सीएमओ डॉ. इंद्रविजय विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

इसी तरह खलीलाबाद तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम मनोज कुमार सिंह, एएसपी संतोष सिंह और एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। यहां कुल 70 मामले आए और 16 मामलों का मौके पर निस्तारण करा दिया गया।

एडीएम ने शेष मामलों को संबंधित अधिकारियों को समय सीमा के भीतर निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए। धनघटा तहसील में सीडीओ अतुल मिश्र और एसडीएम डॉ. रवींद्र कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। यहां कुल 25 मामले आए। तीन मामलों का ही निस्तारण मौके पर हो पाया।

**अनुपस्थित आठ अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोकने का निर्देश :** खलीलाबाद में सहायक अभियंता विद्युत, बीईओ खलीलाबाद, एडीएम कृषि खलीलाबाद, सेमरियावां, बघौली, एडीओ समाज कल्याण खलीलाबाद व सेमरियावां के अलावा क्षेत्रीय वनाधिकारी अनुपस्थित रहे।

एडीएम मनोज कुमार सिंह ने बताया कि अनुपस्थित इन अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित लोगों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# बेहोश मिली युवती को पुलिस ने भेजवाया अस्पताल

**मगहर।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित दुर्गा मंदिर चौराहे मगहर से 100 मीटर उत्तर घघसरा रोड के किनारे झाड़ी के पास शनिवार को एक युवती बेहोशी की हालत में मिली।

चौकी इंचार्ज बलराम पांडेय ने बताया कि शनिवार को दुर्गा मंदिर के उत्तर घघसरा रोड पर 100 मीटर आगे सड़क के किनारे झाड़ी के पास एक 23 वर्षीय युवती बेहोशी की हालत में मिली। युवती जींस व शर्ट पहने थी। पुलिस ने युवती को 108 नंबर एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल खलीलाबाद में भर्ती कराया। होश आने के बाद पूछताछ की गई तो युवती जनपद महराजगंज के पनियरा क्षेत्र की रहने वाली निकली। बताया कि वन स्टॉप सेंटर पर युवती ने काफी हंगामा किया और गोरखपुर में रहने की बात कहकर चली गई। संवाद

# सामूहिक दुष्कर्म की दो महिला आरोपी गिरफ्तार

**धनघटा।** 15 दिन पर्व क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी से हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दो महिला आरोपियों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया। जबकि दो आरोपी पूर्व में ही जेल भेजे जा चुके हैं।

एसओ केडी सिंह ने बताया कि 15 दिन पूर्व क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई थी। इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। इस मामले में दो आरोपी पहले ही जेल भेजे जा चुके है। इसी मामले में आरोपी बनाई गं दो महिलाओं को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। बचे आरोपी की तलाश की जा रही है। संवाद

# डिजिटल वालंटियर्स बनाएंगे पुलिस व जनता में तालमेल

## बेहतर कार्य करने वाले बीट पुलिस ऑफिसर को मिलेगा पोल स्टार ऑफ द मंथ का पुरस्कार

शोभित कुमार पांडेय

**संतकबीरनगर।** एसपी ने जनता और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में पहल की है। डिजिटल वालंटियर की मदद जनता और पुलिस के बीच समन्वय स्थापित करने में ली जाएगी। बीट पुलिस ऑफिसर के कार्य व्यवहार के बारे में ट्विटर के माध्यम से आमजनता से फीड बैक लिया जाएगा।

अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस महकमे में थाने स्तर पर हर गांव में बीट पुलिस ऑफिसर की तैनाती की गई है। गांव स्तर पर ही पुलिस ने संभ्रांत लोगों की सूची बनाई है।

### जनता के फीडबैक से बीट ऑफिसर का तय होगा कार्य का पैमाना

इसमें प्रधान, पूर्व प्रधान, पूर्व सैनिक, सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी व कर्मी, चौकीदार, आशा कार्यकर्ता आदि को शामिल किया गया है। संभ्रांत लोगों का डिजिटल समूह भी बनाया गया है। गांव स्तर की हर तरह की सूचनाएं थाने के अलावा एसपी तक आसानी से पहुंचे, इसके लिए नई तकनीक का प्रयोग किया गया है।

डिजिटल वालंटियर के माध्यम से आमजन तक पुलिस की पकड़ मजबूत बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास है। जिले स्तर पर सीओ लाइंस राजीव यादव को इसका नोडल पुलिस अधिकारी बनाया गया है। ताकि गांव स्तर पर किसी संदिग्ध के पहुंचने, किसी तरह की घटना होने की आशंका या फिर विवाद हो जाने पर पुलिस तक सूचना आसानी से पहुंच सके। इसमें ट्विटर पोल की व्यवस्था की गई है। पुलिस डिजिटल वालंटियर ग्रुप के सदस्यों को लिंक भेजेगी। इसके साथ ही क्यूआर कोड भी उपलब्ध कराएंगी। डिजिटल वालंटियर उस लिंक और क्यूआर कोड को आमजन तक पहुंचाएंगे। आम जनता संबंधित गांव के बीट पुलिस ऑफिसर के बारे में ट्विटर अथवा क्यूआर कोड के जरिए अपनी राय देंगे। जनता के जरिए दिए गए फीडबैक से ही बीट पुलिस अधिकारी के कार्य का मापदंड तय होगा। इसके साथ ही बीट पुलिस अधिकारी का उत्तरदायित्व तय किया जाएगा।

क्यूआर कोड।

निगरानी के लिए फीडबैक सेल का गठन किया जाएगा। ऐसी नई व्यवस्था से पुलिस और जनता के बीच जहां बेहतर संबंध स्थापित होंगे, वहीं, बीट पुलिस ऑफिसर की कार्यप्रणाली के बारे में भी जानकारी हासिल हो सकेगी। इसके अलावा सूचनाओं के आदान-प्रदान से अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई करने में पुलिस को आसानी होगी। संवाद



*डिजिटल वालंटियर की मदद लेकर जनता के बीच समन्वय स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा। आम जनता से बीट पुलिस ऑफिसर का फीड बैक लिया जाएगा। फीड बैक सेल का गठन किया जा रहा है। बेहतर कार्य करने वाले बीट पुलिस ऑफिसर को पोल स्टार ऑफ मंथ का पुरस्कार भी दिया जाएगा। आम जनता के माध्यम से ही संबंधित थाने के एसओ की कार्यप्रणाली के बारे में भी जानकारी हासिल होगी। मकसद पुलिस और जनता के बीच समन्वय स्थापित करना तो है ही, इसके साथ ही बेहतर पुलिसिंग के जरिए अपराध एवं अपराधियों पर रोक लगाना भी है। -सोनम कुमार, एसपी*

# जुआ खेलते तीन को पुलिस ने पकड़ा

संतकबीरनगर। बखिरा पुलिस ने शनिवार को जुआ खेलते तीन जुआरियों को पकड़ा।

एसओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि नंदौर फतेपुर बगल स्थित बगीचे में पकड़े गए जुआरी जुआ खेल रहे थे। मौके से 3500 रुपये मालफड़ से और 720 रुपये तलाशी में व ताश की गड्डी मिली। पूछताछ में पकड़े गए जुआरियों की पहचान विकास निवासी पड़रिया थाना बेलहर कला, समसुद्दीन निवासी सईं बड़हरा, शमीम निवासी नंदौर थाना बखिरा के रूप में हुई।

पकड़े गए जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। जुआरियों को पकड़ने वाली पुलिस टीम में एसआई संजय यादव, कांस्टेबल कपिलदेव गौड़, कांस्टेबल मनीष यादव, कांस्टेबल मुन्नेलाल यादव शामिल रहे। संवाद

# 10 दिनों में पूरा करें बांधों पर चल रहा कार्य : डीएम

## डीएम-एसपी ने किया करमैनी-बेलौली बांध का निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी



करमैनी-बेलौली तटबंध का निरीक्षण करतीं डीएम और एसपी। संवाद

**संतकबीरनगर।** डीएम दिव्या मित्तल व एसपी सोनम कुमार ने मेंहदावल क्षेत्र में राप्ती नदी के करमैनी-बलौली तटबंध पर चल रहीं नवीन बाढ़ परियोजनाओं और कटान से प्रभावित संवेदनशील बंधे करमैनी, जोरवा, बेलौली आदि का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने परियोजना के समस्त कार्यों को 10 दिनों के अंदर प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस बाढ़ चौकी बढ़या ठाठर का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाढ़ से बचाव की तैयारियों एवं अब तक किए गए निर्माण कार्यों आदि के बारे में सहायक अभियंता ड्रनेज खंड-दो रामउजागिर से जानकारी प्राप्त की। डीएम ने कहा कि संभावित बाढ़ को देखते हुए क्षतिग्रस्त तटबंधों की मरम्मत आदि का कार्य पूर्ण करा लिया जाए। इसकी समय-समय पर विभागीय अधिकारियों द्वारा अनिवार्य रूप से निगरानी की जाए। कहा कि तटबंधों की सुरक्षा व निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी व ठेकेदार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहा कि आवश्यकतानुसार बाढ़ के समय विस्थापित लोगों के आश्रय स्थल का चयन पहले से ही कर लिया जाए। उन्होंने बाढ़ प्रबंधन के संबंध में विभागीय अधिकारियों को बाढ़ से निपटने के लिए अपनी कार्य योजना को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बंधों के अतिसंवेदनशील तथा संवेदनशील स्थानों के बारे में जानकारी लेते हुए बाढ़ से बचाव के लिए विभिन्न विंदुओं पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अधिशासी अभियंता ड्रनेज खंड-दो अजय कुमार, जूनियर इंजीनियर वीरेंद्र कुमार, अर्जुन प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

### किसी प्रकार की अनियमितता मिलने पर होगी कार्रवाई : डीएम

# फर्जी मिले छह अध्यापकों पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश

## एसटीएफ की रिपोर्ट पर महानिदेशक स्कूली शिक्षा अभियान ने कार्रवाई कर मांगी रिपोर्ट

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** एसटीएफ की रिपोर्ट में जिले के छह प्राथमिक शिक्षक फर्जी अंकपत्रों के सहारे नौकरी करते हुए पाए गए हैं। जांच में मामला सही मिला है।

महानिदेशक स्कूली शिक्षा अभियान ने एसटीएफ की रिपोर्ट पर जिले के छह परिषदीय शिक्षकों पर मुकदमा दर्ज कराने का आदेश बीएसए को दिया है। विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। महानिदेशक स्कूली शिक्षा अभियान विजय किरण आनंद ने बीएसए को भेजे पत्र में कहा है कि अपर पुलिस महानिदेशक एसटीएफ ने फर्जी एवं अनियमित नियुक्ति के संबंध में प्रदेश के 176 शिक्षकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने का विवरण भेजा है। इसमें संतकबीनगर जिले में छह शिक्षक शामिल हैं। इनमें प्राथमिक विद्यालय नाथनगर, बघौली ब्लॉक के एक विद्यालय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय पिपरा बघौली, प्राथमिक विद्यालय माधोपर बघौली, प्राथमिक विद्यालय चिकानी नाथनगर, प्राथमिक विद्यालय गौरापार में तैनात एक-एक शिक्षक शामिल हैं। इन शिक्षकों पर प्राथमिकी दर्ज कराते हुए उसकी सूचना व प्राथमिकी की छायाप्रति अपर पुलिस महानिदेशक एसटीएफ को भेजना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की जाएगी।

*जिले में छह शिक्षकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश मिला है। इनमें एसटीएफ की रिपोर्ट पर पांच शिक्षकों को बर्खास्त करते हुए पहले ही केस दर्ज करा दिया गया है। इन शिक्षकों के खिलाफ जांच प्रक्रिया पुलिस के जरिए चल रही है। एक शिक्षक पर विभागीय कार्रवाई चल रही है। जल्द ही उस पर भी केस दर्ज करा दिया जाएगा। सभी रिपोर्ट एसटीएफ को भेजी जा रही है।*

*- दिनेश कुमार, बीएसए*

# GONDA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 03-07-2022

# नए एसपी बनाए गए आकाश तोमर

गोण्डा, संवाददाता। आईपीएस अफसर आकाश तोमर को गोण्डा का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। शासन ने शनिवार को गोण्डा के एसपी संतोष कुमार मिश्रा का तबादला मिर्जापुर जिले में एसपी के पद पर कर दिया है।

- 21 आईपीएस अफसरों के साथ जिले के एसपी भी बदले
- सहारनपुर के एसएसपी रहे आकाश तोमर, यहां संभालेंगे चार्ज



नए एसपी आकाश तोमर।

शासन की ओर से शनिवार दोपहर 21आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इसमें गोण्डा एसपी भी शामिल हैं। जिले के एसपी रहे संतोष कुमार मिश्रा को शासन ने हटा दिया है। संतोष कुमार मिश्रा को एसपी मिर्जापुर के पद पर भेजा गया है। उनके स्थान पर सहारनपुर के एसएसपी आकाश तोमर को लाया गया है। मूल रूप से अलीगढ़ के रहने वाले आकाश तोमर की गिनती तेज तर्रार अधिकारियों में की जाती है। 2013 बैच के आईपीएस अफसर आकाश तोमर कई जिलों में एसपी और एसएसपी रह चुके हैं।

# शिकायतें आईं 149, निस्तारित 12 की गईं

गोण्डा, संवाददाता। शासन की मंशानुरूप जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिले के सभी तहसीलो में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील सदर गोण्डा में जिलाधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार, पुलिस अधीक्षक सन्तोष कुमार मिश्र ने फरियादियों की समस्याओं को सुना।

शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को दिया गया। तहसील सदर गोण्डा में कुल 149 प्रार्थन पत्र प्राप्त हुये जिसमें 12 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया, शेष प्रार्थना पत्रों को

- समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुना
- अवैध अतिक्रमण, तालाब व कब्जे के मामले में टीम गठन के निर्देश

सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित करते हुये निर्देशित किए हैं कि निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारिण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब, जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली के अतिक्रमण को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायत कर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी भी करें। इसके साथ ही पूर्व में आयोजित तहसील दिवस में प्राप्त हुए प्रार्थना पत्रों की समीक्षा की गई।

## प्रशासन ने अतिक्रमण ढहाया, उधर कब्जा

तरबगंज। अवैध अतिक्रमणकारियो के हौसले प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं, ऐसा ही एक मामला शनिवार को समाधान दिवस में प्रकाश में आया है। जहां पर तहसील प्रशासन द्वारा सार्वजनिक रास्ते पर हुए अवैध निर्माण को ढहाया गया था। लेकिन दबंगों ने पुनः अतिक्रमण कर लिया। लिलोई खुर्द निवासी पीड़ित भवानी शरण ने बताया कि पक्की सड़क से जोड़ने वाले संपर्क मार्ग पर दबंगो ने पक्का निर्माण कर मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है। पीड़ित ने बताया कि वर्ष 2004 में एमएलसी निधि से निर्मित संपर्क मार्ग पर पूर्व में हुई अवैध कब्जे की शिकायत पर प्रशासन ने इसे बुलडोजर से ढहा दिया था लेकिन दबंगो ने पुनः रास्ते पर पक्का निर्माण कर लिया है। सीडीओ ने मामला गंभीरता से लिया।



शनिवार को समाधान दिवस मौके पर सदर तहसील में फरियादियों को सुनते डीएम व एसपी। ●हिन्दुस्तान

# जालसाजी करने के आरोपी को किया गिरफ्तार

गोण्डा। मनकापुर पुलिस ने जालसाजी करने के आरोपी छपिया थाना क्षेत्र के पायरखास गांव निवासी अरुण कुमार द्विवेदी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि उस पर एक पेट्रोल पम्प पर मैनेजर पद पर रहते हुए जालसाजी व धोखाधड़ी का आरोप था। पुलिस इस मामले में उसकी सरगर्मी से तलाश भी कर रही थी।

# 49 शिकायतों में 12 का निपटारा

## डीएम-एसपी ने सुनी फरियाद

संवाद न्यूज एजेंसी



गोंडा के सदर तहसील में जनसमस्याएं सुनते डीएम व एसपी। -संवाद

गोंडा। शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील सदर में जिलाधिकारी डॉ. उज्जवल कुमार, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। यहां कुल 149 प्रार्थना पत्र आए, जिसमें से 12 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष शिकायतों को जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि अतिक्रमण के मामले में राजस्व कर्मी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। कहा कि तालाब पर अवैध कब्जा, चकरोड, नाली के अतिक्रमण को तत्काल खाली कराया जाए। टीम जब पहुंचे तो शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी करें। साथ ही पूर्व में आयोजित तहसील दिवस में प्राप्त हुए प्रार्थना पत्रों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी रोहित भारती, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार चौधरी, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी जेपी यादव आदि उपस्थित रहे।

# हत्यारे पति को दस साल की सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** इटियाथोक थाना क्षेत्र के दहेज हत्या के चार साल पुराने मामले में अपर सत्र न्यायाधीश सप्तम ने आरोपी पति को दस साल कठोर कारावास और 15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।



अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ओम प्रकाश शुक्ला व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अभिनव चतुर्वेदी के अनुसार धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रुद्रगढ़ नौसी निवासी सोमई ने 29 मार्च 2018 को इटियाथोक थाने में तहरीर देकर कहा कि उसकी बेटी पूनम देवी (20) की शादी 15 मई 2017 को राजाराम निवासी ग्राम सरकान्ड थाना इटियाथोक से हुई थी। शादी के बाद से दामाद राजाराम दहेज में बाइक व सोने की चेन की मांग पर आए दिन लड़की को प्रताड़ित करता था। 28 मार्च 2018 को बेटी पूनम के देवर राहुल ने फोन करके बताया कि पूनम ने फांसी लगा ली है। सूचना पर जब वह अपनी पत्नी व अन्य लोगों के साथ सरकान्ड पहुंचा तो देखा कि पूनम को कमरे में तख्त पर लिटाए हैं। दहेज न मिलने पर लड़की को मारा गया है। तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर इटियाथोक पुलिस ने विवेचना की और दहेज की मांग को लेकर पत्नी की हत्या के आरोपी पति राजाराम के खिलाफ पुख्ता सबूत के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया। विचारण के दौरान न्यायालय ने अभियुक्त राजाराम के विरुद्ध दहेज हत्या का पुख्ता साक्ष्य मिलने पर दोषसिद्ध किया।

शनिवार को मामले में निर्णय सुनाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश सप्तम डॉ. दीनानाथ तृतीय ने अभियुक्त राजाराम को दहेज हत्या के अपराध में 10 साल कठोर कारावास और 15 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न जमा करने पर डेढ़ माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 03-07-2022

# तीनों तहसीलों में 239 शिकायतों में सिर्फ 29 का निस्तारण

**समाधान दिवस**

बलरामपुर, संवाददाता। फरियादियों की समस्याओं को दूर करने के लिए जुलाई माह के प्रथम शनिवार को जिले के तीनों तहसीलों में आयोजित समाधान दिवस मात्र खानापूर्ति बनकर रह गया है। तीनों तहसीलों में आए 239 शिकायतों में से मौके पर 29 का निस्तारण कराया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को तीन दिवस के अन्दर कराने का निर्देश दिया है। वहीं समाधान दिवस में कई ऐसे फरियादी दिखाई दिए जो पिछले तीन माह से लगातार शिकायत कर रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं।



समाधान दिवस में समस्याओं का निस्तारण करती डीएम श्रुति व एसपी राजेश कुमार

जिला स्तरीय समाधान दिवस का आयोजन सदर तहसील सभागार में किया गया। डीएम श्रुति व एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। कहा कि अवैध अतिक्रमण, नाली, चकमार्ग आदि मामलों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर जाकर विवाद का निस्तारण कराए। लेखपाल व राजस्व निरीक्षकों को निर्देशित किया कि सरकारी जमीनों पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण न होने दें।

डीएम ने कहा कि अधिकारी आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतें। इसकी निगरानी शासन स्तर पर की जा रही है। शिकायत लम्बित मिलने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। यहां पर आई 90 शिकायतों में से नौ शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए तीन दिन का समय अधिकारियों को दिया गया। इस अवसर पर एसडीएम राजेन्द्र बहादुर, सीएमओ डा. सुशील कुमार, डीडीओ गिरीश चन्द्र पाठक आदि मौजूद रहे।

## शिकायतों के बाद भी निस्तारण नहीं हो रहा

सदर तहसील में आयोजित समाधान दिवस में अपनी फरियाद लेकर आई मुरलीपुर निवासिनी चमेली ने बताया कि उसके पति की मृत्यु कई साल पहले हो गई है। पूर्व में उसे विधवा पेंशन मिल रहा था। कई माह पहले उसका पेंशन रुक गया। विधवा पेंशन प्राप्त करने के लिए वह पिछले चार बार से समाधान दिवस में प्रार्थना-पत्र दे रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। मैटहवा बुधीपुर निवासिनी शीला देवी ने बताया कि गांव के कुछ मनबढ़ उसकी जमीन पर कब्जा कर रहे थे। बीते 14 जून को जब वह रोकने गई तो मनबढ़ों ने उसे मारा-पीटा, जिसकी उसकी शिकायत उसने थाने पर की। कार्रवाई न होने पर वह लगातार उच्चाधिकारियों को प्रार्थना-पत्र दे रही है। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ।

# नौ वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**बलरामपुर।** देहात कोतवाली की पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नौ वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक विद्यासागर वर्मा ने शनिवार को बताया कि ढोढरी निवासी छोटू कश्यप, दन्नू कश्यप व मनीष कश्यप, रेहरवा के मजरा महादेव मिश्र निवासी अजय कुमार यादव, उदयभान व रामरूप यादव और हरिहरपुर के मजरा इब्राहिमपुर निवासी काशीराम मिश्र, रामपूरन मिश्र व रामधीरज मिश्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। संवाद

# पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम में प्रतिभाग करने की अपील

**बलरामपुर।** एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने जिले के लोगों से अपील किया है कि पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम में शामिल होकर अपने क्षेत्र के पुलिस की रैंक निर्धारित करने में मदद करें। शनिवार को उन्होंने बताया कि अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन की ओर से 12 जिलों में यह प्रक्रिया शुरू की गई है। आईजीआरएस, सोशल मीडिया, एफआईआर, एनसीआर, यूपी 112 व अन्य डिजिटल प्लेट फार्म से पुलिस के कार्य की रैंकिंग निर्धारित की जा रही है। संवाद

# मारपीट के दो अभियुक्तों को दो-दो साल का कारावास

बलरामपुर। एससी/एसटी एक्ट, गालीगलौज व मारपीट के मामले में दो अभियुक्तों को दो-दो साल के कारावास की सजा सुनाई गई है। दोनों पर 4500-4500 रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में दोनों को दो-दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने शनिवार को बताया कि नौ अप्रैल 2007 को देहात कोतवाली क्षेत्र के अड़ार-पाकड़ गांव में मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया था। संतोष कुमार ने विपक्षी जैजैराम व बबलू पर दीवार गिराने, गालीगलौज व मारपीट का आरोप लगाया था। मुकदमा दर्ज कर तत्कालीन सीओ सुखराम भारती को विवेचना सौंपी गई थी।

## 4500-4500 रुपए अर्थदंड जमा करने का आदेश

मौजूदा सीओ सिटी वरुण मिश्र, जिला मॉनीटरिंग सेल प्रभारी इंस्पेक्टर केके यादव, सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विजय कुमार आर्या व कोतवाली देहात के पैरोकार की तरफ से बेहतर ढंग से पैरवी करने पर न्यायालय से दोनों को दो-दो साल की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर न्यायालय ने 4500-4500 रुपये का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोनों को दो-दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। (संवाद)

# संपूर्ण समाधान दिवस में आए 239 फरियादी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** जिले की तीनों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। सदर तहसील सभागार में जिला स्तरीय और उतरौला व तुलसीपुर तहसील सभागार में तहसील स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। तीनों तहसीलों में कुल 239 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें सिर्फ 29 का मौके पर निस्तारण कराया गया। बाकी बचे शिकायती पत्रों को मौके पर जाकर पुलिस व राजस्व की टीम को गुणवत्तापूर्ण ढंग से तीन दिन में निस्तारित कराने का निर्देश दिया गया। सभी विभागों के पोर्टल पर शिकायतें अपलोड करा दी गई हैं।

## सदर तहसील में डीएम-एसपी ने सुनीं समस्याएं

## महज 29 मामलों का ही मौके पर निस्तारण



सदर तहसील सभागार में शनिवार को फरियादियों की समस्या सुनतीं डीएम श्रुति व अन्य। -संवाद

सदर तहसील सभागार में डीएम श्रुति व एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। भूमि विवाद, अतिक्रमण, नाली व चकरोड के मामलों का निस्तारण कराने के लिए डीएम ने पुलिस व राजस्व की टीम को मौके पर जाकर तीन दिन में निस्तारित कराने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा पाए जाने पर संबंधित लेखपालों व राजस्व निरीक्षकों को बख्शा नहीं जाएगा।

सदर तहसील के ग्राम गोसाईंपुरवा निवासी रामनरेश, बलदेव, लल्लू, कल्लू, शिवप्रसाद आदि ने डीएम को प्रार्थनापत्र दिया। इसमें बताया कि साल भर बाद भी राप्ती नदी की कटान से तबाह हुई जमीन का मुआवजा नहीं मिला। नदी में जमीन समाहित होने से खेती किसानी चौपट हो गई है। सेखुईकला के जगन्नाथ आदि ने खलिहान पर अवैध कब्जा होने की शिकायत की। डीएम ने नाराजगी जताते हुए सभी मामलों का समय से निस्तारण कराने का निर्देश दिया। जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 72 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें नौ का मौके पर निस्तारण कराया गया। तुलसीपुर तहसील सभागार में सीडीओ संजीव कुमार मौर्य ने तहसील स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान 90 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें नौ का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर एसडीएम मंगलेश दुबे व सीओ कुंवर प्रभात सिंह आदि मौजूद रहे। उतरौला तहसील सभागार में एडीएम राम अभिलाष ने तहसील स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में पीड़ितों की शिकायतें सुनीं। सादुल्लाहनगर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत मीरपुर के प्रधान सैयद इंतजार हुसैन उर्फ आरजू काजमी आदि ने एडीएम को प्रार्थनापत्र देकर गोशाला व चारागाह की जमीन पर जबरन रास्ता निकालने का आरोप लगाया।

एडीएम ने गोशाला व चारागाह की जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

# एसएसबी ने तस्करी की 20 क्विंटल नेपाली सुपारी पकड़ी

**जरवा (बलरामपुर)।** एसएसबी 9वीं वाहिनी बीओपी गुरंगनाका की टीम ने शनिवार को तस्करी कर मिनी ट्रक में लाई जा रही 20 क्विंटल सुपारी पकड़ी है। इसकी कीमत 22 लाख रुपये बताई जा रही है। माल को कस्टम अधिकारी बढ़नी, सिद्धार्थनगर के हवाले किया गया है। दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। बीओपी गुरंगनाका के इंस्पेक्टर मानिकचंद सरकार ने बताया कि शुक्रवार शाम गैसड़ी से तुलसीपुर आ रहे मिनी ट्रक को तुलसीपुर के इटवा चौराहा पर पकड़ा गया। ट्रक में नेपाल से तस्करी कर लाई जा रही 20 क्विंटल सुपारी भरी थी। मौके पर उन्नाव निवासी मोनू व सिद्धार्थनगर निवासी सत्येंद्र अग्रहरि को हिरासत में लिया गया है। बरामद माल की कीमत 22 लाख रुपये है। आरोपियों को माल व गाड़ी समेत अग्रिम कार्रवाई के लिए कस्टम अधिकारी बढ़नी, सिद्धार्थनगर के हवाले किया गया है। संवाद

BAHRAICH POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 03-07-2022

# 180 शीशी नेपाली शराब के साथ तीन गिरफ्तार

रुपईडीहा, संवाददाता। रुपईडीहा थाने की दो टीमों ने 180 शीशी नेपाली शराब के साथ दो महिलाओं सहित तीन को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार की रात साढ़े ग्यारह बजे थाने के एसआई प्रेम चंद यादव, हेड कांस्टेविल रवि सिंह, कांस्टेविल अशोक तिवारी व 42वीं वाहिनी एसएसबी की निबिया बीओपी के एएसआई एल जुगल सिंह, कांस्टेविल वीरेंद्र कुमार, शंकरलाल यादव व मुकेश कुमार बार्डर पर पिलर संख्या 650/16 से एक युवक को बोरी में नेपाल से शराब लाते हुए पकड़ लिया। इनमे 60 शीशी कर्णाली गोल्ड व 60 शीशी कर्णाली सौफी बरामद हुई।

इसी प्रकार थाना क्षेत्र के मकनपुर गांव के पास शनिवार की दोपहर लगभग दो बजे दो महिलाओं को बोरियों में नेपाली शराब सहित पकड़ लिया। महिलाओं की पहचान इसी थाने के मकनपुर निवासिनी माया देवी पत्नी स्व. बच्छराज व राजकुमारी पत्नी बृजेश वर्मा के रूप में हुई है।

## 15 ग्राम स्मैक सहित नेपाली युवक गिरफ्तार

रुपईडीहा। कस्बे से नेपालगंज जाते हुए एक नेपाली युवक को जैसपुर सीमा पुलिस चौकी के जवानों ने 15 .5 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया गया है। सीमा पुलिस चौकी इंचार्ज राजेन्द्र सिंह पुजारा ने बताया कि जवानों ने इस युवक की जामा तलाशी ली। काली पॉलीथिन में लिपटी स्मैक बरामद हुई है।

# 587 फरियादों में से सिर्फ 39 का हुआ निस्तारण

- पयागपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम पहुंचे
- प्रार्थना पत्रों का शीघ्र ही निस्तारण करने का निर्देश

बहराइच, संवाददाता। जिले की सभी तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवसों का आयोजन किया गया। तहसील पयागपुर में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने तहसील दिवस की अध्यक्षता की। समाधान दिवस में आए 587 फरियादों में से सिर्फ 39 का निस्तारण मौके पर किया जा सका। शेष वादों के निस्तारण के लिए डीएम व एसएसपी केशव कुमार चौधरी ने त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं।

तहसील नानपारा में सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 112 में छह, महसी में प्राप्त 25 में सात, पयागपुर में प्राप्त 230 में 15, मिहींपुरवा में प्राप्त 38 में एक, कैसरगंज में प्राप्त 125 में सात तथा तहसील सदर बहराइच में प्राप्त 57 में तीन प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी पयागपुर दिनेश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी पयागपुर राजीव कुमार सिसोदिया मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसके सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. चन्द्रपाल, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, जिला पूर्ति अधिकारी अनन्त प्रताप सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी उमाकान्त पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एमके सचान, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार, उप निदेशक कृषि टीपी शाही, पीडी डीआरडीए पीएन यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, थानाध्यक्ष व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



तहसील में फरियादियों की समस्याएं सुनते डीएम व एसएसपी।

## गोदभराई व बच्चों का अन्नप्रासन कराया

बहराइच। अफसरों ने विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया, और नौ गर्भवती महिलाओं मीना, शबनम, शहरबानो, रेशमा, सुमन देवी, भानवती, ननकई, आरती व खुशबू की गोदभराई व पांच बच्चों जान्हवी, ऋषभ पुत्र घनश्याम, पारुल, ऋषभ पुत्र मुराली व अतुल का अन्नप्रासन कराया।

# पैरोल पर छूटा फरार आरोपी गिरफ्तार

बलहा। लखनऊ की आदर्श जिला कारागार में जीआरपी लखनऊ चारबाग पुलिस की ओर से चोरी मामले में निरुद्ध आरोपी नानपारा कोतवाली के किला निवासी जमीलुद्दीन उर्फ पप्पू उर्फ जमालुद्दीन को कोविड 19 के चलते पैरोल पर रिहा किया गया था। निर्धारित समय पर आदर्श जिला कारागार में न जाने पर तलाश शुरू हुई। नानपारा कोतवाली को जानकारी दी गई। शुक्रवार शाम राजा बाजार पुलिस चौकी प्रभारी अमित प्रकाश, सिपाही रवि प्रकाश ने जमीलुद्दीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# सत्तार हत्याकांड में एक को आजीवन कारावास

बहराइच, संवाददाता। न्यायालय चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश, ईसी एक्ट मनोज कुमार मिश्रा ने सत्तार हत्याकांड में आरोपी को दोषसिद्ध होने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 20 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। जिसे अदा न किए जाने पर उसे छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। यह वारदात 1998 में हुई थी।

- 24 वर्ष पूर्व खेत में मवेशी पकड़कर ले जाते समय चाकू मारा था
- कोर्ट ने दोषसिद्ध अपराधी पर 20 हजार का जुर्माना लगाया

श्रावस्ती जिले के सोनवा थाने के तुरहनी रज्जब गांव निवासी सत्तार के खेत में नौ जनवरी 1998 में खेत में बकरी फसल का नुकसान कर रही थी। सत्तार बकरी पकड़ कर कांजी हाउस ले जा रहे थे। कुछ लोगों ने बकरी छुड़ाने का प्रयास किया। बकरी न छोड़ने पर गांव के ही अब्दुर्रहमान पुत्र मुमताज सत्तार के सीने पर ताबड़तोड़ चाकू से वार कर हत्या कर फरार हो गया था।

एडीजीसी क्रिमिनल सुनील कुमार जायसवाल ने बताया कि मृतक के पुत्र बुधई की तहरीर पर पुलिस ने अब्दुल रहमान को नामजद कर हत्या की धाराओं में केस दर्ज किया था। इस मामले में आरोपी की गिरफ्तारी हुई। पुलिस ने तहकीकात के बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। जिस पर विचारण शुरू हुआ। कोर्ट में गवाहों के बयान दर्ज हुए। कोर्ट ने गवाहों के बयान सुने। शनिवार को जज ने बचाव पक्ष व अभियोजन पक्ष से एडीजीसी क्रिमिनल सुनील कुमार जायसवाल के तर्कों को सुना। आरोपी अब्दुल रहमान पर दोष सिद्ध होने पर आजीवन सश्रम कारावास व 20 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। जुर्माना अदा न किए जाने पर छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

# चरस के साथ पकड़ा

रुपईडीहा। भारत की तरफ से नेपाल आ रहे व्यक्ति को जैसपुर सीमा पुलिस चौकी पर पकड़ लिया गया। उसके पास से स्मैक बरामद हुई। बांके पुलिस ने बताया कि पकड़े गये व्यक्ति की पहचान बांके के सिमलघरी निवासी अमन रोका के रूप में हुई है। जैसपुर सीमा पुलिस व एनसीबी की टीम ने अमन से 15.5 ग्राम चरस बरामद की है। संवाद

# कागज में आवास दै दिहा गवा, हकीकत मा नाय

संवाद न्यूज एजेंसी



पयागपुर तहसील में आयोजित समाधान दिवस में मौजूद डीएम व एसपी। -संवाद

**पयागपुर (बहराइच)।** डीएम साहब! मैं बहुत ही गरीब हूं। मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण कर रहा हूं। बरसात में छप्पर टपकता था। मेरे पिता मोहन ने प्रधानमंत्री आवास पाने के लिए फॉर्म भरा था। जब प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों की सूची आई तो पिता का भी नाम शामिल था।

सूची में नाम देखकर सुकून मिला था कि अब बरसात में भागना नहीं पड़ेगा, लेकिन सब कुछ उलटा हो गया। काफी दिन बीत गवा, लेकिन आवास नाय मिला। जब पता किया गवा तो बतावा गवा कि मोहन का प्रधानमंत्री आवास मिल चुका है। साहब आज भी घर छप्पर का है। पूरे गांव में हमरे पिता के सिवा कोई के नाम मोहन नाई है। ऐसे में आवास किका दै दिया गवा। कागज में आवास दै दिहा गवा, लेकिन हकीकत मा नाय। आवास दिलवाए देव साहब। यह दर्द पयागपुर तहसील क्षेत्र के मधनगरा गांव निवासी शंकर ने डीएम को सुनाया। पीड़ित की बातें सुन डीएम ने आश्वासन दिया कि जांच कराकर न्याय दिलाया जाएगा।

आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। पयागपुर तहसील में अध्यक्षता डीएम डॉ. दिनेश चंद्र व एसपी केशव चौधरी ने की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों का आह्वान किया कि संपूर्ण समाधान दिवस के आयोजन की उपयोगिता व सार्थकता बनाए रखें। इसके लिए प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें जिससे लोगों को राहत महसूस हो।

उन्होंने कहा कि बहराइच जैसे पिछड़े जनपद के लिए आवश्यक है कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को पूरी शिद्दत के साथ धरातल पर लागू किया जाए। डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण इस प्रकार से कराएं कि फरियादी भी की गई कार्रवाई से संतुष्ट हो जाएं और उन्हें दोबारा भाग-दौड़ न करनी पड़े। उन्होंने निर्देश दिया कि लंबित सभी संदर्भों का तत्काल निस्तारण कराया जाए। डीएम ने कहा कि देखने को मिल रहा है कि एक ही समस्या के लिए फरियादियों की ओर से एक से अधिक बार भी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गये हैं। ऐसे मामलों में अधिकारी पूरी संजीदगी के साथ कार्रवाई कर निस्तारण करा दें।

शिकायतों का अंबार देखकर डीएम ने एसडीएम पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि तहसील पर कोई दबाव नहीं है। लोग मनमानी कर रहे है। इन पर अंकुश लगाया जाए। कार्य में लापरवाही बरतने वाले लेखपालों पर कार्रवाई की जाए। इस मौके पर सीएमओ डॉ. एसके सिंह, डीआईओएस डॉ. चंद्रपाल, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडेय, जिला पूर्ति अधिकारी अनंत प्रताप सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी उमाकांत पांडेय, सीवीओ डॉ. एमके सचान, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार, उप निदेशक कृषि टीपी शाही, पीडी डीआरडीए पीएन यादव, बीएसए अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

**संपूर्ण समाधान दिवस में पयागपुर तहसील पहुंचे डीएम के सामने आया मामला**

### संपूर्ण समाधान दिवस में आईं शिकायतें

| तहसील | प्रार्थना पत्र | निस्तारण |
|---|---|---|
| नानपारा | 112 | छह |
| महसी | 25 | 07 |
| पयागपुर | 230 | 15 |
| मिहींपुरवा | 38 | एक |
| कैसरगंज | 125 | सात |
| सदर | 57 | तीन |

# बुलडोजर से ढहाया नाले का अतिक्रमण

संवाद न्यूज एजेंसी

**कब्जों की वजह से नहीं हो पा रही थी सफाई, नाला हो गया था चोक**



बुलडोजर से अतिक्रमण हटाते कर्मचारी। -संवाद

**जरवलरोड (बहराइच)।** जरवलरोड बाजार स्थित नाले पर अतिक्रमण के चलते हो रही समस्या का शनिवार को समाधान हो गया। प्रशासन ने बुलडोजर से कब्जे ढहा दिए। बता दें कि यहां पर क्षेत्र के कुछ लोगों ने अवैध तरीके से अतिक्रमण करते हुए दुकानें बना लीं थीं। इस वजह से नाले की सफाई का काम ठप था। नतीजतन नाला चोक हो गया था।

नाला चोक होने से हल्की सी बारिश होने पर भी पूरे बाजार व आसपास के इलाके में जलभराव की स्थित बन जाती थी। बाजार स्थित किसान इंटर कॉलेज के परिसर में भी पानी भर जाता था जिससे बच्चों को तो खासी परेशानी होती ही थी, कॉलेज के कमरों में सीलन भी हो गई थी। कॉलेज के प्रबंधक भूपेंद्र कुमार सिंह ने स्थानीय लोगों के साथ एसडीएम, कैसरगंज से मुलाकात कर शिकायत की थी। एसडीएम महेश कुमार कैथल ने ब्लॉक प्रमुख विपेंद्र प्रताप सिंह व खंड विकास अधिकारी के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की तो हकीकत सामने आ गई। उन्हें नाला चोक होने से जलभराव के हालात दिखे।

एसडीएम ने बंभौरा के ग्राम प्रधान को तत्कान बंद पड़े नाले की सफाई कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन नाले पर अतिक्रमण की वजह से काम नहीं हो पाया। इसके बाद एसडीएम ने अतिक्रमण हटाने के लिए चेतावनी जारी की थी। इस पर कुछ लोगों ने स्वेच्छा से दुकानें को हटा लीं थीं, लेकिन कुछ लोग नहीं माने। इसके बाद शनिवार को एसडीएम ने बुलडोजर चलवाकर कब्जे हटवा दिए।

# हसन ब्लड बैंक को भी खून सप्लाई करते थे तस्कर

## लखनऊ में पकड़े गये तस्करों ने किया है कुबूल, 15 दिन पहले ही मिला था लाइसेंस, रिसिया मोड़ पर हो रहा संचालन

संवाद न्यूज एजेंसी




रिसिया मोड़ पर मौजूद इसी ब्लड बैंक का नाम खून की तस्करी में सामने आया है। -संवाद

**बहराइच।** जिले के रिसिया मोड़ पर 15 दिन पहले शुरू हुआ हसन ब्लड बैंक खून की तस्करी को लेकर चर्चा में आ गया है। दरअसल, एसटीएफ ने शुक्रवार को लखनऊ में तस्करों को पकड़ा था। पूछताछ में तस्करों ने इस ब्लड बैंक को भी खून सप्लाई करने की बात कुबूल की थी।

इसके बाद से यह ब्लड बैंक भी एसटीएफ के रडार पर है। जाहिर है कि खून की तस्करी की आंच अब बहराइच तक पहुंच चुकी है। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इससे अनजान हैं। जांच कराकर कार्रवाई करने की बात जरूर कह रहे हैं। वहीं, जानकारों का कहना है कि बहराइच के ब्लड बैंक से तस्करों के तार जुड़े होने की बात सामने आई है। ऐसे में पूरी तराई में इसका जाल फैले होने की आशंका है।

जिले में सरकारी व निजी नर्सिंग होम में भर्ती मरीजों को जरूरत पड़ने पर जिला चिकित्सालय में स्थापित ब्लड बैंक से खून मुहैया कराया जाता है। निजी नर्सिंग होम में ब्लड संकलित करने व मरीजों को उपलब्ध कराने की कोई व्यवस्था नहीं है। वहीं, करीब 15 दिन पहले ही रिसिया मोड़ स्थित हसन ब्लड बैंक को रक्त संकलन करने व मरीजों को उपलब्ध कराने का लाइसेंस जरूर मिला है। यह लाइसेंस स्वास्थ्य विभाग की ओर से दिया गया है। इस ब्लड बैंक की ओर से समय-समय पर रक्तदान शिविर भी लगाए जाते रहे हैं। यह ब्लड बैंक खुलने से क्षेत्र के लोगों में भी काफी खुशी थी कि जरूरत पर रक्त मिलने में सहूलियत होगी, लेकिन लखनऊ में पकड़े गये तस्करों के कुबूलनामे के बाद सवाल उठने लगे हैं। तस्करों ने एसटीएफ को बताया है कि राजस्थान के कई ब्लड बैंकों के चिकित्सक व लैब टेक्नीशियन उनके संपर्क में थे। साथ ही वे चैरिटेबल ट्रस्टों के माध्यम से संचालित ब्लड बैंकों की ओर से आयोजित रक्तदान शिविरों में भी रक्त एकत्रित करते थे। इनमें से अधिकांश बैगों की इंट्री ब्लड बैंकों में नहीं की जाती थी। यही बैग तस्कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दूसरे राज्यों में बेच देते थे। तस्करों से बरामद ब्लड बैग रखने के लिए न तो फ्रीजर था और न ही इन पर एक्सपायरी की तिथि अंकित थी। ऐसे में यह रक्त पूरी तरह असुरक्षित था। इसे मरीज को देने से उसकी जान भी जा सकती थी।

**कॉल रिसीव की फिर काट दी**

इस मामले में हसन ब्लड बैंक के संचालक का पक्ष जानने के लिए कॉल की गई तो अटेंडेंट ने रिसीव की। प्रश्न पूछने पर उसने कहा कि संचालक से बात करा रहा हूं। इसके बाद कॉल काट दी। दोबारा कॉल की गई तो रिसीव नहीं हुई।

**कई तरह की जांचों से गुजरता है रक्त**

मरीज को देने से पहले रक्त की कई जांचें की जाती हैं। इनमें टीबी, मलेरिया, हेपेटाइटिस व एड्स समेत कई जांचें शामिल हैं। बिना जांच किए मरीज को रक्त देने से उसकी जान भी जा सकती है। चिकित्सक को पहले ही सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि रक्त की सभी जांचें कर ली गई हैं या नहीं।

-डॉ. जेपी मौर्य, प्रभारी ब्लड बैंक, जिला चिकित्सालय

**गड़बड़ी मिली तो होगी सख्त कार्रवाई**

हसन ब्लड बैंक को करीब 15 दिन पहले ही लाइसेंस दिया गया है। तस्करों ने इस ब्लड बैंक में भी रक्त की आपूर्ति करने की बात कही है। मामला काफी गंभीर है। जल्द ही जांच शुरू की जाएगी। कोई गड़बड़ी सामने आती है तो ब्लड बैंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-राजू प्रसाद, ड्रग निरीक्षक।

**तब मजदूरों को लालच देकर बनाया जाता था रक्तदाता**

जिले में वर्तमान में 15 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व 51 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित हो रहे हैं। इन सभी केंद्रों पर रक्त संकलित करने व मरीज को देने की कोई व्यवस्था नहीं है। जिला चिकित्सालय का ब्लड बैंक ही मरीजों को यह सुविधा प्रदान कर रहा है। जिले के किसी निजी नर्सिंग होम में भी ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। कुछ साल पहले तक जिला चिकित्सालय में अवैध रूप से रक्तदाताओं की संख्या बढ़ाने की कोशिश की जा रही थी।

ऐसे कामों वालों के निशाने पर ज्यादातर मजदूर वर्ग के लोग रहते थे। इन्हें कुछ पैसों का लालच देकर सिंडीकेट से जुड़े लोग रक्तदान के लिए मजबूर करते थे। हालांकि, लगातार शिकायतों के बाद जिम्मेदारों ने सख्ती बरती तो यह खेल खत्म हो गया था। अब एसटीएफ के खुलासे के बाद एक बार फिर से जिले में खून के अवैध धंधे का खेल उजागर हुआ है। जानकारों का कहना है कि बहराइच में आसपास के जिलों के अलावा नेपाल से भी काफी संख्या में मरीज आते हैं। ऐसे में रक्त की काफी जरूरत पड़ती है। शायद इसी वजह से बहराइच पर तस्करों की नजर है। आशंका जताई जा रही है कि जिस ब्लड बैंक का नाम उजागर हुआ है उसके अलावा भी अन्य जगह इन तस्करों की जड़ें हो सकती हैं। ऐसे में गहराई से जांच कर कार्रवाई करने की जरूरत है। संवाद

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 03-07-2022

# 299 में सिर्फ 24 शिकायतों का ही निकल पाया समाधान

## 17 हजार को मिला को मिला 13 करोड़ 23 लाख का पीएम फसल बीमा का लाभ

**समाधान दिवस**

**जमुनहा तहसील**

**97** प्रार्थना मिले जिसमें से नौ शिकायतों का निस्तारण

**इकौना तहसील**

**142** शिकायतें मिली जिसमें 12 शिकायतों का निस्तारण

**भिनगा तहसील**

**60** शिकायतें मिलीं जिसमें सिर्फ एक का ही समाधान

**श्रावस्ती, संवाददाता।** जमुनहा तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को 299 शिकायतें मिलीं जिसमें से मात्र 24 का शिकायतों का ही निस्तारण हो पाया। वहीं जिले के 17 हजार किसानों को पीएम फसल बीमा का लाभ मिला है। इस योजना के तहत 17 हजार किसानों के खाते में 13 करोड़ 23 लाख रुपये उनके खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजा गया है। डीएम नेहा प्रकाश व एसपी अरविन्द कुमार मौर्य ने जिले के बड़े पांच किसानों को स्वीकृत पत्र दिया।

जिसमें विकास खण्ड जमुनहा के करनपुर के निवासी रामेश्वर पुत्र काशीराम को दो लाख सात हजार 281 रुपये और बभनपुरवा के रामशंकर पुत्र गुरुप्रसाद को एक लाख 37 हजार 61 रुपये और वीरपुर निवासी इन्द्र प्रताप वर्मा पुत्र जिलेदार को एक लाख सात हजार 62 रुपये का स्वीकृत पत्र दिया गया। इसी तरह से जोगिया लक्ष्मनपुर के निवासी श्यामलाल पुत्र अवधराम को एक लाख तीन हजार 69 रुपये



जमुनहा समाधान दिवस की अध्यक्षता करतीं डीएम व एसपी

दिए गए। वहीं गिलौला के लाल केन्दुआ के निवासी महिला किसान तारावती पत्नी बाबूराम को 81 हजार 654 रुपये का प्रमाण पत्र प्रदान दिया।

डीएम ने कहा कि तहसील एवं ब्लाक स्तर पर तैनात अधिकारी अपने तैनाती स्थल पर प्रत्येक दशा में निवास करें, इससे शिकायतों के समाधान में सरलता होगी। डीएम ने कहा कि समाधान में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण मौके पर जाकर करें। सभी लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक इस बात का ध्यान रखें कि सरकारी जमीनों पर किसी प्रकार से कब्जा न होने पाए। एसपी अरविन्द कुमार मौर्य ने कहा पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के अन्दर करें।

## वृक्ष लगाओ जीवन को सुरक्षित बनाओ

**श्रावस्ती।** संपूर्ण समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने तहसील में पौधरोपण करके अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि वृक्ष लगाओ जीवन को सुरक्षित बनाओ। वन पृथ्वी पर जीवन के लिए अनिवार्य तत्व हैं, यह प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने में पूर्णतया सहायक होते हैं। इनसे अनेक सुविधाएं मिलती है और जल संचयन में भी सहायता होते हैं। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला, प्रभागीय वनाधिकारी एपी यादव, तहसीलदार जमुनहा मोहम्मद अहमद और फरीद खान सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# दहेज हत्या के आरोपित पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

**श्रावस्ती, संवाददाता।** कोतवाली पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी पति को गिरफ्तार किया। बीते 26 जून को आरोपी के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया गया था।

शनिवार को कोतवाली भिनगा के थानाध्यक्ष जीतेन्द्र कुमार सिंह ने दहेज हत्या के वांछित आरोपी इमरान को रामपुर ककरा चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। बीते दिनों नबीनगर निवासी सबीना खतून पत्नी इमरान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतक के पिता सगीर अहमद निवासी ग्राम मनवरिया भोजा थाना मल्हीपुर ने कोतवाली में तहरीर देकर पति इमरान, सास खातिरा, ससुर कोयले व ननद समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का आरोप लगाया था।

## अवैध कब्जे को हटाने गए पीड़ित को दबंगो ने खदेड़ा

**श्रावस्ती।** पोंदिला गांव निवासी दिनेश कुमार श्रीवास्तव की भूमि लक्ष्मणपुर सेमरहनिया में स्थित है। अपनी जमीन देखने पहुंचे दिनेश श्रीवास्तव को विपक्षी कैलाशनाथ ने पुत्र के साथ मारने के लिए खदेड़ लिया। पीड़ित ने मल्हीपुर थाने और एसडीएम को तहरीर देकर अवैध कब्जे को रोकवाने और जमीन के पैमाइस की गुहार लगाई है।

# अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** गिलौला थाने की पुलिस ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर रजापुरखुर्द मोड़ पर एक व्यक्ति की तलाशी ली।

तलाशी के दौरान व्यक्ति के कब्जे से एक अदद अवैध चाकू बरामद हुआ। बरामद चाकू को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान अनिल यादव पुत्र कुंदन यादव निवासी ग्राम रानीपुरकाजी थाना गिलौला के रूप में हुई। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया।

# पुलिसकर्मियों ने किया श्रमदान

**श्रावस्ती।** शनिवार सुबह पुलिसकर्मियों ने पुलिस लाइन में श्रमदान करके साफ सफाई की। प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह की देख रेख में पुलिस जवानों ने पुलिस लाइन परिसर और कमरों की सफाई की। इस मौके पर दर्जनों पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# पैदल गश्त कर दिया सुरक्षा का भरोसा

**श्रावस्ती।** विभिन्न थानों की पुलिस ने शनिवार को पैदल गश्त किया। पैदल गश्त के दौरान आम नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिया। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस को समय से जानकारी देने की अपील की।

# 20 लाख रुपये हड़पने का मुकदमा

संवाद न्यूज एजेंसी

## ग्राहकों की शिकायत पर बीसी एजेंट के खिलाफ मल्हीपुर पुलिस ने की कार्रवाई

**जमुनहा (श्रावस्ती)।** मल्हीपुर थाना क्षेत्र के जमुनहा रोड पटना स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के बीसी एजेंट द्वारा खाताधारकों का 20 लाख 87 हजार 611 रुपये गबन किया गया। जिसकी शिकायत क्षेत्रीय कार्यालय सहित एलडीएम से की गई। शिकायत के बाद बीसी एजेंट द्वारा पैसा वापस करने के लिए समय मांगा जा रहा है। जिसके विरुद्ध मल्हीपुर पुलिस ने जालसाजी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जमुनहा रोड पटना निवासी सतीश शर्मा बैंक ऑफ बड़ौदा का बीसी एजेंट है। जिस पर आरोप है कि उसके द्वारा बैंकिंग किओस्क (कस्टमर सर्विस प्वाइंट) खोलने एवं खातों में जमा-निकासी की सेवा दी जाती है। उसने किओस्क खोलकर प्रधानमंत्री जनधन योजना एवं अन्य छोटे बचत खाता खोलने का कार्य किया है। जिसमें ग्राहकों के पहचान पत्र आदि कागज प्राप्त कर ग्राहक की उंगलियों के निशान सॉफ्टवेयर में दर्ज कर आधार नंबर के माध्यम से उंगलियों के निशान सत्यापित कर खाता खोल रखा है।

जिसके द्वारा पैसा जमा करने वालों का पैसा न जमा कर उन्हें फर्जी रशीद दी जा रही है। इतना ही नहीं लोगों की उंगलियों के निशान के माध्यम से लोगों के खातों से जमा पैसा भी निकाला गया है। जिसने अब तक विभिन्न खाताधारकों के खातों से 20 लाख 87 हजार 611 रुपये का गबन कर रखा है। इसकी शिकायत उपभोक्ताओं द्वारा शिवगढ़ कला के शाखा प्रबंधक सहित अग्रणी बैंक प्रबंधक व क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ में की गई।

जांच में आरोप की पुष्टि के बाद शाखा प्रबंधक द्वारा मामले की जांच की गई तो इसका खुलासा हुआ। इसके बाद अब बीसी एजेंट लोगों का पैसा वापस करने के लिए समय मांग रहा है। मामले में शाखा प्रबंधक की तहरीर पर मल्हीपुर पुलिस ने सतीश शर्मा के विरुद्ध जालसाजी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है। आरोप की पुष्टि होने पर कार्रवाई की जाएगी।

# तैनाती स्थल पर ही निवास करें अफसर: डीएम

## तहसील दिवस में आए 299 मामले, निपटे सिर्फ 24

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** जिले की तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान कुल 299 मामले आए। इनमें से 24 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जमुनहा में आयोजित तहसील दिवस की अध्यक्षता डीएम ने की। जहां उन्होंने अधिकारियों को अपने कार्यालय में बैठकर जन शिकायत सुनने व उसका निस्तारण करने का निर्देश दिया।

इस दौरान जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने कहा कि मामलों का निस्तारण कागज में ही नहीं धरातल पर दिखे। तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर तैनात अधिकारी अपने तैनाती स्थल पर प्रत्येक दशा में निवास करें। फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण मौके पर जाकर किया जाए। भूमि विवाद के मामले राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर करे।

एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने चेतावनी दी कि यदि किसी भी थाना क्षेत्र से कोई फरियादी किसी थानाध्यक्ष पर शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने की शिकायत करता है तो संबंधित थानाध्यक्ष पर दंडात्मक कार्रवाई होगी। भिनगा में मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह व इकौना में अपर जिलाधिकारी कमलेश चंद्र ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया। इस दौरान जमुनहा में 97 के सापेक्ष मौके पर नौ शिकायतों का निस्तारण किया गया। वहीं इकौना में 142 के सापेक्ष 12 व भिनगा में 60 शिकायतों में से तीन शिकायतों का निपटारा किया गया। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल व फरियादी मौजूद रहे।



जमुनहा में फरियाद सुनतीं डीएम। -संवाद

### प्रधानमंत्री फसल बीमा के लाभार्थियों को मिला क्षतिपूर्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र

**श्रावस्ती।** जिले के 17 हजार किसानों की खरीफ फसल नष्ट हो गई थी। उन्हें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 13 करोड़, 23 लाख रुपये उनके खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी गई है। शनिवार को जमुनहा तहसील में मौजूद डीएम व एसपी ने क्षेत्र के पांच किसानों जिनकी फसल को अधिक नुकसान हुआ था। उन्हें क्षतिपूर्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किया। इसमें करनपुर निवासी रामेश्वर को 02 लाख 07 हजार 281 रुपये, बभनपुरवा निवासी रामशंकर को 01 लाख 37 हजार 61 रुपये, वीरपुर निवासी इंद्र प्रताप वर्मा को 01 लाख 07 हजार 62 रुपये, जोगिया लक्ष्मनपुर निवासी श्यामलाल को 01 लाख 03 हजार 69 रुपये एवं गिलौला के लाल केंदुआ निवासी महिला किसान तारावती को 81 हजार 654 रुपये का स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस दौरान सभी अधिकारी मौजूद रहे। संवाद

## पौधे लगाओ, जीवन को सुरक्षित बनाओ

### जमुनहा तहसील परिसर में डीएम व एसपी ने किया पौधरोपण

**श्रावस्ती।** जमुनहा तहसील में शनिवार को समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिसमें शामिल होने पहुंचे डीएम ने एसपी सहित अन्य अधिकारियों के साथ तहसील परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने जिलेवासियों से जीवन को सुरक्षित बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधे रोपने करने की अपील की।

पौधरोपण के दौरान जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने कहा कि पौधे लगाओ, जीवन को सुरक्षित बनाओ। वन पृथ्वी पर जीवन के लिए अनिवार्य तत्व हैं, यह प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने में सहायक होते हैं। पेड़ ऑक्सीजन के स्रोत हैं। वह कार्बन डाईआक्साइड ग्रहण कर ऑक्सीजन छोड़ते हैं। कार्बन डाईआक्साइड लेने के अलावा पेड़ सल्फर डाईआक्साइड और कार्बन मोनोआक्साइड सहित कई हानिकारक गैसों को भी अवशोषित कर वातावरण से हानिकारक प्रदूषक को भी स्वच्छ करते हैं। जिससे हमें ताजा और साफ-सुथरी हवा सांस लेने के लिए मिलती है।

डीएम ने जिलेवासियों से अपील है कि वह अधिक से अधिक पौधे लगायें और उनकी बेहतर ढंग से देखभाल भी करें। जिससे पौध बड़े होकर धरा के भूषण बन सकें। एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने कहा कि जैसे अपने बच्चों का पालन-पोषण कर बड़ा किया जाता है, ठीक उसी तरह से लगाये गए पौधों की भी देखभाल की जाए। जिससे यह सुरक्षित रह सकें। क्योंकि इनसे अनेक प्रकार की सुविधाएं मिलती हैं। साथ ही यह जल संचयन में भी सहायक होते हैं। लोगों को चाहिए कि वह अपने घर के आसपास एवं खाली भूमि पर पौधे अवश्य लगायें, ताकि हम सभी को स्वच्छ वायु मिलती रहे।



जमुनहा तहसील परिसर में पौधरोपण करतीं डीएम व एसपी साथ में अन्य अधिकारी। -संवाद

इस दौरान उपजिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला, प्रभागीय वनाधिकारी एपी यादव, तहसीलदार मोहम्मद अहमद फरीद खान, जिला विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, परियोजना निदेशक इंद्रपाल सिंह, उपनिदेशक कृषि कमल कटियार सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। संवाद

# महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



इकौना (श्रावस्ती)। एसपी अरविंद कुमार मौर्य के निर्देश पर महिला बीट पुलिस अधिकारी, शक्ति मोबाइल व नारी सुरक्षा दल की ओर से इकौना थाना क्षेत्र के रामू पुरवा, सलवरिया व पक्के कुआं में चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला आरक्षी संज्ञा भारती द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को वीमेन पावरलाइन 1090 व उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून के बारे में जानकारी दी गई। वहीं महिला आरक्षी अर्जिता यादव व सोनी द्वारा महिला हेल्पलाइन 181, चिकित्सीय सहायता-108, पुलिस कंट्रोल नंबर 112 के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही टीम द्वारा नवीन मॉडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती में भ्रमण कर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया। (संवाद)

# शांतिभंग के आरोप में छह गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने शुक्रवार रात विशेष अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने छह लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। (संवाद)

# 37 वाहनों का चालान

श्रावस्ती। जिला पुलिस ने शनिवार को विभिन्न चेकपोस्ट व बैरियर पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 37 वाहनों की जांच कर पांच वाहनों का ई चालान किया। इस मौके पर पुलिस ने 59,000 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। (संवाद)

# चाकू के साथ दबोचा

श्रावस्ती। गिलौला पुलिस ने शुक्रवार मुखबिर की सूचना पर राजापुर खुर्द मोड़ के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से पुलिस ने एक चाकू बरामद किया। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के रानीपुर काजी निवासी अनिल यादव के रूप में हुई। (संवाद)

# सात बोटा बरामद, नहीं दिखा सके परमिट

श्रावस्ती। धर्मतापुर चौकी प्रभारी शुक्रवार को हमराहियों के साथ गश्त पर निकले थे। इस दौरान उन्होंने मुखबिर की सूचना पर डोराबोझी निवासी नानबाबू को गिरफ्तार किया। जिसके पास से बिना परमिट के काटे गए नीम के सात बोटा बरामद किये गए। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। (संवाद)